खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 15° C

मुरादाबाद, गुरुवार 2 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 226 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 13 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में फॉर्मर रजिस्ट्री से जुड़ेगा हर किसान पेज 2



श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना खेल टाइम्स



हिन्दू पहचान बनाम क्षेत्रीय विकास मुकाबला, किसकी होगी जीत सम्पादकीय



ईरान जंग में शामिल हो सकता है यूएई पेज 12

# स्कूल बस की टक्कर से पिता व दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**तितावी (मुजफ्फरनगर)।** बुधवार दोपहर को एक भीषण सड़क हादसे में पिता और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ है। हादसे में एक महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। हादसे के वक्त बस में स्कूली छात्राएं मौजूद थी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर बस को लेकर खेत में घुस गया, जहां लोगों ने उसे पकड़ लिया। हादसा तितावी थाना क्षेत्र में हैदरनगर जलालपुर गांव पुल के पास हुआ।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव हैदरनगर-जलालपुर निवासी महिपाल उर्फ पापन (40) पुत्र प्रकाश कश्यप बुधवार दोपहर डेढ़ बजे के लगभग अपनी पत्नी पूनम और 5 साल के बेटे अभि और 8 साल की बेटी राधिका के साथ बघरा स्थित दुर्गा माता मंदिर पर लगने वाले चौदस के मेले के दौरान पूजा करने जा रहे थे। जब उक्त बाइक सवार गांव से आधा किलोमीटर चले ही थे कि इसी बीच तेजी -शेष पृष्ठ दो पर



**पत्नी गंभीर रूप से घायल, बाइक पर सवार होकर पूजा करने जा रहा था परिवार, बस चालक गिरफ्तार**

# अमेरिकी सैनिक दो-तीन हफ्ते में ईरान छोड़ देंगे

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव अब भी चरम पर है।

इसी उग्र हालात के बीच अब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ईरान में चल रहा अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन बहुत जल्द खत्म कर दिया जाएगा। अपने बयान में ट्रम्प ने आगे कहा कि अगले दो से तीन हफ्तों के अंदर अमेरिकी सेना वहां से निकल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से तेल और गैस लेने वालों अन्य देशों जैसे फ्रांस या चीन को अब खुद संभालना होगा। अमेरिका वहां किसी और चीज में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कट्टर और खतरनाक लोगों को नष्ट कर दिया और क्षेत्र अब अपेक्षाकृत सुरक्षित है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उनकी सरकार ईरान के साथ बातचीत भी कर रही है, लेकिन -शेष पृष्ठ दो पर



**ईरान में चल रहा अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन बहुत जल्द खत्म कर दिया जाएगा, एक माह से जारी जंग के बीच आया ट्रम्प का बयान**

## ब्रिटेन ने भी छोड़ा ट्रम्प का साथ, होर्मुज स्ट्रेट पर बुलाई 35 देशों की बैठक

**लंदन।** पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में सुलग रहा है। इजरायल और अमेरिका ने मिलकर सबसे पहले ईरान पर हमला किया। बदले में ईरान ने आसपास के सभी दुश्मन देशों को निशाना बनाया। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों से मदद की अपील की, लेकिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ईरान युद्ध में शामिल न होने के अपने रुख पर अडिग हैं। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के सैन्य अभियान में शामिल नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी संग्रह मार्च में 8.8% बढ़कर दो लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च 2026 में सालाना 8.8 प्रतिशत बढ़कर 2,00,064 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह में एक साल पहले के मुकाबले 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 22,27,096 करोड़ रुपये हो गया। मार्च के जीएसटी संग्रह में घरेलू राजस्व का योगदान 1,46,202 करोड़ रुपये रहा। इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आयात पर जीएसटी से प्राप्त राजस्व 17.8 फीसदी बढ़कर 53,861 करोड़ रुपये पर रहा। जीएसटी के तहत मार्च में 22,074 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया जिससे शुद्ध राजस्व संग्रह 1,77,990 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### यूपी में तेज बारिश, ओले भी गिरे

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। उत्तर प्रदेश में बुधवार सुबह बारिश हुई, 40 जिलों में अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में मथुरा, जालौन और कन्नौज में ओले गिरे। उधर मप्र में आधे प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बुधवार को इंदौर, उज्जैन-ग्वालियर समेत 29 जिलों में अलर्ट है। 4 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उसके बाद 15 अप्रैल से प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी। राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। जिसके चलते बारिश होगी। मंगलवार को पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।

### गांदरबल मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने कल रात से जारी मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकी को मार गिराया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना के अनुसार यह आतंकवादी गांदरबल के अराहामा इलाके में मंगलवार शाम को शुरू किए गए एक अभियान के दौरान मारा गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर बताया, 31 मार्च की रात को, रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच घेराबंदी को रणनीतिक रूप से फिर से व्यवस्थित किया गया। हमारे जवानों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकी मारा गया। अभियान अभी भी जारी है। मारे गए आतंकवादी की पहचान और वह किस संगठन से जुड़ा था, इसकी जानकारी तुरंत नहीं मिल पाई है।

# बंगाल में एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## शीर्ष अदालत ने कहा: ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए

**60 में से 47 लाख आपत्तियों का हुआ निपटारा, हाईकोर्ट ने दी जानकारी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए, ताकि वे मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने से जुड़े मामलों का निपटारा कर सकें। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार 100 प्रतिशत नाम शामिल करने या हटाने की मांग कर सकते हैं।

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि मंगलवार तक 60 लाख में से 47 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अदालत को बताया गया कि हर दिन करीब 1.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है और 7 अप्रैल तक सभी आपत्तियों का निपटारा कर लिया -शेष पृष्ठ दो पर

### भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** धार के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर से जुड़े विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने एएसआई सर्वे से संबंधित याचिकाओं पर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कहा कि मुस्लिम पक्ष अपनी सभी शिकायतों और साक्ष्यों की मांग को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट का रुख करे। मामले को लेकर वकील विष्णु शंकर जैन ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भोजशाला मामले के संबंध में, आज मौला कमालुद्दीन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में एक स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) दायर की गई थी। इस याचिका में मुख्य मांग यह थी कि एएसआई सर्वे के संबंध में 11 मार्च, 2024 के कोर्ट के आदेश के पालन में की गई वीडियोग्राफी की एक कॉपी उन्हें भी उपलब्ध कराई जाए।



### CISF अफसर की बर्खास्तगी मामले में केंद्र को फटकार 25 हजार का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक सीआईएसएफ अफसर की बर्खास्तगी से जुड़े मामले में केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि इस मामले में केंद्र की अपील गैरजरूरी थी और उस पर 25 हजार का जुर्माना लगाया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अधिकारी को दी गई सजा अनुपातहीन थी। कोर्ट ने उसे राहत देते हुए बैक वेज देने का भी आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि सरकार सबसे बड़ी मुकदमेबाज है और जब हाईकोर्ट ने राहत दे दी थी, तो सुप्रीम कोर्ट आने की जरूरत नहीं थी। मामले में सीआईएसएफ अधिकारी पर 11 दिन ड्यूटी से अबसेंट रहने और अपने भाई के साथ एक महिला के भागने में मदद करने के आरोप थे। हालांकि हाईकोर्ट ने पाया कि अधिकारी मेडिकल लीव पर था और महिला ने भी कहा कि उसे कोई शिकायत नहीं है।

# LIC को 3750 करोड़ का नुकसान पहुंचाने में अनिल अंबानी की कंपनी पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने बुधवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, इसके प्रमोटर अनिल अंबानी और कुछ अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ एक नया मामला दर्ज किया है। यह मामला भारतीय जीवन बीमा निगम को कथित तौर पर 3,750 करोड़ रुपये का गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से जुड़ा है।

यह जांच ऐसे समय में शुरू हुई है जब अनिल अंबानी पहले से ही कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ भारी धोखाधड़ी के मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। अधिकारियों के बयान के अनुसार, यह नया मामला एलआईसी की ओर से मिली शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। इसमें साजिश, धोखाधड़ी, पैसों की हेराफेरी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरकॉम और उसके प्रबंधन ने कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिसंपत्ति कवर के बारे में झूठे दावे किए। इन भ्रामक जानकारियों के आधार पर एलआईसी को 4,500 करोड़ रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर खरीदने के लिए धोखे से प्रेरित किया गया। एलआईसी की यह शिकायत बीडीओ इंडिया एलएलपी की ओर से 15 अक्टूबर, 2020 को की गई एक फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर आधारित है। इस रिपोर्ट में कंपनी के वित्तीय संचालन में कई गंभीर गड़बड़ियों को उजागर किया गया है। बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुटाए गए धन का दुरुपयोग किया गया और सहायक कंपनियों के माध्यम से इसकी हेराफेरी की गई। शेल संस्थाओं और इंटर-कंपनी डिपॉजिट्स के जरिये धन को सुनियोजित तरीके से बाहर निकाला गया। फर्जी बिलों की छूट, फर्जी देनदारों का निर्माण और फिर उन्हें बट्टे खाते में डालने जैसे कदम उठाए गए। सुरक्षा परिसंपत्तियों को बहुत अधिक बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया, जिससे कंपनी की संपत्ति और उन पर लगाए गए प्रभार के बीच भारी अंतर पैदा हो गया। इस पूरे मामले का प्रभाव केवल एलआईसी तक सीमित नहीं है, बल्कि देश का व्यापक बैंकिंग सेक्टर भी इसके दायरे में है। सीबीआई ने इससे पहले आरकॉम, अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ बैंकों से धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई 11 बैंकों के उस कंसोर्टियम का प्रमुख बैंक है, जिसने अनिल अंबानी समूह को कर्ज दिया था। 2013-17 के दौरान समूह की संस्थाओं के बीच जटिल लेन-देन के जरिये लोन फंड्स का डायवर्जन किया गया। 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कुल 19,694.33 करोड़ रुपये के एक्सपोजर में से अकेले एसबीआई को 2,929.05 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ था।



**अनिल अंबानी कई बैंकों के साथ धोखाधड़ी मामले में कर रहे कानूनी कार्रवाई का सामना**

# प्रीमियम डीजल 1.50 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर ₹195 तक महंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेज उछाल को देखते हुए देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने बुधवार को अपने प्रीमियम डीजल की कीमत में 1.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी।

दिल्ली में इंडियन ऑयल का प्रीमियम डीजल 'एक्सजी' बुधवार से 92.99 रुपये प्रति लीटर का मिल रहा है। इससे पहले इसकी कीमत 91.49 रुपये प्रति लीटर थी। इस प्रकार इसमें डेढ़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। उसके बाद, दिल्ली में एक्सपी 95 101.89 रुपये प्रति लीटर का बिक रहा है। वहीं तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी-भरकम बढ़ोतरी की घोषणा की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा। इसकी कीमत गत 7 मार्च को बढ़ाकर 1,883 रुपये की गई थी।

**कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल बना महंगाई का कारण**

### विमान ईंधन में आंशिक वृद्धि

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने विमान ईंधन की कीमतों में 115 प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी के कुछ ही देर बाद घरेलू विमान सेवा कंपनियों को राहत देते हुए उनके लिए सिर्फ आंशिक वृद्धि करने का फैसला किया। सरकार के स्तर पर हस्तक्षेप के बाद घरेलू एयरलाइंस को यह राहत दी गई है। दिल्ली में 01 अप्रैल से विमान ईंधन की कीमत 96,638 रुपये प्रति किलो लीटर से बढ़ाकर 2,07,341 रुपये प्रति किलो लीटर कर दी गई थी। दूसरे शहरों में भी लगभग इसी अनुपात में दाम बढ़ाए गए थे।

### दो जहाज 94000 टन एलपीजी लेकर पहुंचे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। यूएई से रसोई गैस लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं। पहला टैंकर बीडब्ल्यूटीवाईआर 31 मार्च को मुंबई पहुंचा। यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा। दूसरा टैंकर बीडब्ल्यूईएलएम एक अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा। इन दोनों जहाजों में करीब 94,000 टन एलपीजी और 50 से ज्यादा भारतीय नाविक भी मौजूद थे। अब तक 8 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं।










# अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाला बिल पास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने वाले 'आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2026' को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इस पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक पर करीब दो घंटे चर्चा चली जिसमें 13 से ज्यादा सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव इसमें रखे हैं और लगभग सभी सदस्यों ने इस विधेयक का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने को लेकर आंध्र प्रदेश विधानसभा ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था उस प्रस्ताव में अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने के लिए नामित कर अमरावती को राज्य की राजधानी बनाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार ने 2015 में इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए कहा था कि अमरावती राज्य की राजधानी होगी। इस संबंध में गत 28 मार्च को एक प्रस्ताव केंद्र सरकार ने पारित किया जिसमें अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में वैधानिक दर्जा देने के लिए यह पुनर्गठन संशोधन विधेयक लाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक में प्रावधान है कि आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती होगी। आंध्र प्रदेश विधानसभा के संकल्प को प्रभावी बनाने और प्रदेश की राजधानी अमरावती को वैधानिक रूप देने के लिए कुछ संशोधनों के साथ यह विधेयक लाया गया है। इस विधेयक के पारित होने से अमरावती आंध्र प्रदेश की वैधानिक राजधानी होगी।



**13 से ज्यादा सदस्यों ने रखे अपने महत्वपूर्ण सुझाव, सभी ने किया समर्थन**

## शादी के कुछ दिन बाद ही उजड़ गया घर
# सड़क हादसे में युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**स्योहारा।** ठाकुरद्वारा रोड पर देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। करीब 20 दिन पहले ही युवक की शादी हुई थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला इस्लामनगर चामुंडा निवासी विनीत कुमार (24 वर्ष) पुत्र महिपाल सिंह किसी काम से ठाकुरद्वारा रोड की तरफ जा रहा था। इसी दौरान नल तिराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।

एम्बुलेंस द्वारा घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि मृतक की शादी आठ मार्च को स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा में हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद हुए इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। घर में जहां हाल ही तक खुशियों का माहौल था। वहीं अब मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है और मौहल्ले में शोक व्याप्त है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। वहीं इस घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों और सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# शिक्षकों एवं कर्मचारियों का एनपीएस व यूपीएस के विरोध में प्रदर्शन

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**
**शेरकोट।** शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू एनपीएस, यूपीएस के विरोध में काली पट्टी बांधकर कर विरोध प्रदर्शन कर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरकोट के शिक्षकों व कर्मचारियों ने अटेवा के अध्यक्ष के आह्वान पर आज विद्यालय में हाथों पर काली पट्टी बांधकर एनपीएस व यूपीएस का विरोध जताया। इस मौके पर शिक्षक मौहम्मद आलम अंसारी ने कहा कि आज के दिन एक अप्रैल 2005 को राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन समाप्त कर एनपीएस को लागू किया। जिसके विरोध में समय-समय पर आंदोलन होते रहे हैं। सरकार को चाहिए की एनपीएस व ओपीएस को वापस लेकर पुरानी पेंशन बहाल करे। जिससे कर्मचारियों का हित हो सके और बुढ़ापे का सहारा बन सके। पेंशन एक संवैधानिक अधिकार है। जब देश में एक देश एक संविधान, तो पेंशन क्यों असमान।

इस मौके पर शमशाद हुसैन, शकील अहमद, रिहान अहमद, मौहम्मद आलम, मौहम्मद रिजवान, रईस अहमद, अरशद हुसैन खां, मौहम्मद शहजाद, अबरार अहमद सहित आदि शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क का निर्माण होने से मिलेगी राहत

**नजीबाबाद।** स्थानीय विनियमित क्षेत्र ने आदर्शनगर चौकी से बिजली घर तक मुख्य संपर्क मार्ग का भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, अरविंद विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान धूम सिंह, पत्रकार अवधेश शर्मा, राजपाल सिंह व क्षेत्र वासियों के प्रयास से निर्माण पूरा करा दिया है। चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से न केवल क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को लंबे समय से जलभराव व जर्जर रास्तों के कारण हो रही समस्याओं से भी निजात मिलेगी। प्राधिकरण द्वारा मास्टर प्लान के मानकों को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का निर्माण कराया गया है। रितेश सैन ने कहा कि सड़क की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति पैदा न हो। सड़क निर्माण से व्यापार व क्षेत्रवासियों की सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों ने इसके लिए एसडीएम व प्रशासन का आभार जताया है। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से यातायात सुगम होगा। सड़क चौड़ी होने से मुख्य बाजार व रिहायशी इलाकों के बीच वाहनों का आवागमन आसान होगा। सड़क पर किसी को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

### शराब की दुकान हटाने की मांग



**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में शराब की दुकान को हटाने के विरोध में आज सुबह महिलाओं ने दुकान के सामने धरना प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि लो शराब पीकर रास्ते में गाली-गलौच करते है तथा महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते है। महिलाओं ने एसडीएम नजीबाबाद को शिकायती पत्र देकर शराब की दुकान हटने की मांग करते हुए कहा कि आबादी क्षेत्र से कही और शराब की दुकान खोली जाये। कार्यवाही नहीं होने पर महिलाओं के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महिलाओं ने कहा शराब की दुकान आबादी क्षेत्र में है, आसपास घर है जिसका असर उनके परिवार पर पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन में मीरा, भूरी, लक्ष्मी, पूनम, बबीता, सोनम, अनिता, डोली आदि महिलाएं रही। धरना प्रदर्शन की सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पहुंचे और महिलाओं को समझा कर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया।

### मेधावी बच्चों को सम्मानित किया



**नजीबाबाद।** नगर के मूर्ति देवी सरस्वती बाल मंदिर स्कूल में शैक्षिक सत्र के परीक्षाफल घोषित होने के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सैना ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को उपहार स्वरूप चेक प्रदान किए। जिसमें कक्षा एक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र मौहम्मद जियान, कक्षा दो में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रितेश, कक्षा तीन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रितेश, कक्षा तीन में प्रथम स्थान अर्नव, कक्षा चार में प्रथम स्थान हर्ष कुमार, कक्षा पांच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मौहम्मद फैज को गिफ्ट व चेक देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक अतुल बहादुर सक्सेना ने विद्यार्थियों की सफलता की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत, अनुशासन व लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य अरूण कौशिक ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास व सकारात्मक सोच का परिणाम होती

### महिलाओं को दिए सुरक्षा के टिप्स



**चांदपुर।** पुलिस द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा एवं आमजीवन में होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए जगह-जगह पहुंचकर आत्मरक्षा के टिप्स दिए। चांदपुर थाने में तैनात महिला उपनिरीक्षक जया, महिला कांस्टेबल प्रिया ने क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं और महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के सम्बंध में जानकारी दी तथा बाल विवाह मुक्त अभियान, साइबर क्राइम व महिला हेल्पलाइन नंबर व चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे-विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, पीएम आवास, उज्जवला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, प्रधान मंत्री जन अरोग्य आदि योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही नशा मुक्ति भारत अभियान आदि जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 आदि के बारे में जानकारी देते हुए पम्पलेट वित. रित किए गए। साथ ही नोडल अधिकारियों के नंबरों की जानकारी दी गई।

# आसपा की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने को ग्रामों का दौरा



## मौहम्मद ताहिर का कई जगह स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चांदपुर।** आसपा भीम आर्मी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने पार्टी को मजबूत करने एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान मौहल्ला कटकुई निवासी आसपा जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने ग्रामीणों से आसपा मुखिया एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के संघर्षों उनके कड़ी मेहनत एवं सर्व समाज को जोड़ने की नीति को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान मौहम्मद ताहिर का जगह-जगह जोरदार स्वागत भी किया गया। मौहम्मद ताहिर ने ग्राम रुस्तमपुर ढाकी, सरकथल, सराय का भ्रमण किया। जहां ग्रामीणों ने उनकी बात को सुना और पार्टी से जुड़ने की इच्छा जताई। इसके बाद उन्होंने श्यामपुर मुस्तफाबाद, चेहली आदि गांव पहुंचे और ग्रामीणों से डोर टू डोर सम्पर्क कर अपनी बात साझा की। इससे पहले उन्होंने अपने इस दौर में छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का भी कार्य किया और कहा कि हमें बूथ कमेटी से लेकर जिला स्तर तक अपनी पार्टी को मजबूत करना है और सर्वसमाज को एक मंच पर लाना है। उन्होंने आगामी जिला पंचायत चुनाव की तैयारी में भी जुट जाने की अपील की। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के वर्चस्व को बनाने के लिए कार्य करने की जरूरत बताया।

ग्रामीण विवरण के दौरान उन्होंने सैकड़ों की संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम भी किया।

ग्रामीण भ्रमण के दौरान राजवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार जिला सचिव, करण सिंह, ओमपाल सिंह, भगवान दास, नसीमुद्दीन मनिहार, मौहम्मद चांद, रईस अंसारी, सरवर उर्फ जोंटी, याहिया मुराद आदि भी शामिल रहे।

# पंचायत भूमि से सौ से अधिक पेड़ काटे

## ग्रामीणों ने की जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नजीबाबाद।** ग्राम लालपुर सूजी मल में पंचायत की जमीन से सौ से अधिक पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस घटना पर कड़ा विरोध जताया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से छुट्टी के दिन का फायदा उठाकर बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के इन पेड़ों को काटा गया है। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में किसानों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने उप जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार संतोष कुमार को सौंपा। जिसमें पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

काटे गए पेड़ों की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी जा रही है। इस अवैध कटाई से न केवल पंचायत को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंची है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई, तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे। वहीं, प्रशासन ने इस पूरे प्रकरण की जांच कराने की बात कही है।

# प्रधानाचार्य सुनीता चौधरी सेवानिवृत्त



## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नजीबाबाद।** प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता चौधरी हाल ही में शिक्षा के क्षेत्र में कई वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुईं। मंडावली निवासी श्रीमती चौधरी का अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद टीम मंडावली द्वारा स्वागत किया गया।

यह स्वागत समारोह मूस्सेपुर स्थित खाना पानी रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। इस अवसर पर फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत, मंडावली क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग गाड़ियों के काफिले के साथ उनके आवास तक पहुंचे।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, रविंद्र सिंह लंबरदार, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री आदेश चौधरी, ओम चौधरी हॉस्पिटल के एमडी चौधरी चरण सिंह, नीरज गुरुजी, सुनील त्यागी और भाजपा मंडल महामंत्री सचिन देशवाल प्रमुख थे।

इसके अतिरिक्त, समाजसेवी गौतम आर्य, पंकज त्यागी, ब्रजराज सिंह एड., भाजपा नेता सुशील कुमार, अनुज चौधरी, राकेश त्यागी, चौधरी करणवीर सिंह, सतीश त्यागी, डॉ. राजेंद्र चौहान, गजेंद्र मलिक, शोपाल राठी, डॉ. पवन, प्रेम आर्य, बॉबी आर्य, चुन्नू देशवाल, बिट्टू त्यागी और नरपाल सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# डांस कम्पटीशन में सौम्या त्यागी दूसरे स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडावली।** मंडावली क्षेत्र की छोटी बिटिया सौम्या त्यागी ने किसमें कितना है दम कार्यक्रम डांस कम्पटीशन में दूसरा स्थान प्राप्त कर मंडावली क्षेत्र के साथ जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है।

मंडावली क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी अमित कुमार त्यागी की दस वर्षीय बेटी सौम्या त्यागी जो कि सेंट मैरिज इंटर कॉलेज मंडावली में कक्षा 4 में पढ़ती है। 26 मार्च को रयत बहारा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ मोहाली में आयोजित कार्यक्रम किसमें कितना है दम के ग्रैंड फिनाले टैलेंट का महासंग्राम में डांस कम्पटीशन में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में देश के कोने-कोने से कई राज्यों से डांस कम्पटीशन में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे पूर्व में केकेडी की टीम के द्वारा अन्य राज्यों के जनपदों की तरह जनपद बिजनौर में भी कई स्कूल, कॉलेज में डांस कम्पटीशन के लिए बच्चों का सलेक्शन किया गया। डांस कम्पटीशन के चार राउंड किरतपुर में दो, रायपुर सादात में एक व कोटद्वार में एक राउंड कुल चार राउंड आयोजित किए गए। सभी बच्चों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सौम्या त्यागी का सलेक्शन किया गया। सौम्या त्यागी ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में फाइनल राउंड में डांस प्रस्तुत कर सभी ऑडियंस को अपनी तरफ आकर्षित किया। यह कार्यक्रम टीवी पर कई चैनलों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

सौम्या त्यागी की मां निधि त्यागी व पिता अमित कुमार त्यागी ने बताया कि सौम्या को बचपन से ही डांस करने का शौक है। इसके अलावा आर्ट में भी विशेष रूचि है। सौम्या त्यागी के परिजन डॉ. विपुल त्यागी, मोहित त्यागी, डॉ. ओमेश त्यागी, निशांत त्यागी, रेशु त्यागी सहित सेंट मैरिस इंटर कॉलेज मंडावली के प्रबंधक फादर जोस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक साक्षी, आलोक त्यागी, रविकांत वर्मा, शिवओम राजपूत, पंकज सिंह, द्विजेंद्र त्यागी आदि शिक्षकों ने सौम्या को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मंदिर में शेरावाली मां की मूर्ति स्थापित



## महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नजीबाबाद।** ग्राम राहतपुर स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर में आज शेरावाली मां की मूर्ति स्थापित की गई। यह प्रतिष्ठापना क्षेत्र पंचायत सदस्य ताजेंद्र कुमार द्वारा कराई गई।

मूर्ति स्थापना से पूर्व मां की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पंडित सौरभ ने विधि-विधान से संपन्न कराई। इस अवसर पर मोटा महादेव मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जो श्री वाल्मीकि मंदिर राहतपुर पर समाप्त हुई। इस धार्मिक आयोजन में समस्त ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग रहा। क्षेत्र पंचायत सदस्य ताजेंद्र कुमार ने बताया कि वह समय-समय पर क्षेत्र में धर्म और सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते रहते हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रखेंगे। कलश यात्रा और मूर्ति स्थापना के दौरान ताजेंद्र कुमार के साथ विजय पाल, राजकुमार, सोनू, डॉ. चरण सिंह, कपिल राजपूत, संगीता, रीना, बिना, पूजा सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे और उन्होंने सक्रिय सहयोग दिया। मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में कल मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे।

# पीड़ित परिवार से मिले शेरबाज व राम अवतार सैनी



## मृतक के परिजनों को न्याय का दिलाया भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर पहुंचकर शेरबाज पठान ने मृतक प्रशांत के परिजनों को हिम्मत बंधाते हुए कहा आपके बेटे के हमलावरों को कानून किसी कीमत पर नहीं छोड़ेगा और आपको न्याय मिलेगा। शेरबाज पठान ने कहा मैं आपके साथ दुख की घड़ी में साथ खड़ा हूं। गौरतलब है कि 23 मार्च को ग्राम हैजरपुर निवासी प्रशांत पर एक लड़की सहित कई अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। जिसमें वह बुरी तरह हो गया था और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। हालांकि चांदपुर पुलिस ने दो लोगों गिरफ्तार करने की बात कही है। प्रशांत के परिजनों ने शेरबाज पठान का धन्यवाद किया। उधर सपा विधायक राम अवतार सैनी भी मृतक प्रशांत के घर पहुंचे। आज शेरबाज पठान के साथ इंतजार अहमद चांदपुरी, इलियास कुरैशी, फहीम अल्वी, नफीस मोटा, नरेंद्र कुमार, शिव चरण आदि शामिल रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**स्कूल बस...** से सामने से आ रही कल्याणकारी कन्या इंटर कॉलेज जागाहेड़ी की बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही चारों लोग सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में सवार छात्राओं में चीख-पुकारमच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से पूनम को अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बस चालक सुरेन्द्र निवासी काजीखेड़ा से पूछताछ की जा रही है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

**अमेरिकी सैनिक...** साथ ही सैन्य कार्रवाई भी जारी है। ईंधन की बढ़ती कीमतों पर पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रम्प ने कहा कि जैसे ही अमेरिका ईरान से बाहर निकलेगा, हालात सुधर जाएंगे और तेल की कीमतें भी गिर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपना काम लगभग पूरा कर चुका है और अगले करीब दो हफ्तों में ऑपरेशन खत्म कर सेना वापस बुला ली जाएगी। अमेरिकी सेना के बाद ट्रम्प ने अमेरिकी कंपनियों को ईरान से होने वाले खतरे को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में काम कर रही अमेरिकी कंपनियों को ईरान से कोई बड़ा खतरा नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या ईरान ने सच में हमला करने या कंपनियों को उड़ाने की धमकी दी है? ट्रम्प ने कहा कि ईरान ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगा और वह अमेरिकी कंपनियों पर हमला नहीं करेगा।

**बंगाल में...**जाएगा। वहीं, ममता बनर्जी की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि मतदाता सूच ी से नाम हटाए जाने की दर काफी अधिक है और यह करीब 45 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि इस मामले में अगली सुनवाई 7 अप्रैल को हो सकती है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। साथ ही पश्चिम बंगाल पुलिस के डीजीपी को एक पूरक हलफनामा दाखिल कर ये बताने को कहा गया था कि एसआईआर अधिकारियों को मिली धमकियों पर उन्होंने क्या कार्रवाई की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ एसआईआर की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, श्याम दीवान और गोपाल शंक. रनारायनन और कल्याण बनर्जी अदालत में पेश हुए। वहीं चुनाव आयोग की तरफ से वरिष्ठ वकील दामा शेषाद्रि नायडू पेश हुए।

## लखनऊ कलेक्ट्रेट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को कलेक्ट्रेट आफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। हालांकि जांच के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को मौके से कुछ भी नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस की साइबर टीम ईमेल भेजने वाले क्ु ोत का पता लगाने में जुट गई है। बताया जा रहा है कि लखनऊ के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के ऑफिस को ईमेल के जरिए बम से उघने की धमकी दी गई थी।

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार स्टेशन पर निर्गत पार्सल शेड के पास दोपहिया वाहनों की पैकिंग और अन्य पार्सल पैकिंग सेवा के लिए अनुबंध" 03 साल हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 16.04.2026 टाइम 11:00 am को बोली **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। 1091/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर, ऋषिकेश, एवं योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन के क्लॉक रूम को 5 साल के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 15.04.2026 (टाइम 11:00 am) को बोली आमंत्रित करने की जानी है। ई-नीलामी **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1092/2026

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय और कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (यू.पी.)
**टेलीफोन:** 01343 - 267057-64; **फैक्स:** 01343 - 267065
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन प्वाइंट, मुंबई-400 021
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945, **ई-मेल:** investors@dwarikesh.com
**वेबसाइट:** www.dwarikesh.com; **सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**शेयरधारकों के लिए सूचना**
**दूसरे 100-दिवसीय अभियान - ''सक्षम निवेशक'' के शुभारंभ के संबंध में सूचना**
कंपनी के शेयरधारकों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि पिछले 100-दिवसीय पहल के क्रम में कंपनी आईईपीएफए के उद्देश्यों के अनुरूप **1 अप्रैल 2026 से 9 जुलाई 2026 तक दूसरे 100-दिवसीय अभियान - ''सक्षम निवेशक''** शुरू करने की घोषणा करती है। इस अभियान का उद्देश शेयरधारकों को उनके अदत्त/अदावात लाभांश का दावा करने, केवाईसी और संबंधित विवरण अपडेट करने में सहायता प्रदान करना है जिससे ऐसी राशियों और संबंधित शेयरों को निवेशक शिक्षा और संरक्षा कोष (आईईपीएफ) में अंतरित होने से रोका जा सके।

**अभियान की मुख्य विशेषताएं**
- शेयरधारकों के साथ सक्रिय जुड़ाव - केवाईसी विवरण (पैन, बैंक विवरण, पता, ईमेल, मोबाइल) अपडेट करें।
- लाभांश दावों का समय पर निपटारा - वैध लाभांश दावों का तुरंत निपटारा।
- आईईपीएफ में अंतरण की रोकथाम - नियमों के अनुसार अंतरण से बचने के लिए लाभांश का दावा यथाशीघ्र करें।
- सीधा दावा निपटान

**शेयरधारकों से अपेक्षित कार्रवाई**
भौतिक या डीमैटीरियलाइज़्ड प्रारूप में शेयर रखने वाले सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे:
- कंपनी/एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी), लागू अनुसार, के साथ अपने केवाईसी विवरण अपडेट करें।
- अनपेड/अनक्लेम्ड डिविडेंड क्लेम करने के लिए ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स जमा करें।
- सुनिश्चित करें कि बैंक मैंडेट और संपर्क विवरण सही और नवीनतम हों।

शेयरधारकों को कंपनी की वेबसाइट पर **''अदावात लाभांश एवं आईईपीएफ अंतरण विवरण''** अनुभाग देखना चाहिए और लाभांश का दावा करने तथा अपने निवेश को सुरक्षित रखने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।
किसी भी सहायता या प्रश्न के लिए शेयरधारक कंपनी/आरटीए से यहाँ संपर्क कर सकते हैं:

| कंपनी | रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट |
|---|---|
| द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लि. **कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन प्वाइंट, मुंबई-400021 **फोन:** 022-2283 2468, 2204 2945 **ई-मेल:** investors@dwarikesh.com | एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्ववर्ती मैसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) सी 101, 247 पार्क, एलबीएस रोड, विखरोली वेस्ट, मुंबई-400083 **फोन.:** (022) 49186000 **वेबसाइट:** https://in.mpms.mufg.com/ **ई-मेल.:** Investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com |

दिनांक: 1 अप्रैल, 2026
स्थान: द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
**कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता./-
**बी जे माहेश्वरी**
**प्रबंध निदेशक एवं सीएस-सह-सीसीओ**

## तालिब बंधु प्रकरण में हाईवोल्टेज ड्रामे के बीच लगा आरोप

# भारतेंद्र मांग रहे पांच करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में कारोबारी तालिब खालिद की आरा मशीन और प्लाई फैक्ट्री पर हुई कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भाजपा के पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह पर व्यापारी ने सत्ता के दुरुपयोग और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह अधिकारियों के साथ कारोबारी की आरा मशीन और प्लाई फैक्ट्री पर पहुंचे थे। इसी दौरान व्यापारी पक्ष ने आरोप लगाया कि उनके साथ दबाव बनाते हुए कार्रवाई की गई। व्यापारी आबिद का आरोप है कि पूर्व सांसद और उनके साथ मौजूद लोगों ने उनके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गए। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पूरे मामले को समाप्त करने के लिए उनसे पांच करोड़ रुपए की मांग की गई। घटना से आहत और परेशान व्यापारी ने विरोध जताते हुए पूर्व सांसद की गाड़ी के सामने लेटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस मामले को लेकर व्यापारी ने उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि वह दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, लेकिन अगर आरोप सही नहीं हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। व्यापारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हाथ जोड़कर निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल, मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल है और प्रशासन पर निष्पक्ष कार्रवाई का दबाव बढ़ता जा रहा है।







### नहीं हुई कार्यवाही

**बिजनौर।** इस प्रकरण को लेकर आज देर शाम जब पुलिस अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना था कि इस मामले में न तो कोई रिपोर्ट दर्ज की गई है और न ही कोई कार्यवाही हो रही है। सूत्रों का कहना है कि पूर्व सांसद भारतेंद्र का तालिब बंधुओं की आरा मशीन पर जाना अधिकारियों को अनुचित लग रहा है। आखिरकार भारतेंद्र किस अधिकार से अपने समर्थकों के साथ वहां गये थे। जबकि भारतेंद्र लगातार तालिब बंधुओं के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। उनके ऊपर मोटी रकम मांगने के आरोप पूर्व से लग रहे हैं।

छपते-छपते

## खालिद बंधुओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज हुए घटनाक्रम को लेकर देर रात तालिब बंधुओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी की जा रही थी। पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए साथियों सहित मौजूद थे। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक अभिषेक के द्वारा भी बाईट दी गई है।

## डा. भीमराव अंबेडकर जयंती शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारियों को लेकर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुगमचंद प्रधान ने की तथा संचालन महामंत्री एवं भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित रवि द्वारा किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष शोभायात्रा देवता वाले मंदिर से विधि-विधान के साथ प्रारंभ होगी। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यह शोभायात्रा डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क पर पहुंचकर संपन्न होगी। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि शोभायात्रा पूरी तरह से बाबा साहब की विचारधारा और उनके सिद्धांतों के अनुरूप होनी चाहिए।

समिति के अध्यक्ष सुगमचंद प्रधान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नगर में इस बार शोभायात्रा बेहद धूमधाम और बैंड-बाजों के साथ निकाली जाएगी। इसमें डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके संघर्षों को दर्शाती सुंदर-सुंदर झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएं और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

तैयारी बैठक में मुख्य रूप से रविदास कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार, बलराम सिंह एड., पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह, चंद्रपाल बाबू, रमेश लाल, गोपाल सिंह और प्रकाश सिंह बादल मौजूद रहे। इसके साथ ही जसराम, रामचंद्र, कमलजीत सिंह रवि, रमन कुमार, कोमल पटवारी, आजाद समाज पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष ज्ञानचंद और रविदास कमेटी के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेंट मैरी स्कूल में नन्हे कदमों का स्वागत

### दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल में नर्सरी के नन्हे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का पारंपरिक तिलक एवं पुष्प अर्पित कर हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर फादर शाजू ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में बच्चों को जीवन में अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास का महत्व बताया तथा अभिभावकों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों का भी आधार है।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी, प्रबंधक फादर शाजू तथा के.जी. इंचार्ज सिस्टर जिल्सी की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह आयोजन बच्चों के लिए एक सुंदर एवं प्रेरणादायक शुरुआत साबित हुआ।

## काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मनाया काला दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर काला दिवस मनाया गया। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर अपने कार्य स्थल पर कार्य करते हुए जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत एवं महिला विंग जिलाध्यक्ष वसीम बानो के नेतृत्व में अपना विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एक अप्रैल 2005 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को बंद कर एनपीएस को लागू किया गया था, जो शेयर बाजार पर आधारित है। पेंशन के नाम पर केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ठगने का कार्य किया गया है। एनपीएस-यूपीएस देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा के खिलाफ षड्यंत्र जिस किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए निरंतर शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर संघर्षरत है। एनपीएस-यूपीएस को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों में आक्रोशित हैं। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है। सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गयूर आसिफ, सुधांशु वत्स, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, तेजपाल सिंह, मौहम्मद अनस, संजय कुमार, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, सुशील कुमार, ओमप्रकाश सिंह, सिकंदर, अमित कुमार, मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार आमोली, राम सिंह, आनंद प्रकाश, डॉ. प्रेम प्रकाश, नीरज कुमार, अंशुमन कुमार, जैस्मिन, जसकरण कौर, शालिनी शैली, रजनी शर्मा, मीनाक्षी, कविता वर्मा, अमित कुमार, यश कुमार, देशराज, तिलकराम, कपिल कुमार, डालचंद, राजकुमार, प्रशांत कुमार, फैजान, तमन्ना, सफिया अहमद, सुधीर कुमार, प्रिंस कुमार, अरविंद कुमार, सुधीर कुमार, निपेन्द्र कुमार, अभय कुमार यादव, वीरपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, मिंटू कुमार, आकाश दीप, अंजली यादव, सीमा नाज, रेनू देवी, अवधेश कुमार, अभिषेक कुमार, उमेश रवि, महेश चंद, विनय बिष्ट, अंकित कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## भाजपा की नवनिर्वाचित टीम का भव्य स्वागत

### दीपक गर्ग मोनू को जिला मीडिया प्रभारी बनाया






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती, नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी का स्वागत और आगामी लक्ष्यों पर चर्चा करना था।

बैठक में क्षेत्रिय महामंत्री और जिला प्रभारी हरिओम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की विचारधारा और स्थापना के संकल्पों को दोहराया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने की। जिला मिडिया प्रभारियों की घोषणा के बाद नवनिर्वाचित टीम का भव्य स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री दिनेश सैनी ने किया। मंच पर मुख्य अतिथि हरिओम शर्मा, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, क्षेत्रिय मंत्री हरजिंदर कौर, अनूप वाल्मीकि, नगर पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, कविता चौधरी आदि उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने संगठन के विस्तार और मीडिया प्रबंधन को मजबूत करने के लिए जिला मीडिया टीम के नामों की आधिकारिक घोषणा की। जिसमें जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, जिला सह मीडिया प्रभारी पंडित गोपाल धीमान, जिला सह मीडिया प्रभारी विक्रांत चौधरी, जिला संयोजक आईटी अश्वनी शर्मा, जिला संयोजक सोसल मीडिया प्रदीप कौशिक हैं।इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेश भाटी, दिनेश सैनी, बलराज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष जित. ेंद्र राजपूत, रजनी कालरा, रवि चौधरी, अतुल मारवाड़ी, मायापाल, नीरज विश्नोई, फूलसिंह, तुषार गौड़, जिला मंत्री (विनोद राठी, शिखा गुप्ता, प्रभात यादव, तिलकराज सैनी, मिथलेश देवी, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पूर्व विधायक सुबोध पाराशर, मोनिका शर्मा, केशव चौधरी, जयवीर पंचवाल, जिला कोषाध्यक्ष देशबन्धु, जिला मिडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, जिला सह मीडिया प्रभारी पंडित गोपाल धीमान, विक्रांत चौधरी, जिला संयोजक आईटी अश्वनी शर्मा, जिला संयोजक सोसल मीडिया प्रदीप कौशिक आदि का फूलमाला व पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष ने पार्टी की 'अंत्योदय' की नीति पर बल दिया और नवनियुक्त पदाधिकारियों से जन-जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया।

## एक नजर

### ट्रक खराब होने से यातायात बाधित




**नजीबाबाद।** भागूवाला हाईवे पर एक यूटर्न पर सीमेंट से लदा एक ट्रक खराब हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। ट्रक गलत दिशा में खड़ा होने के कारण वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो रही है। ट्रक चालक ने बताया कि वह नजीबाबाद की ओर जाने के लिए यूटर्न ले रहा था, तभी अचानक सेल्फ खराब हो गया। इसके चलते ट्रक वहीं रुक गया और आगे-पीछे नहीं हो सका। ट्रक में सीमेंट के कट्टे भरे हुए हैं। भागूवाला अवधेशानंद पुलिस चौकी प्रभारी संजय यादव ने इस संबंध में बताया कि ट्रक चालक को सेल्फ ठीक कराकर वाहन को जल्द से जल्द हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।

### ट्रैक्टर ट्रिपलर अनियंत्रित होकर पलटा



**शेरकोट।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर लकड़ी से भरा ट्रैक्टर ट्रिपलर अनियंत्रित होकर रोड पर पलट गया। गनीमत यह रही की कोई बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हाईवे स्थित हरेवली चौराहे के निकट अफजलगढ़ से धामपुर की ओर जा रही लकड़ी से भरी अवर लोड ट्रैक्टर ट्राली हाईवे पर पलटने से हाईवे पर वाहनों की लम्बी लाईन लग गई। गनीमत रही की ट्रैक्टर ट्राली के पलटते समय कोई अन्य वाहन नहीं था। यदि कोई वाहन होता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन से सड़क पर फैले लकड़ी को हटवाकर जाम खुलवाया।

### विदाई समारोह में रंगारंग कार्यक्रम



**धामपुर।** प्राथमिक विद्यालय नकीबपुर द्वितीय नहटौर में कक्षा पांच के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह के दौरान जूनियर विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को भावुक बना दिया। कई प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों के बीच के आत्मीय रिश्तों और विद्यालय में बिताए गए सुनहरे पलों को जीवंत कर दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कक्षा पांच जीवन की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी है, लेकिन असली लक्ष्य अभी आगे है। प्रधानाध्यापक हरूल सिंह ने सभी छात्रों से कक्षा छह में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई जारी रखने और मेहनत, अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। शिक्षक मौहम्मद इकबाल ने कहा कि असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता का मार्ग है। विदाई के भावुक क्षणों में शिक्षक अमित शर्मा ने विद्यार्थियों को सत्य के मार्ग पर चलने, माता-पिता और बड़ों का सम्मान करने, सैनिकों के प्रति आदर रखने, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा जरुरतमंदों की सहायता करने का संदेश दिया। शिक्षक विभोर अग्रवाल ने कहा कि अनुशासन ही सफलता की पहली चाबी है।

### महाकाली सिद्धपीठ पर भंडारा



**नजीबाबाद।** श्री महाकाली सिद्धपीठ प्राचीन मंदिर किरतपुर में नवरात्रि के पावन अवसर पर चौदस के दिन एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह लगभग दस बजे हुई। इस आयोजन में अरुण कुमार और जितेंद्र सिंह प्रजापति अपने परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। पंडित सतीश शर्मा ने विधि-विधान से हवन पूजन संपन्न कराया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। हवन पूजन के बाद चौदह कन्याओं को भोजन कराया गया। उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात आयोजित भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन माता रानी के प्रति भक्तों की आस्था का प्रतीक रहा। इस अवसर पर श्री महाकाली सिद्धपीठ प्राचीन मंदिर के पुजारी संझाई नाथ ने भक्तों को आशीर्वचन दिए। उन्होंने जीवन में धर्म, सेवा और सदाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कन्हैया पाल, कन्या राणा, दिनेश चौधरी, अमित अग्रवाल, कपिल रस्तौगी, अभय तोमर, रामावतार तोमर और बाबूराम तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं ,छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# गन्ने से भरे ट्रक में घुसी बाइक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** बाइक द्वारा घर लौट रहे युवकों की बाइक सड़क किनारे खड़े गन्ने से भरे ट्रक में घुस गई। जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुरा निवासी नाजिर पुत्र जफर बाइक द्वारा बिजनौर से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बिलाई के पास उससे विनीत पुत्र देवेंद्र (26 वर्ष) निवासी खेड़की टप्पा, मोहन गढ़ी (हल्दौर) लिफ्ट मांगकर बाइक पर बैठ गया। जब वह नहटौर में झालू बस स्टैंड के पास पहुंचे, तो सामने से आ रहे वाहन की तेज लाइट में उनकी आंखों पर पड़ी। जिसके कारण उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े



## दो युवक गंभीर रूप से घायल

गन्ने से भरे ट्रक में पीछे से घुस गई। जिससे दोनों घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने विनीत की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

# क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास

## पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** ग्राम मुरलीवाला स्थित यात्री प्रतिक्षालय पर काला तेल पोतने को लेकर भाकियू (टिकैत) जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा ने अज्ञात के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाकियू पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा आज शाम पुलिस को दी तहरीर में बताया गया कि अफजलगढ़-कालागढ़ मार्ग स्थित मुरलीवाला गेट पर काफी पुराना यात्री प्रतीक्षालय बना हुआ है। जिसकी देखरेख रंग-पुताई का कार्य भाकियू (टिकैत) के कार्यकर्ता करते हैं। गेट पर भारतीय किसान यूनियन व क्षेत्रीय संगठन के पदा. धिकारी का नाम और नंबर लिखें हैं। बीती रात करीब नौ बजे किसी शरारती तत्व द्वारा यात्रियों के बैठने के स्थान काला तेल डालकर प्रतिक्षालय को नुकसान पहुंचाया तथा भाकियू पदाधिकारी के नाम और नंबरों पर काला तेल डाला गया। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकट संगठन में आक्रोश हैं। यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गांव और क्षेत्र का माहौल खराब करने का लगातार प्रयास किया जा






रहा है। उन्होंने पुलिस से घटना का खुलासा कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने की मांग की। एसएसआई श्रीपाल सिंह ने जांच कर घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर भकियू टिकैत संगठन के आकिब लतीफ, मौहम्मद आकिल, संजू कुमार, योगेंद्र चौधरी, मौहम्मद अशरफ, संजय चौहान, खड़क सिंह फरीदपुर, शराफत अली, रईस अहमद आदि मौजूद थे।

# लाला विनोद कुमार अग्रवाल के नामित सभासद बनने से खेल जगत में हर्ष

## शाइनिंग हॉकी क्लब ने जताई खुशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शाइनिंग हॉकी क्लब नगीना के अध्यक्ष लाला विनोद कुमार अग्रवाल को नगर पालिका नगीना का नामित सभासद नियुक्त किए जाने पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए शाइनिंग हॉकी क्लब के सदस्यों ने इसे खेल और खिलाड़ियों के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

लाला विनोद कुमार अग्रवाल स्वयं एक अनुभवी हॉकी खिलाड़ी रहे हैं और लंबे समय से नगर में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए संघर्षरत हैं। खिलाड़ियों का मानना है कि उनके बोर्ड में शामिल होने से अब नगर पालिका के माध्यम से खेल सुविधाओं के विस्तार में तेजी आएगी। जहां लंबे समय से प्रतीक्षित मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य की अब उचित देखरेख हो सकेगी। वहीं नए खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और किट आदि की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही नगर में हॉकी टूर्नामेंट्स और खेल स्पर्धाओं को बढ़ावा मिलेगा।

शाइनिंग हॉकी क्लब के उपाध्यक्ष परवेज आदिल ने कहा कि लाला विनोद कुमार अग्रवाल इस पद के सच्चे हकदार थे। उनके नेतृत्व में क्लब ने हमेशा अनुशासन और खेल भावना को सर्वोपरि रखा है।

वहीं अफसर सिद्दीकी ने विश्वास जताया कि अब स्टेडियम का अधूरा काम जल्द पूरा होगा, जो नगीना के युवाओं का पुराना सपना है। हसन जावेद ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब जमीनी स्तर पर नए खिलाड़ियों को बेहतर कोच और सुविधाएं मिल सकेंगी।

शाइनिंग हॉकी क्लब के पुराने और नए खिलाड़ियों ने एकजुट होकर स्थानीय नेताओं और प्रदेश सरकार के इस फैसले की सराहना की है। खिलाड़ियों का कहना है कि एक खिलाड़ी का नामित होना यह दर्शाता है कि सरकार खेलों के प्रति गंभीर है। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की।

संगठन के संरक्षक मौहम्मद अरशद प्रिंस ने बताया कि शीघ्र ही एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# गयूर आसिफ ने किया आरजेपी के प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** आरजेपी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य कप्तान बिशन लाल के सेवानिवृत्ति के उपरांत विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता गयूर आसिफ को प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा के आदेश से विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य का पद भार ग्रहण कराया गया।

इस मौके पर निवर्तमान प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य को कार्यभार सौंपा। प्रधानाचार्य गयूर आसिफ को स्टाफ द्वारा माला पहना कर और पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। पदभार ग्रहण करने पर गयूर आसिफ द्वारा राजा ज्वाला प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर गयूर आसिफ ने कहा कि आरजेपी जैसे



विद्यालय का कार्यभार न केवल अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि चुनौती पूर्ण भी है और मेरा प्रयास रहेगा कि वीरा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा स्थापित समस्त आदर्श एवं मूल्यों का अनुसरण करते हुए विद्यालय के गौरव को उत्तरोत्तर चहुंमुखी विकास की तरफ ले जाया जाए। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल, ओमपाल सिंह, प्रधान लिपिक राजेंद्र कुमार, विज्ञान समन्वय सुधांशु वत्स, बालेश कुमार, सुधीर राजपूत, बृजेश राजपूत, मनोज कुमार यादव, सुभाष बाबू, विनोद कुमार यादव, सत्य प्रकाश गंगवार, चंद्रहास, भूपेंद्र पाल सिंह, तेजपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार यादव, मौहम्मद अनस, करणवीर सिंह, अलका रानी, प्रदीप सिंह, जयप्रकाश, तेजपाल सिंह, जितेंद्र पाल, लक्षेश कुमार, भोलानाथ छवि गर्ग, लिपिक अनुराग भारद्वाज व निर्मला यादव आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

**कोतवाली देहात।** नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही आज परिषदीय स्कूलों में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत हो गई। इस अभियान के तहत ब्लॉक कोतवाली में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने पढ़ेंगे पढ़ाएंगे, साक्षर देश बनाएंगे, कोई न छूटे इस बार, शिक्षा है सबका अधिकार और आधी रोटी खाएंगे, साक्षर देश बनाएंगे जैसे प्रेरक नारों के साथ जागरुकता रैली निकाल कर अभिभावकों से अपने बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराने का आह्वान किया। रैली का शुभारंभ ब्लॉक परिषद से खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह, मुख्यमंत्री फैलो डस. मोनिका शर्मा एवं पित्तनहेड़ी ग्राम प्रधान अनीस अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में बेहतर शैक्षिक वातावरण के साथ सरकार की ओर से नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनिफार्म, बैग तथा मिड डे मील की सुविधा मिलती है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में तकनीकी शिक्षा पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री फैलो ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने कस्बे मेंरैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर नीरज कुमार वर्मा, रईस अहमद, हरिओम दत्त, मुकेश कुमार, वंदना रानी, गौरव कुमार आदि घशिक्षक मौजूद रहे।

### मास्टर जिकरुर्रहमान को दी विदाई



**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा पच्दू निवासी मास्टर जिकरुर्रहमान झलरी जलपुरा में अध्यापक पद पर तैनात रहे। आज जिकरुर्रहमान सेवा. निवृत हो गए। इझलरी जलपुरा के प्राइमरी स्कूल में उनको स्टाफ व गणमान्य व्यक्तियों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक मनोज पारस ने उनके निवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उनके साथ पूर्व ग्राम पधान व पत्रकार राशिद कुरैशी, रईसुद्दीन, इकरार, इनाम अली अंसारी, मुशर्रफ, सोहेल अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, हाजी सरफराज अंसारी, उस्मान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### नवीन शैक्षिक सत्र शुरू



**हल्दौर।** डॉक्टर फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर वैदिक यज्ञ एवं सरस्वती वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष डा. धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के संमुख विद्यालय के व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तोगी, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार रस्तोगी एवं प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह द्वारा पुष्प अर्पित, दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात पंडित सोनू द्वारा विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसमें सभी अतिथियों, आचार्य-आचार्याओं एवं विद्यार्थियों ने आहुति देकर नए सत्र की मंगलकामना की। कार्यक्रम का संचालन आचार्य हेमराज सिंह ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को नए शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**शेरकोट।** दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज के गृह परीक्षाओं का परिणाम आज प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव व उप प्रधानाचार्य विनीत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किया गया। सम्बद्ध प्राइमरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। घोषित परिणाम के अनुसार कक्षा पांच की छात्रा माही पाल 69 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पर जबकि वेदिका पाल 68.8 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा की छात्रा रिमझिम पाल 85 प्रतिशत अंक पाकर कक्षा में प्रथम तथा ऑस्कर 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा। कक्षा तीन के छात्र अभय कुमार 63 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम तथा यशमनी 59 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह कक्षा दो में खुशी परवीन 93 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम तथा गुंजन सैनी 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। वहीं कक्षा एक कि शबनम परवीन 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम व 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रुद्राक्षी द्वितीय स्थान पर रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों से लग्न व मेहनत से पढ़ाई करने का आह्वान किया। प्राइमरी प्रभारी विजय वर्मा, देवेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, दिनेश कुमार शिक्षक मौजूद रहे।

## एक नजर

### शादी समारोह में आए युवक भिड़े



**मंडावर।** मौहल्ला शाहविलायत निवासी बशीर की पुत्री की बारात बिजनौर रोड स्थित रॉयल पैलेस बैंकट हॉल में आई थीं। दोपहर में सभी लोग बैंकट हॉल में खाना खा रहे थे। इसी दौरान लड़की पक्ष की ओर से दावत खाने आए मौहल्ले के ही फरमान व सलीम में खाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद होता देख वहां मौजूद लोगों ने दोनों को शांत कर दिया। लेकिन बैंकट हॉल से बाहर आते ही दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। दोनों पक्षों के लोगों में सड़क पर जमकर मारपीट होने लगी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### धड़ल्ले से घूम रहे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राले



**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र से यूकेलिप्टस व पॉपुलर की लकड़ियों के मोटे लट्ठे से भरे ट्रैक्टर ट्रालों का बिजनौर, जनपद मुजफ्फरनगर व जनपद सहारनपुर को पार कर हरियाणा तक बेखौफ ढुलान जारी है। इनके द्वारा सरकार को राजस्व की भारी हानि पहुंचाई जा रही है। इन ओवर लोड व ओवर हाईट ट्रैक्टर ट्रालों के पास से गुजरते हुए प्रत्येक वाहन चालक भयभीत रहता है। साथ ही दुर्घटनाओं के संभावना बनी रहती है। उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी ट्रैक्टर ट्रालों से ओवरलोड बंद नहीं हो रहा है। बल्कि ट्रैक्टर ट्रालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। परिवहन विभाग सोया हुआ है। कई दिन से यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय ट्रक ट्रांसपोर्ट बंदी के कगार पर हैं। ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि इन ट्रैक्टर ट्रालों द्वारा लकड़ी आदि व्यवसायिक माल ढुलान को लेकर ट्रक ट्रांसपोर्ट पूरी तरह से बेरोजगार हो गया है। ट्रक खड़े रहते हैं। जिनकी किस्त भरना भी मुश्किल हो गया है। भाकियू (तोमर) के उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान द्वारा मोबाइल पर आरटीओ बिजनौर से शिकायत करने के बावजूद ट्रैक्टर ट्रालों से ओवरलोड ढुलान जारी है। मौहम्मद रिजवान ने बताया कि आज लकड़ियों से लदा ओवर लोड व ओवर हाईट ट्रैक्टर ट्राला शेरकोट स्थित नेशनल हाईवे पर पलट गया। सूत्रों की माने तो एंट्री के नाम पर परिवहन विभाग अवैध वसूली कर रहा है। इसीलिए इन पर लगाम नहीं लगाई जा रही है। यह ट्रैक्टर ट्राले 350 कुंतल वजन भरकर तमाम लोगों की जान को खतरे में डालते हुए दिन-रात यमदूत की शक्ल में सड़क पर दौड़ रहे हैं। कई हादसे पूर्व भी हो चुके हैं। एआरटीओ परिवहन गौरी शंकर ठाकुर ने बताया कि शीघ्र ही इन ट्रैक्टर ट्रालों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

### मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह

**बिजनौर।** सीडीओ रणविजय सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में दो अप्रैल से आठ अप्रैल तक मिशन 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के क्षमता निर्माण आयोग द्वारा मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत साधना सप्ताह के दौरान सभी विभागों द्वारा अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी तथा उन्हें iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर इस साधना सप्ताह के अंतर्गत कम से कम चार घंटे का भूमिका-आधारित अधिगम (Role-aligned Learning) को पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं iGOT मार्केटप्लेस से संबंधित पाठ्सक्रमों का प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि सरकारी कार्मिकों की क्षमता में अपेक्षित वृद्धि की जा सके।

# मंसूरी समाज ने शादियों में फिजूलखर्ची पर लगाई रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नूरपुर।** भारतीय मंसूरी समाज की बैठक न्यू हैवन इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक में मंसूरी समाज के जिम्मेदार और जागरुक साथियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब युसूफ मंसूरी ने मंसूरी समाज को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय मंसूरी समाज की तरक्की के लिए लिए जिसमें। बेटे और बेटियों को दुनियाबी तालीम के साथ- साथ दीनी तालीम भी दिलाए। शादियों में फिजूल खर्च न करें। शादियों में आतिशबाजी बैंड बाजा और डीजे पर रोक लगाए। शादियों में कोई भी नई परंपरा जैसे हल्दी मेहंदी रस्म न करें। दहेज में चार पहिया वाहन न दे। शादियों की तारीख की सूचना मोबाइल या व्हाट्सएप के द्वारा भेजें।

मंसूरी समाज के साथियों ने इन निर्णयों की सर्वसम्मति से सराहना की और इन निर्णयों को जन-जन तक



## बैठक में सर्वसम्मति से लिया फैसला

पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रति एक मंस. ूरी साथी को सोपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब युसूफ मंसूरी साहब के विशेष रूप से प्रसंसा की गई। मंसूरी साथियों ने एकजुट होकर मंसूरी समाज को ओर अधिक मजबूत बनाने तथा मंस. ूरी समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव जनाब सलीम मंसूरी ने कहा कि मंसूरी समाज को मजबूत करने की दिशा में यह निर्णय एक बड़ा ऐतिहासिक फैसला है। सलीम मंसूरी ने इन निर्णयों को ऐतिहासिक बताया और कहा हमें इन पर मजबूती के साथ काम करना है। जिससे मंसूरी समाज को नई दिशा व तरक्की मिलेगी। इन निर्णयों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाएं। उपस्थित सभी मंसूरी साथियों ने इन निर्णयों का स्वागत किया।

भारतीय मंसूरी समाज के प्रदेश सचिव शाकिर मंसूरी ने मंसूरी समाज के जिम्मेदार और सम्मानित साथियों का संगठन में स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि हमारी मेहनत और संघर्ष से मंसूरी पूरे देश में और अधिक मजबूत व संगठित होंगे। मंस. ूरी समाज के मेहनती व संघर्षशील साथियों को सम्मानित भी किया गया। जिसमें हाजी इमामुद्दीन मंसूरी, नफीस अहमद मंसूरी, फिरोज मंसूरी, शाकिर मंसूरी, जावेद मंसूरी शामिल रहे।

बैठक का समापन एकजुटता भाईचारे और सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ किया गया।

नफीस अहमद मंसूरी, हाजी इमामुद्दीन मंसूरी, फिरोज मंसूरी, शाकिर मंसूरी, डा. जाकिर मंसूरी, डा. शकील मंसूरी, सादाब मंसूरी एड., मास्टर असलम मंसूरी, मास्टर इमरान मंसूरी, शेरखान मंसूरी, नईम मंसूरी, दिलशाद मंसूरी, अफजल मंसूरी, इमरान मंसूरी, आदि ने बैठक को संबोधित किया।

# अफजलगढ़ में आवारा कुत्तों का आतंक

## 12 घंटे में दो बच्चों पर हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। स्थानीय लोग अपने ही शहर में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हाल ही में मौहल्ला बेगम सराय में 12 घंटे के भीतर दो बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर किया, जिससे स्थिति की गंभीरता सामने आई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नेजो सराय निवासी मौहम्मद आसिफ की बेटी आयत मंसूरी पर डॉक्टर बंगाली के सामने रिक्शे से उतरते ही एक कुत्ते ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। बच्ची की चीख-पुकार से इलाके में दहशत फैल गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पूरे ब्लॉक में रोजाना दो से चार हमलों की घटनाएं हो रही हैं, जिनमें अफजलगढ़ नगर क्षेत्र से सर्वाधिक मामले सामने आ रहे हैं।

इन लगातार हो रही घटनाओं का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं और अभिभावक उन्हें ट्यूशन भेजने से कतरा रहे हैं। बुजुर्ग और महिलाएं भी घर से बाहर निकलने में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। गलियों में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे हर वक्त खतरे का माहौल बना हुआ है।

इस गंभीर समस्या पर अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले 175 कुत्तों में से 145 का टीकाकरण किया गया था। शेष कुत्तों के टीकाकरण के लिए कल एक टीम आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अफजलगढ़ में काटने की घटनाओं में शामिल कुत्तों को भी पकड़कर उनका टीकाकरण किया जाएगा।

# एकेएम इंटर कॉलेज का परीक्षाफल घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** एकेएम इंटर कॉलेज में नर्सरी से कक्षा 11 तक की वार्षिक परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम एक भव्य समारोह के साथ घोषित किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 6 की छात्रा मुस्कान ने कॉलेज में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी खुर्शीद कुरैशी ने की और संचालन डा. आलमगीर काजमी द्वारा किया गया। प्रसिद्ध शिक्षाविद परवेज़ आदिल माही ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए कहा कि, 'माता की गोद बच्चे का पहला स्कूल होती है।ष' उन्होंने बच्चों की प्राथमिक शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर विशेष बल देते हुए अभिभावकों से बच्चों के भविष्य निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।




## मुस्कान ने किया कॉलेज टॉप

विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में अफ्शान, जोया बानो, इंशा नूर, उजैर मलिक, मोनिस अरमान, इज्यान, लुबना, अरहान, मुस्कान, अलकमा, रिमशा, आलिया, फिजा, जारा, माहिरा नाज, शनाया, उजैफा, इनायत, तूबा, फारिया, सिदरा, खतीजा, अलीना नाहिद, माही, रूजदा, आरुषा, हिफ्ज़ान, शायान, नमरा, अब्दुल्ला, अरहम, फरीद, आयशा, अदीबा, नाजिया, सुमैया, फरहीन और आफिया शामिल रहे।

परीक्षा परिणाम घोषित करने के साथ-साथ नगर की विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापिका जेबा परवीन, मुस्कान परवीन, अनम अंसारी, अनम जैदी, तूबा परवीन, आशिमा परवीन, हुदा परवीन, मौहम्मद आस्फि शमसी, ओम प्रकाश, समरीन, फरहीन खातून और साबरा आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

इस मौके पर नगर के गणमान्य व्यक्ति जैसे शायर मौहम्मद अकरम, नईम अहमद, किसान यूनियन के आलमगीर उस्मानी, सपा नेता शेख मौहम्मद राशिद, मास्टर अली हसन और शायर डा. इमरान सागर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधक डा.आलमगीर काज़मी ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सबका आभार व्यक्त किया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पति शिवराज सिंह पुत्र लाखन सिंह के गलत व्यवहार और गलत संगति के कारण उसके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हूं। मैं व मेरे पुत्र आयुष कुमार, पुत्री विपांशी राठी का अब शिवराज सिंह से कोई मतलब वास्ता नहीं है। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं व मेरा परिवार इसके किसी भी कृत्य के उत्तरदायी नहीं होंगे। **-अपेक्षा देवी पत्नी शिवराज सिंह निवासी अजीतपुर दासी, थाना धामपुर, जिला बिजनौर।**

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेन्स के यहां श्रीमती अदिति सिंह पत्नी राजीव कुमार ने अपने भवन निर्मित ग्राम मौज्जमपुर जैतरा, धामपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे शौनाथ सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने चन्दु सिंह व अन्य को बही सं. 1 जिल्द सं. 626 पृष्ठ 87/88 क्रमांक 2109 दिनांक 3/10/1970 को बेची थी तथा चन्दु सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने उक्त अपने हिस्से की वसीयत श्रीमती हेमलता पत्नी श्याम सिंह को बही सं. 3 जिल्द नं. 99 पृष्ठ 74/75 क्रमांक 281 दिनांक 10/12/1992 की थी तथा श्रीमती हेमलता ने 273.21 वर्ग मी. श्रीमती अदिति सिंह पत्नी राजीव सिंह को विक्रय बही नं.1 जिल्द संख्या 15388 पृष्ठ सं. 65/78 क्रमांक 13883 दिनांक 22/06/2024 को की थी। जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था तथा उत्तराधिकारी को उक्त के संबंध के बारे में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

# गैस की होम डिलीवरी न होने से परेशानी

## सहसपुर में इंडेन गैस एजेंसी पर सुबह से लग रही गैस सिलेंडर के लिए कतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** नगर की आवाम को रसोई गैस की किल्लत से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी के बाहर सुबह सात बजे से ही लंबी कतारें लग रही हैं। इसके बावजूद लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।




उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस प्राप्त करने के लिए कई औपचारिकताओं से गुजरना पड़ रहा है। जिससे प्रक्रिया जटिल हो गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसी द्वारा उनके बुकिंग हुए सिलेंडर को डिलीवर कर दिया जाता है, जिसका मैसेज उनके पास पहुंचता है, लेकिन सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की जाती। यदि उपभोक्ता फोन से वितरक से पूछते हैं, तो वितरक कहते हैं कि आप लाइन में लगकर गैस ले लो। अभी होम डिलीवरी नहीं कराई जाएगी। जिससे उपभोक्ताओं में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले की तरह होम डिलीवरी व्यवस्था नहीं होने से समस्या और बढ़ गई है।

वहीं दूसरी तरफ हजारों उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुक कर रहे हैं, तो कभी दो घंटे का कभी चार घंटे का, तो कभी छह घंटे का एसएमएस आ रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि कोई सही जानकारी उपलब्ध नहीं कर रहे। कभी कह रहे हैं कि आपकी किताब की केवाईसी नहीं हुई।

उपभोक्ताओं का कहना है कि हम लंबे वर्षों से इस एजेंसी से जुड़े हुए हैं यह आपकी कमी है। इसे आपको स्वयं देखना चाहिए था। आपने पूर्व में भी हमारी केवाईसी की है।

कई महिलाओं का कहना है कि सरासर लोगों को परेशान करने के लिए अलग-अलग बातों में उलझा रहे हैं। पहले भी तो बुक करते थे। ऐसे में तुरंत मिल जाता था लेकिन अब व्यवहार में ऐसा क्यों नहीं है। एजेंसी के पास हमारे सारे प्रमाण पत्र दस्तावेज जमा है। केवाईसी भी हुई है, परंतु गैस की उपलब्ध या गैस का एसएमएस नहीं प्राप्त हो रहा है। एजेंसी के प्रतिनिधि व कर्मचारी सुनने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने प्रशासन से गैस वितरण प्रणाली को सरल बनाने और होम डिलीवरी शुरू कराने की मांग की है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया।

स्थानीय मौहल्ला निवासी विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना के समय महिला का पति रोज़ की तरह फेरी लगाकर सब्जी बेचने गया हुआ था। महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए धामपुर के एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। चिकित्सक ने महिला को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही ससुराल पक्ष में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना जैसे ही मृतका के मायके पक्ष को मिली तो वह तुरंत शेरकोट पहुंच गए। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए महिला की हत्या किए जाने की आशंका जताई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और तनाव की स्थिति बन गई। जिससे माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया। सूत्रों के अनुसार स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों की मध्यस्थता से दोनों पक्षों के बीच बातचीत कराई गई। काफी देर तक चली पंचायत और बातचीत के बाद अंततः दोनों पक्ष आपसी समझौते पर सहमत हो गए। समझौता होने के कारण मामले में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई और न ही पुलिस को औपचारिक तहरीर दी गई। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक नजर

### माइक्रोबायोलोजिस्ट पद पर चयन



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के माइक्रोबायोलोजी विभाग के मेधावी छात्रों का प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ माइक्रोबायोलोजिस्ट पद पर चयन जो कि कृष्णा कालेज के लिए गौरव का विषय है। यह चयन प्रक्रिया देहरादून स्थित किंगस्टन इंपीरियल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी (के.आई.आई.टी.) में आयोजित की गई थी। इसमें 100 से भी अधिक छात्र-छात्रों ने हिस्सा लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा और विभिन्न चयन चरणों को पार करने के बाद कृष्णा कालेज के बी.एस.सी. माइक्रोबायोलोजी के तृतीय वर्ष की छात्राओं-दामिनी, नीशु राजपूत तथा प्रतिभा रानी का बायोडील फार्मास्यूटिकल्स कंपनी में माइक्रोबायोलोजिस्ट के पद पर चयन हुआ। छात्रों की इस उपलब्धि पर कृष्णा कालेज के मैनेजमेंट और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेजेस के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि यह हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और हमारे द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। हमें विश्वास है कि हमारे छात्र फार्मा उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बनाएंगे। कृष्णा कालेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। माइक्रोबायोलोजी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. ज्योत्सना सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके करियर के लिए शुभकामनाएं दी तथा अन्य विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता से प्रेरणा लेने की सीख दी।

### एनपीएस के विरोध में प्रदर्शन



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज में केंद्र सरकार द्वारा लागू एनपीएस, यूपीएस के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन समाप्त कर एनपीएस को लागू किया। जिसके विरोध में आज शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। समय-समय पर आंदोलन होते रहे हैं। जिला मंत्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि एनएमओपीएस और अटेवा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन एक संवैधानिक अधिकार है। जब देश में एक देश एक संविधान है, तो फिर पेंशन क्यों नहीं दी जा रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजीव चौहान, केशव शरण, बसंत यादव, विवेक कुमार, अश्वनी कुमार, भीमसेन हल्दिया, नवनीत कुमार, प्रदीप कुमार, अतुल कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## मारपीट का वीडियो वायरल

**नांगल सोती।** ग्राम गौसपुर में मारपीट की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। मामला बीस दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस मामले में एफआर लगा चुकी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गौसपुर में 12 मार्च को दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मामले में कुंवरपाल सिंह की ओर से चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस मामले में एफआर लगा चुकी है। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने से होने और नांगल पुलिस द्वारा एफआर लगने से पुलिस पर सवालिया निशान लग रहे है। थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। वादी पक्ष की ओर से कोई कार्रवाई न चाहने पर मामले में एफआर लगा दी गई थी।

# आरयूएम में परीक्षाफल देख बच्चों के चेहरे खिले





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परिक्षाफल 98.20 प्रतिशत रहा। जबकि जूनियर विंग में सना इकबाल ने 94.29 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉप कर परिवार का नाम रोशन किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा सात की छात्रा सना इकबाल पुत्री इकबाल अहमद ने 94.29 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। वहीं द्वितीय स्थान कक्षा सात कि छात्रा अलीशा ने 91.70 प्रतिशत व कक्षा आठ की छात्रा इकरा महक ने 90.88 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहा। वहीं कक्षा नौ का 96.91 प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ ने मेघावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। परीक्षाफल घोषित करने से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी इस वर्ष कक्षाओं में फेल हो गए है, वह निराश न हो और आगे दिल से महेनत कर अपने आप को आगे बढ़ाए तथा आज के समय में शिक्षा जरुरी है। शिक्षा के बिना इंसान अधूरा है।

इस मौके पर कैलाश चंद्र, शकील अहमद, सुरेंद्र पाल, मौहम्मद आलम, मौहम्मद रिजवान, मौहम्मद शहजाद, रईस अहमद, मौहम्मद अरशद हुसैन खां सहित स्टाफ एवं अभिभावक आदि मौजूद रहे। वहीं आरयूएम प्राइमरी स्कूल का रिजल्ट घोषित कर प्रथम, द्वितीय व तीतृय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर इकबाल अहमद, नईम अहमद, मौहम्मद उस्मान सहित आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत रैली निकाली



**बिजनौर।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्ट्रेट से इंदिरा बाल भवन तक निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे। रैली के उपरांत इंदिरा बाल भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बच्चों को प्रोत्साहित किया गया तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों को जलपान भी कराया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए।

# खुशी व प्राची का ऑल इण्डिया अन्तर विश्वविद्यालय रस्सा खेंच प्रति. में चयन

## छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय की रस्सा बेंच टीम वाई.एम.एस. पी.जी. कॉलेज मण्डी धनौरा में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में 23 मार्च 2026 को सहभागिता किया।

वहां वाई.एम.एस. पी.जी. कॉलेज मण्डी धनौरा में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में गुलाब सिंह कॉलेज चान्दपुर को हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें से दो छात्राओं खुशी ठाकुर व प्राची रानी का चयन ऑल इण्डिया अन्तर विश्वविद्यालय रस्सा खेंच की प्रतियोगिता के लिए गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद की टीम की ओर से कालीकट (केरल) में खेलने हेतु हुआ है। यह छात्रायें रस्सा खेंच (महिला) प्रतियोगिता के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट खेलने जाएगी। महाविद्यालय आने पर इन सभी छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती रेनू गोयल व प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने छात्राओं तथा टीम मैनेजर डॉ. नगमा परवीन, श्रीमती ज्योति को उनके प्रयास के लिए सराहना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

# सीएचसी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शासन के निर्देशानुसार एक अप्रैल से प्रारंभ हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके स्नेही द्वारा फीता काटकर की गई। यह अभियान 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा।




इस अवसर पर डॉ. बीके स्नेही ने कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों को संचारी रोगों की रोकथाम की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत वेक्टर जनित एवं जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए जन जागरुकता स्वच्छता अभियान तथा हाई रिस्क गांवों में एंटी लार्वा छिड़काव कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग है तथा कुल 12 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई, मच्छर नियंत्रण, स्वच्छ पेयजल का उपयोग तथा जलभराव रोकना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के तहत ब्लॉक क्षेत्र में आशा कार्यकत्रियों द्वारा जन जागरुकता रैलियां एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, प्रदीप रावत सहित चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं आशा, संगिनी संयोगिता समेत अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

### जनकल्याणार्थ हवन यज्ञ में दी आहुतियां




**धामपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस पर मंदिर श्री भगवती चरण पीठ में वेदी पूजन एवं जनकल्याण हेतु हवन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य यजमान ब्रजमोहन गुप्ता चश्मे वाले सपत्नी राधा गुप्ता , नितिन गुप्ता सपत्नी राशि गुप्ता, संजीव कुमार सपत्नी किरण, प्रमोद वर्मा सपत्नी रुचि वर्मा, नीरज रस्तोगी सपत्नी चंचल रस्तौगी राकेश जैन सपत्नी पिंकी जैन मौजूद रही। हवन के उपरांत हनुमान जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने बाबा के सुंदर भजनों का गुणगान किया। सभी मांगलिक कार्यक्रम पंडित कृष्णावतार शर्मा, आचार्य गौरव कृष्ण भारद्वाज और माधव भारद्वाज द्वारा संपन्न कराए गए। कार्यक्रम में शरद गुप्ता, हर्ष गुप्ता, एड. कुणाल गांधी, एड. पुलकित जैन, अनिल कश्यप, पायल गुप्ता, सीमा, गोपाल माहेश्वरी, हरिकांत शर्मा, आशीष मित्तल, मोहित अग्रवाल आदि श्रद्धालू उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने बचाई घायल तेंदुए की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में इंसानियत और संवेदनशीलता की एक अनोखी मिसाल उस समय देखने को मिली, जब पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने सड़क दुर्घटना में घायल पड़े तेंदुए की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। चेयरमैन के इस मानवीय कार्य की सराहना की जा रही है।



## सराहनीय कार्य की नगर में चर्चा

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी अपने साथियों के साथ क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक घायल तेंदुआ तड़पता हुआ दिखाई दिया। जिसे किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगी होने की आशंका जताई जा रही है। तेंदुआ गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। स्थिति को गंभीर देखते हुए फैसल वारसी ने तुरंत वाहन रुकवाया और साथियों की मदद से वन्यजीव को सुरक्षित स्थान पर कराया। उन्होंने घायल तेंदुए को पानी पिलाया तथा उसे किसी प्रकार की और क्षति न पहुंचे इसके लिए आसपास लोगों को दूर रहने की अपील की। इसके बाद बिना देर किए वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची और घायल तेंदुए को उपचार के लिए सुरक्षित रूप से ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मदद न मिलती, तो वन्यजीव की जान को खतरा हो सकता था। इस घटना ने यह संदेश दिया कि सच्ची मानवता केवल इंसानों तक सीमित नहीं बल्कि हर जीव के प्रति संवेदना रखना ही असली इंसानियत है। घटना के बाद नगर क्षेत्र में चेयरमैन फैसल वारसी के इस सराहनीय कार्य की चर्चा बनी हुई है।

# मिठाई में घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** ग्राम मिठाई में घर में घुसकर लाठी-डंडों और तमंचे से हमला करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह घटना बीती रात हुई जब ग्राम मिठाई निवासी अर्जुन सिंह के घर पर हमला किया गया।

अर्जुन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीती रात एक कार आकर रुकी। कार में से हरिराज सिंह पुत्र रघुराज सिंह और सचिन पुत्र जगतवीर सिंह निवासीगण ग्राम कुंडा खुर्द लाठी-डंडे और तमंचा लेकर निकले और उनके घर में घुस गए। पीड़ित अर्जन सिंह का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला किया। सचिन और जागेश ने जान से मारने की नीयत से दो फायर भी किए। जिसमें उनकी बेटी बाल बाल बच गई। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। तमंचे की छीना झपटी में अर्जुन सिंह के पिता के हाथ में चोट लग गई।

आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सभी छह आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पृष्ठी है उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में नहीं दिया जाएगा।

### मुआवजे की मांग




**नहटौर।** ग्राम हरपुर निवासी नन्हे सिंह आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो गए थे और उनका मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया था। मुआवजे की मांग को लेकर वे आज बीडीओ कार्यालय पहुंचे। नन्हे सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले उन पर आकाशीय बिजली गिरी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें पहले नहटौर और फिर बिजनौर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। लंबे उपचार के बाद वह स्वस्थ होकर घर लौटे, लेकिन बिजली गिरने से उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। पीड़ित का आरोप है कि शारीरिक और आर्थिक नुकसान झेलने के बाद भी उन्हें शासन-प्रशासन से क्षतिग्रस्त मकान के लिए कोई मदद नहीं मिली है। मुआवजे की मांग को लेकर नन्हे सिंह अब तक कई अधिकारियों के चक्कर काट चुके हैं। इनमें बीडीओ नहटौर, सीडीओ एवं डीएम कार्यालय शामिल हैं। उन्होंने अपनी शिकायत लेकर लखनऊ और गौरखपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ तक भी अर्जी सौंपी, लेकिन अभी तक उन्हें कोई राहत राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव अंतरिक्ष कुमार का कहना है कि मौके पर पहुंचकर जांच की गई है। आर्थिक तंगी और रहने की समस्या से जूझ रहे नन्हे सिंह अभी भी न्याय की उम्मीद में हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द मकान की मरम्मत और आर्थिक सहायता के लिए उचित मुआवजे की मांग की है।

# महिला पुलिस ने योजनाओं व हेल्पलाइन की जानकारी दी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।

अभियान के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, छात्रवृत्ति योजना और कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी बताया गया। महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया। इनमें 1090 (वीमेन हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 108 (एम्बुलेंस सेवा) प्रमुख थे।अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों में 101 (अग्निशमन सेवा), 102 (गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु के लिए एम्बुलेंस), 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 181 (वीमेन हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर फ्रेंड हेल्प लाइन) शामिल थे। जागरूकता के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए।

# रजनी कालरा बनीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष

## पंजाबी समाज ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भाजपा में सक्रिय रहने वाली किरतपुर की नेत्री रजनी कालरा को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस उपलब्धि पर नगीना के पंजाबी समाज में हर्ष की लहर है।



इस खुशी को साझा करने और रजनी कालरा को बधाई देने के लिए नगीना से पंजाबी समाज के प्रतिनिधि और भाजपा नेताओं का एक दल उनके किरतपुर स्थित आवास पर पहुंचा।

इस दौरान समाज के लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। रजनी कालरा के जिला उपाध्यक्ष बनने पर नगीना से पहुंचे भाजपा नगर मंडल महामंत्री सरदार हरमीत सिंह और मंत्री मनोज कालरा ने कहा कि पार्टी ने एक समर्पित और मेहनती कार्यकर्ता को उचित सम्मान दिया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि रजनी कालरा के अनुभव से जनपद में भाजपा संगठन और मजबूत होगा।

इस मौके पर रजनी कालरा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगी। उन्होंने नगीना से आए सभी सदस्यों का स्वागत किया और उनके प्रेम व समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### विवाहिता युवक के साथ फरार

**नांगल सोती।** क्षेत्र के एक युवक ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को गांव का ही दूसरे समुदाय का एक युवक लेकर फरार हो गया है। उसकी पत्नी उसके चार साल के एक बच्चे को भी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# निबंधन कार्यालय में नई स्लॉट व्यवस्था हुई आरम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/बबराला।** निबंधन कार्यालय की कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित और समयबद्ध बनाने के लिए प्रशासन ने नई टाइम स्लाट व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब संपत्ति की रजिस्ट्री के लिए बुक किए गए स्लाट के भीतर ही पूरी प्रक्रिया समाप्त करनी होगी। नई व्यवस्था के अनुसार, आवंटित समय से अधिकतम एक घंटे के अंदर बैनामा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में प्रक्रिया पूरी न होने पर स्लाट स्वत: समाप्त हो जाएगा।

**0 स्लाट आवंटन के एक घंटे के भीतर बैनामा कराना अनिवार्य**

निबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक यह नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा और इस तारीख के बाद किए गए सभी आवेदनों पर अनिवार्य रूप से लागू रहेगा। यानी अब आवेदक को जो समय आवंटित किया जाएगा, उसकी वैधता केवल एक घंटे तक ही सीमित होगी। यदि इस दौरान रजिस्ट्री पूरी नहीं हो पाती है तो संबंधित पक्षकार को फिर से आवेदन कर नया स्लाट लेना पड़ेगा। नई व्यवस्था को लेकर विभाग, विलेख लेखकों और अधिवक्ताओं को सूचित कर रहा है। साथ ही आनलाइन स्लाट बुकिंग के समय आवेदकों के मोबाइल पर भी इससे संबंधित जानकारी भेजी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। अधिकारियों ने अधिवक्ताओं से यह भी अनुरोध किया है कि वे अपने मुवक्किलों को इस नियम के बारे में पहले से जागरूक करें। प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल के बाद सभी पक्षकार अपने तय समय पर ही निबंधन कार्यालय पहुंचे और निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी कराएं। इससे न केवल कार्यालय में भीड़ कम होगी, बल्कि कार्य भी अधिक पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न हो सकेगा।



सम्भल। किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को बड़ा मैदान पर महापंचायत करते भाकियू असली के कार्यकर्ता।

# किसानों की मांगे नहीं मानी, तो आन्दोलन को होंगे बाध्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग महापंचायत में कर डीएम को ज्ञापन देकर की गई।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार भारतीय किसान यूनियन असली की बड़ा मैदान बहजोई पर महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए। महापंचायत को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने कहा कि इस वर्ष आलू उत्पादक किसान को मंहगी उत्पादन लागत के बाबजूद बाजार में लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण वह हताश होकर आत्महत्या को विवश है। किसान को इस संकट से उबारने के लिए आलू की समर्थन मूल्य पर खरीदी कर शासन स्तर पर निर्यात की समुचित व्यवस्था कर समस्या का निराकरण करके किसानों को इस संकट से उबारा जाए। जबकि शासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित गैंहूं समर्थन मूल्य 2585 प्रति कुं किसानों को प्राप्त नहीं हो पा रहा है। मण्डियों में किसानों के गेंहूं को 2300 प्रति कुं. खरीद कर खुले आम लूटा जा रहा है। इस लूट को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल, हर घर जल योजना में गांव-गांव रास्तों को खोद डाला गया है और आज तक न तो किसी घर में जलापूर्ति हो पाई है और न ही इन तोड़े गये रास्तों की मरम्मत कराई गई है। जिसकी बजह से ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। महापंचायत में रास्तों की मरम्मत कराकर तत्काल जलापूर्ति कराई जाने की मांग की।इसी के साथ जीवन दायनी मां गंगा के प्राकृतिक स्वरूप के साथ खिलवाड को रोके जाने तथा जनपद में मां गंगा की धारा में अवैध खनन रोकने के लिए आन्दोलित किसानों पर लगाए गये झूठे और वेबुनियाद मुकदमे को निष्पक्ष विवेचना कर निरस्त करने की मांग की गई। किसानों की समस्याओं का निराकरण न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई।

# किरायेदार बनकर आया युवक दम्पति को लूटकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**0पांच सौ रुपये देकर किराये की बात तय की**
**0बात करने के बाद अचेत हो गए दम्पति**
**0सुबह बाहर नहीं आने पर भतीजे ने जाकर देखा**
**0सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराए गए भर्ती**

**बबराला।** नगर में किराएदार बनकर आए एक व्यक्ति ने दंपती को नशा सुंघाकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूट की घटना को अंजाम दिया।सुबह जब पता चला तो दंपती अचेत अवस्था में मिले। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया गया है।पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

थाना बबराला के मोहल्ला शिवपुरी कालोनी में बीती रात साढ़े नौ बजे एक अज्ञात युवक किराएदार बनकर सुरेश चंद के घर पहुंचा। उसने पांच सौ रुपये देकर एक घंटे तक बातचीत की और मकान किराए पर लेने की बात तय कर ली। इसी दौरान मकान मालिक सुरेश चंद्र और उनकी पत्नी गुडडू देवी बेहोश हो गए। वह पूरी रात अचेत अवस्था में पड़े रहे। बुधवार सुबह जब घर से कोई बाहर नहीं आया तो उनके भतीजे नीरज ने अंदर जाकर देखा उन्हें पति-पत्नी जमीन पर अचेत अवस्था में मिले घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से सोने-चांदी के आभूषणों के साथ करीब 20 हजार की नकदी भी गायब थी। भतीजे नीरज ने तत्काल डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी एंबुलेंस की मदद से दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में भर्ती कराया गया। जहां दो घंटे के इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। डायल 112 पुलिस के पहुंचने के बाद स्थानीय थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके। पड़ोसी ने बताया कि दंपति घर के अंदर अचेत अवस्था में पड़े थे और सारा सामान बिखरा हुआ था उन्होंने जानकारी दी कि रात में कोई किराएदार आया था जिसने उनके घर पर खाना भी खाया था। उसी के बाद से दंपति बेहोशी की हालत में मिले हैं। घर से क्या-क्या सामान गया है इसकी पूरी जानकारी तो दंपति ही दे पाएंगे। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है पूरी जांच की जा रही है अस्पताल में इलाज चल रहा है। अभी उनसे बातचीत नहीं हुई है किराएदार बनकर कोई व्यकित उनके घर में आया था और रात को रोटी खाकर घर पर ही सोया था लेकिन वह आदमी अब फरार है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-कस्बा सिरसी में फागिंग करते नगर पचायत सफाई कर्मी।

## राहत: नगर पंचायत ने कराई फागिंग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत ने कस्बे वासियों को मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया।

गौर तलब है कि गर्मी की दस्तक के साथ ही नाले-नालियों । गंदगी में आराम कर रहे मच्छरों ने अब कस्बेवायियों को डंक मारने का काम शुरू कर दिया है। जिससे एक ओर जहां संक्रामक बीमारियां मिलने की आशंका तां वहीं नागरिकों की नींद व आराम में खलल पड़ता है। नगर पंचायत की ओर से कस्बे के सभी वार्डो में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव का काम शुरू किया है।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बढत्ने जल स्तर पर उफान लेती गंगा नदी।

# संचारी रोग अभियान की सफलता को डीएम ने दिलाई शपथ

**0हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन को रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलैक्ट्रेट परिसर से आयोजित रैली को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैसिया ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। कलैक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यलय परिसर पर समाप्त हुई। इस दौरान जिलाधिकारी सभी लोगों को संचारी रोगों को लेकर शासन की ओर से उपलब्ध करायी गयी शपथ दिलाई।डीएम ने बताया कि कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल 26 से 30 अप्रैल 26 तक तक सम्पादित किया जायेगा।जबकि दस्तक अभियान दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 26 तक चलेगा। उन्होने सभी विभागो को संचारी एवं दस्तक अभियान में शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए सफल बनाने को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. तरूण पाठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रैली मे आयी हुई आशाओं को माईक्रोप्लान के अनुसार संचारी एवं दस्तक अभियान में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही दस्तक अभियान में घर-घर भ्रमण में पाये गये बुखार के रोगियो, लक्ष्ण युक्त टी.बी. मलेरिया आदि रोगियों, की सूचना ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करें। डा. पंकज विश्नोई, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी आशाओं से आभा आई.डी. बनाने तथा उसको परिवार को देने साथ ही दस्तक अभियान में घर-घर सोर्स रिडक्शन के कार्य को सुचारू रूप से करने तथा लार्वा मिलने पर उसका अंकन अपनी रिपोर्ट में प्रत्येक दशा में करने के निर्देश दिये गये। रैली के उद्घाटन में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ,डी.पी.एम., डी.सी.पी.एम., आशा, ए.एन.एम., अपर शोध अधिकारी व मलेरिया विभाग के अधिकरी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्भल- संचारी रोग अभियान की सफलता को शपथ दिलाते जिलाधिकारी।

## पांच दिवसीय स्काउट शिविर का समापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में आयोजित त्रिदिवसीय प्रथम सोपान एवं पंच दिवसीय तृतीय सोपान स्काउट/गाइड शिविर का समापन हो गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत द्वारा स्काउट/गाइड ध्वजारोहण के साथ किया।अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में स्वस्थ एवं सशक्त रहना अत्यंत आवश्यक है। जब हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत होते हैं, तभी हम दूसरों की सहायता कर सकते हैं तथा देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। शिविर में प्रथम सोपान के 49 तथा तृतीय सोपान के 27 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का संचालन मुख्य प्रशिक्षक प्रिंस कुमार जिला संगठन आयुक्त, एवं ट्रेनिंग काउंसलर अजीत कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ।शिविर के दौरान विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता एवं टीमवर्क से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। तृतीय सोपान के स्काउट्स हाइक पदयात्रा पर गए, जहाँ उन्होंने प्राकृतिक परिस्थितियों में रहकर जीवन कौशलों का अभ्यास किया।

# रंजिशन महिला के दोनों पांव तोड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**0दबंगों के खिलाफ गोकशी और फर्जी बीमा की शिकयत की थी, दबंग तभी से रखते चले आ रहे हैं रंजिशन सोशल मीडिया पर मामला जमकर हो रहा वायरल**

**सम्भल।** जिले में मिशन शक्ति कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर जागरूक कर उनकी सुरक्षा आदि कार्यक्रम चलाया जा रहा है वहीं दबंगों को कोई खौफ नहीं है। दबंगो ने रंजिशन महिला के साथ लाठी डंडे व सरिया से किया जानलेवा हमला किया बल्कि उसके दोनों पांवो को तोड़ डाला। महिला के साथ क्रूरता का यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यह मामला थाना बहजोई क्षेत्र के सादातबाड़ी गांव का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल मामले में गांव सादातबाडी निवासी कमलेश पत्नी पप्पू सुबह करीब 9 बजे घर से परचून की दुकान पर सामान लेने जा रही थीं। आरोप है कि जैसे ही वह गांव में रब्बू के घर के पास पहुंचीं, तभी पहले से घात लगाए बैठे चार-पांच लोगों ने महिला को घेर लिया और अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने महिला को लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से बेरहमी से पीटा,जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना की सूचना मिलते ही महिला की बेटी पिंकी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए बहजोई सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता के पति पप्पू का आरोप है कि उनकी पत्नी ने पूर्व में गांव के कुछ लोगों के खिलाफ गोकशी और फर्जी बीमा घोटाले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की थी। इसी बात को लेकर आरोपी उनसे रंजिश मानते थे और मौका पाकर इस घटना को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उड़ान ग्रुप संचालिका ममता ने तेलंगाना में कलाकृति की प्रस्तुत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**0 चित्र में स्टेट ऑफ गैलरी अध्यक्ष ने किया सम्मानित**

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप संचालिका डा. ममता राजपूत की कलाकतियां हैदराबाद तेलंगाना कालाडेरागा में प्रस्तुत की गई। नगर बबराला के मोहल्ला लेखपाल कालोनी निवासी डा. ममता राजपूत को राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला राज्य कला गैलरी हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला प्रदर्शनी में आमंत्रित किया गया। इसमें प्रत्येक राज्य से 15 कलाकारों को आमंत्रित किया गया। कर्नाटक गोवा मध्य प्रदेश महाराष्ट्र गुजरात राजस्थान दिल्ली उत्तर प्रदेश इस कार्यशाला सर चंद्र ट्रस्ट और परिचय आर्ट फाऊंडेशन द्वारा चित्र में स्टेट गैलरी में पांच दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला कार्यशाला को रखा गया था। चित्र में स्टेट आफ गैलरी अध्यक्ष के द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने ममता राजपूत के द्वारा बनाई गई कलाकृति की सराहना की और उनकी कलाकृति को सभी ने बहुत पसंद किया। उन्होंने हम अपने उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के साथ अपनी कलाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इसको प्रस्तुत किया। कलाकारों को हैदराबाद तेलंगाना के सभी प्रमुख स्थलों पर विजिट भी कराई गयी।

## लापता नाबालिग पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पुलिस द्वारा गुमशुदा बालक/बालिकाओ की बरामदगी को चलाये जा रहे अभियान में बबराला पुलिस टीम ने गुमशुदा दीपक गौतम (16) पुत्र रोहिताश निवासी मौ.कल्लू नंगला कस्बा व थाना बबराला की तलाश की जा रही थी। गुमशुदा को पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद कर लिया गया। जिसे पुलिस ने सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया। घटना 31मार्च 2026 को वादी रोहिताश पुत्र करन सिंह निवासी मौ. कल्लू नंगला कस्बा व थाना बबराला ने थाना आकर लिखित सूचना दी कि मेरा पुत्र दीपक गौतम 26.मार्च की सांय 07 बजे से घर से रामनवमी शोभा यात्रा देखने के लिये। कस्बा बबराला में गया लेकिन वापस घर न आने की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उ.नि. प्रवीन कुमार ने टीम के साथ गुमशुदा को बरामद कर लिया।

# शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** शिक्षक कभी रिटायर नही होता वह सदा समाज को राह दिखाता रहता है। अलबत्ता उसका कार्य क्षेत्र अवश्य बदल जाता है। शासकीय नियमानुसार 62 वर्ष की आयु पूरी होने पर वह अपनी नौकरी से सेवानिवृत हो जाता है। लेकिन शिक्षक सदा शिक्षक ही रहता है। सेवानिवृति के बाद वह स्वतंत्र होकर समाज की सेवा करता है। यह विचार अंबेडकर हाई स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में पूर्व प्रधानाचार्य कमाल अहमद जैदी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर वर्तमान प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने व्यक्त किए। उन्होंने कमाल अहमद जैदी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें अनुभवी शिक्षक बताया। साथ ही आशा व्यक्त की कि वह इसी तरह शिक्षा में अपना योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर शिक्षक साथियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डा. छत्रपाल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य हीरालाल, पूर्व प्रधानाचार्य सुदेश चंद त्यागी, प्राइमरी पाठशाला के इंचार्ज सरदार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। शिक्षक बिन्नामी सिंह, कुलदीप सिंह, लोकेश कुमारी, विकास, सीमा, संजय सिंह नरेश, पवन कुमार, रतनपाल आदि ने कमाल अहमद जैदी को उपहार भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। समारोह की अध्यक्षता समिति के बुजुर्ग पदाधिकारी रामौतार ने व संचालन सरदार सिंह ने किया। अंत में सेवानिवृत शिक्षक कमाल अहमद जैदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के हित में आजीवन सक्रिय रहने का आश्वासन दिया।



सिरसी- सेवा निवृत शिक्षक कमाल ज़ैदी को सम्मानित कर विदाई देते।

## माता पूर्णगिरी धाम को जत्था रवाना

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर गुन्नौर से मां पूर्णागिरि धाम को 20 सदस्यीय जत्था रवाना हुआ। उनको तिलक लगाकर रवाना किया। नगर गुन्नौर से बुधवार को 20 सदस्यीय जत्था पूर्णागिरि को रवाना हुआ।श्रृद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए निकले। जत्थे में रविराज गुप्ता, सलोनी अंशुल, रिंकू,बीना,कल्लू, रश्मि मोनू, अन्नू, पूजा, माधव, मन्नू राधिका, जीविका, आन्या, गणेश आदि रहे।

## छात्राओं को होनी चाहिए अच्छे व बुरे की पहचान

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** एम.जी.एम.पी.जी.कालेज,सम्भल में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अन्तर्गत छात्राओं को बैड टच गुड टच के की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति प्रभारी डा.रीतू भटनागर ने छात्राओं से कहा कि उन्हे अच्छे और बुरे की पहचान होनी चाहिये। यदि कभी भी सफर करें और कोई बुरी नीयत से देखता है या टच करता है तो उसका पुरजोर विरोध करें। इसके लिए घबराने की जरूरत नही है, क्योंकिपुलिस हैल्प लाइन नम्बर 121 व महिला हैल्प लाइन नम्बर हमेशा सक्रिय रहता है। बस उस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत कर सकती है। जिस पर भरसक सहायता की जाएगी। इसके साथ ही जगह जगह पर महिलाओं के लिए पिंक बूथ भी बनाए गये हैं। जहां महिलाओं की भरसक सहायता की जाती है। इस मौके पर डा अर्चना बंसल व डा. प्रीति सिंह उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रो. डा.योगेन्द्र सिंह ने भी छात्राओं को निडर रहने के लिए प्रोत्साहित किया ।संचालन डा.पूजा गुप्ता ने किया।

## शोभायात्रा की सफलता को बनाइ रणनीति

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** भगवान महर्षि कश्यप एवं भगवान निषादराज जी की भव्य शोभायात्र के सफल आयोजन और तैयारियों को लेकर बैठक में रणनीति बनायी गयी। जबकि कई गांवो में बैठकें आयोजित की गईं। आठ अप्रैल को महर्षि कश्याप एवं भगवान निषादराज जी की शोभायात्रा का आयोजन ग्राम आलमपुर में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने के लिए प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डा. संजय निषाद के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं विधानसभा सम्भल एवं असमोली क्षेत्र के हरथला, राठौर, बेला, शाहपुर चामरान, ग्राम सिसौत सहित विभिन्न गांवों में जनसभा एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठकें आयोजित की गईं इन बैठकों में क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के जिम्मेदार लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई।बैठक में हरिराम कश्यप (पूर्व प्रधान), राम लखन कश्यप, अखिलेश कश्यप, प्रेमपाल कश्यप, आकाश कश्यप, खेमपाल कश्यप, संजय कश्यप, कश्यप समाज, सोमपाल कश्यप, रंजीत, बृजवासी, राकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

## विभागों को आवंटित धनराशि की दी जानकारी

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अधयक्षता में वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न विभागों को आवंटित एवं व्यय की गयी धनराशि की जानकारी दी। डीएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत 24 प्रमुख विभागों के प्रमुख मदों में 53941.98 लाख रुपये आवंटित हुए तथा 51015.36 लाख रुपये धनराशि व्यय की गयी। नियोजन विभाग के अंतर्गत त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रस्तावित विभिन्न ग्रामीण सड़कों एवं भवनों के लिए 1238.04 लाख रुपये की धनराशि आवंटित हुई जोकि शत प्रतिशत कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित कर दी गयी। शीघ्र ही समस्त कार्य पूर्ण करा लिए जाएंगे। इसी प्रकार मत्स्य विभाग के अन्तर्गत 16.22 लाख रुपये ,लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत 30282.01 लाख रुपये ,डीआरडीए के ग्रामीण आवास के अन्तर्गत 515.80 लाख रुपये ,सिंचाई तथा जल संसाधान के अन्तर्गत नहर सफाई एवं अन्य कार्यों में 600 लाख रुपये आवंटित।

# विद्याकुंज में उच्च अंक पाने वाले बच्चे किए गए सम्मानित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के चंदौसी रोड स्थित विध्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीएसए अलका शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि विद्यार्थियों ने मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया।

कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य और गीतों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के 43 मेधावी छात्रें को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबन्धक अतुल गोयल उर्फ भोला ने कहा कि वार्षिक परीक्षफल बच्चों की पूरी साल की मेहनत का परिणाम है। बच्चे मेहनत करके अच्छे अंक लाये हैं। इसके लिए उनकी मेहनत के साथ अभिभावकों व शिक्षकों का भी योगदान है। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय को उपलब्धियों और शैक्षणिक गतिविधियों की जनकारी दी। अतिधियों में अनिल द्विवेदी, डा.कैलाश वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव,भगवान सिंह और थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी शामिल रहे। कार्यक्रम में एचीएसए मुंशीलाल पटेल, स्कूरल डायरेक्टर अतुल कुमार भोला, नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवधन वार्ष्णेय, धर्मेंद्र प्रजापति, सपा नेता अमित यादव, प्रबंधन समिति के कार्तिक गोयल, पूजा गोयल, सोनू गोयल, गार्गी गोयल, डिम्पल, नितिन, विवेक, अनिल गुप्ता, सोमेश पाठक, शशिकांत, सुमित वार्ष्णेय, सात्विक, गर्वित, सत्यम मिश्रा, आकाश आदि मौजूद रहे। संचालन विनीता अग्रवाल व श्वेता वार्ष्णेय ने संयुक्त रूप से किया।क



# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** धनारी पटटी लाल सिंह स्थित कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। जबकि शानदार अंक प्राप्त किए चंचल ने 91 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय के गौरेश गौतम ने 78 प्रतिशत सचिन 82 जारा 91, शिखा कुमारी 78, कोसेंद्र 75, खुशबू कुमारी, 72, फरीन 76, अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ अभिभावकों में भी खुशी की लहर दौड़ गई। इसी खुशी और नए सत्र के प्रवेश प्रारंभ पर विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा हवन-पूजन कर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य जयपाल सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसी तरह मेहनत और लगन से पढ़ाई करते रहें, जिससे विद्यालय का नाम आगे भी रोशन होता रहे। कार्यक्रम ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी सुंदर संदेश दिया।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम सरफराज अली के स्थान पर सरफराज हुसैन दर्ज हो गया है।जबकि उनका सही नाम सरफराज अली है।

**शाहनवाज हुसैन पुत्र सरफराज अली निवासी मकान नं. 82, मौहल्ला शेखान गुन्नौर (सम्भल)**

## परीक्षा फल वितरण कर गांव में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर निकाली रैली

**कांठ( शाह टाइम्स )।** उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर कम्पोजिट में बुधवार को शारदा संगोष्ठी का आयोजन हुआ एवं परीक्षा फल वितरित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार विश्नोई एवं ग्राम प्रधान महेश कुमार सैनी ने सयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान/ विद्यालय स्टॉप द्वारा कक्षा एक से आठ तक प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/ छात्राओं को परीक्षाफल एवं



टॉफी एवं मेडल/ गिफ्ट देकर सम्मानित किया । कक्षा-8 में वासु कक्षा-7 में मनीष कक्षा-6 में प्रिंस कक्षा-5 में मानसी कक्षा-4 में रितिका कक्षा-3 में प्रियांशी कक्षा-2 में विवेक कक्षा-1 दिव्याशु ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई व अप्रैल माह में उपस्थित ग्राम वासियों सेअधिक से अधिक अपने बच्चों का सरकारी विद्यालय में प्रवेश करने का अनुरोध किया। बताया कि अब सरकारी स्कूलों कि बच्चे नवोदय विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय, विद्याज्ञान विद्यालय तथा विज्ञान क्विज और खेलों में बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभाओं का लोहा बनवा रहे हैं सरकारी विद्यालयों में एन सी ई आर टी का पाठ्यक्रम होता हैऔर समस्त स्टाफ प्रशिक्षित होता है सभी विद्यालयों में निशुल्क भोजन पुस्तक जूता मौजे ड्रेस फल दूध आदि भी मिलता है अरुण कुमार स0अ0 नेअभिभावकों को विद्यालय में बनी स्मार्ट क्लास के बारे में विस्तार से बताया और पास होने वाले छात्र- छात्राओं का मनोबल बढ़या। बाल वाटिका नोडल शिक्षक द्वाराआंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती ओमकारी का उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया । इसके बाद शासन के निर्देशानुसार गांव में संच. ारी रोग नियंत्रण को लेकर रैली का आयोजन भी किया गया। इस दौरान शिक्षक पुनीत कुमार विश्नोई, बबीता , अभिभावकों में विजय पाल सिंह, सीमा, सरोज, हीरो आदि रही कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक का सहयोग रहा।

## पुलिस मुठभेड़ में फायरिंग करने वाला शातिर तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में चरस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई 31 मार्च की रात गश्त और चेकिंग के दौरान की गई, जब एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने पर उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय रूप से गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जब पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पार्टी पर गोली चला दी।पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी घायल हो गया और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोना उर्फ अमरद. ीप पुत्र दीपक, निवासी आदर्श



कॉलोनी, काली मंदिर के पास, थाना सिविल लाइन्स,जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस टीम ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, जिसमें एक खोखा कारतूस फंसा हुआ था, दो जिंदा कारतूस, करीब 1.713 किलोग्राम अवैध चरस, एक मोबाइल फोन और 1200 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी एक शातिर अपराधी है और उसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पहले जेल जा चुका है, जहां उसे नशे के कारोबार से होने वाले मुनाफे की जानकारी मिली।

इसके बाद उसने चरस की तस्करी शुरू कर दी। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह अवैध तमंचा लोगों को डराने और अपनी सुरक्षा के लिए रखता था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आयुध अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## बकरियों पर हमले से गांव में दहशत, तेंदुए के शावक की आशंका

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में मंगलवार की रात्रि किसान नेमपाल पुत्र राजवीर मौर्य के घेर में बंध रही छः बकरियों को किसी जंगली जानवर ने घुसकर हमला कर मार डाला तथा एक बकरी को मार कर खा गया। खाई हुई बकरी के अवशेष भी मौके पर पड़े मिले। सुबह होने पर किसान ने बकरियों को देखा। घेर के बराबर में खेत में जंगली जानवर के पंजों के निशान ग्रामीणों द्वारा देखे गए हैं जिससे ग्रामीणों को आशंका है कि किसी जंगली जानवर ने बकरियों को हमला कर मारा है। वहीं गांव में जाने वाले मुख्य मार्ग पर कल्लू दिवाकर के मकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में मंगलवार की रात तेंदुआ के शावक जैसी आकृति का एक जानवर गांव में जाते दिखा जिसे ग्रामीण तेंदुआ का शावक मान रहे हैं जिससे गांव में जंगली जानवर की दहशत बनी हुई है। सूचना मिलने पर वन विभाग से वन रेंजर प्रभात कुमार, वन दरोगा विकास नेगी, विशाल श्रीवास्तव तथा दाताराम ने गांव पहुंचकर किसान नेमपाल से जानकारी की और निगरानी के लिए घटना स्थल के लिए विद्युत पोल पर एक कैमरा लगाया।

## एक नजर

### सरकारी अस्पताल में जटिल सर्जरी में बड़ी सफलता डॉक्टरों की टीम ने रचा नया कीर्तिमान

**बिलारी।** क्षेत्र के सरकारी अस्पताल ने एक बार फिर चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। यहां वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रीतपाल सलूजा, डॉ. रेशमा वजाहत सहित चिकित्सा टीम ने जटिल सर्जरी कर मरीजों को नया जीवन देने में बड़ी सफलता प्राप्त की है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. प्रीतपाल सलूजा ने अब तक 58 जटिल सिजे. रियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए हैं। इनमें कई मामले अत्यंत गंभीर प्रकृति के थे, जहां मरीजों की स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन डॉक्टर की कुशलता और त्वरित निर्णय क्षमता ने मां और नवजात दोनों के जीवन को सुरक्षित रखा। प्रत्येक ऑपरेशन में आधुनिक तकनीक और उच्च स्तरीय चिकित्सा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। वहीं डॉ. रेशमा वजाहत द्वारा 160 से अधिक सफल सिजेरियन ऑपरेशन कर एक नया रिकॉर्ड बनाया गया है। उनकी विशेषज्ञता और सतर्क देखरेख के चलते बड़ी संख्या में प्रसूताओं को सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिली। अस्पताल में 28 जनरल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की गई, जिनमें विभिन्न जटिल बीमारियों का ऑपरेशन शामिल रहा। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय, पेशेवर दक्षता और टीमवर्क का परिचय दिया। इस सफलता में डॉ. दुर्गेश प्रसाद, राहुल सहित संपूर्ण मेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मरीजों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराया। अस्पताल प्रशासन ने इस उपलब्धि पर चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि बिलारी में अब उच्च स्तरीय सर्जिकल सुविधाएँ उपलब्ध होने से लोगों को गंभीर उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने भी डॉक्टरों के इस समर्पण और सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।

### एसडीएम ने दिलाई नामित सभासदों को शपथ



**बिलारी।** नगर पालिका में शासन द्वारा नामित सभासदों को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में गीता कोहली, श्रीकांत गुप्ता, मनोज ठाकुर, दिनेश प्रजापति एवं हेमन्त शर्मा थे। इस अवसर पर सभी ने नगर के विकास का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने भाजपा सरकार की तमाम उपलब्धियां और नीतियां बताईं। शपथ ग्रहण समारोह में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष साहू सुनील सहाय, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष आनंदी प्रजापति, परमेश्वर लाल सैनी, डा राजीव सैनी, सोमपाल सैनी रंजीत ईश्वर परमानंद सक्सेना नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, यूनुस रजा कासिम अंसारी, शमशाद हुसैन, सूरज शर्मा, डॉ विजय शर्मा, देवेश शर्मा, रामनिवास शर्मा, एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा सभासदों की जिम्मेदारी नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में अहम होती है।

### सर्राफा बाजार में महिलाओं को किया जागरूक, उपनिरीक्षक छाया बालियान ने दी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**बिलारी।** नगर के सर्राफा बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को लेकर पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व उप निरीक्षक छाया बालियान ने किया। उन्होंने स्वयं



बाजार क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियान के दौरान उप निरीक्षक छाया बालियान ने महिलाओं को 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के उपयोग और महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में महिलाएं इन नंबरों का तुरंत उपयोग कर सुरक्षा और सहायता प्राप्त कर सकती हैं। सर्राफा बाजार में मौजूद महिलाओं और व्यापारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से महिलाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और उनमें आत्मविश्वास भी आता है। उप निरीक्षक छाया बालियान ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, किसी भी प्रकार के उत्पीड़न पर चुप न रहने और तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और आगे भी ऐसे जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाते रहेंगे। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बिलारी में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर सकारात्मक संदेश गया, जिससे समाज में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## एक और बच्ची पर तेंदुए ने किया नाकाम हमला, इस बार भी मौत से लड़ गए परिजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मंगलबार की रात को एक बार फिर तेंदुए ने चारपाई पर लेटी बच्ची को मुंह में दबा लिया और भागने की कोशिश की लेकिन बच्ची के माता-पिता इस बार भी मौत से लड़ गए और बच्चे को छुड़ा लिया उसकी हालत अभी खराब बताई जा रही है। बतादे की मंगलबार की रात को मिश्रीपुर गांव का



किसान अवनेश अपने घर पर था उसका मकान जंगल की तरफ है और बाउंड्री एवं गेट नहीं है उसकी बच्ची दीपांशी आंगन में चारपाई पर लेटी थी रात करीब 8:00 बजे अचानक तेंदुए ने घर में घुसकर बच्ची को मूंह में दबा लिया और घसीटते हुए बाहर ले जाने लगा शोर मचाने पर परिजन डंडा लेकर दौड़ पड़े और तेंदुए से भिड़ गए लेकिन तब तक तेंदुए के दातों ने बच्ची को बुरी तरह से घायल कर दिया। परिजन उसे उठाकर सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर लड़की की हालत चिंता. जनक बताइ जा रही है। बतादे की खादर क्षेत्र के लोग कई सालों से तेंदुए की दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं और शासन एवं प्रशासन इस और से पूरी तरह खामोश है 2 दिन पहले महदूद कलमी गांव में भी तेंदुए ने एक बच्चे को अपना शिकार बनाया था लेकिन उसे भी परिजनों ने तेंदुए के जबड़े से छुड़ा लिया था। क्षेत्र के लोगों ने अब हमलावर हो रहे तेंदुओं से मुक्ति दिलाए जाने की मांग उठाई है।

## कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिलाओं व बालिक. ाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षा, सम्मान हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए मंगलवार को कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा बिचौटा चौराहा स्थित लाइब्रेरी आदि स्थानों पर मिशन शक्ति के बारे में महिलाओं व बालिकाओं को जानकारियां दी गई जिसमें सरकारी सीयूजी नंबर जैसे 112, 108, 102, 1090, 1098 आदि के बारे जानकारी दी तथा बताया कि आपात स्थिति में आप सीयूजी नंबर पर कॉल करके पुलिस सहायता ले सकतीं है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति-5.0 अभियान में उपनिरीक्षक आकाश यादव, प्रीति, अंजलि शर्मा की सहभागिता रही।

## विद्यालय चमरौआ में प्राथमिक शिक्षक संघ का कार्यक्रम हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** प्राथमिक विद्यालय चमरौआ में प्राथमिक शिक्षक संघ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह द्वादश मंडल मुरादाबाद ने छात्रो को पुस्तकें वितरित कर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है नामांकन बढ़ाये। आपका ब्लॉक जनपद में अग्रणी श्रेणी में रहा है उसको आप कायम रखे। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है हर घर तक पहुँच बनाकर नामांकन बढ़ाएंगे। जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ नीरज शर्मा ने कहा कि हमारा मूल काम बच्चों को शिक्षा देना है। हम सब इसको जिम्मेदारी से निभाएंगे। जिला कोषाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष मुंडा पांडेय संजय कुमार सिंह ने अपने संगठन की उपलब्धियां गिनाई और कहा कि हम समाज के अंतिम छोर तक जाकर नामांकन में वृद्धि करेंगे। इस अवसर पर विकासखंड द्वारा जनपद ट्रॉफी मंडल ट्रॉफी और पीएम ट्रॉफी जीतने पर खेल शिक्षक राजेश कुमार संजीव चौधरी अमान अली राजीव देश दीपक कुलदीप सयाल सुभाष कुमार नंदन प्रसाद को सम्मानित किया गया। दौलरा की शिक्षिका सोनम अग्रवाल को उनकी बेटी के उपजिलाधिकारी बनने और बीरपुर थान की शिक्षिका अंजू रानी को उनके बेटे का आईपीएल में चयन होने पर भी सम्मानित किया गया।



## स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बिलारी में संयुक्त रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र (BRC) बिलारी से "स्कूल चलो अभियान" एवं संचारी रोग नियंत्रण को लेकर एक संयुक्त जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में नगर बिलारी



के विभिन्न परिषदीय विद्यालयोंख्रपी. एम. श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी, कम्पोजिट विद्यालय (कन्या) बिलारी, प्राथमिक विद्यालय कोठी बिलारी एवं प्राथमिक विद्यालय अब्बुद्धा बिलारीख्र के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के महत्व और संचारी रोगों से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला। रैली बीआरसी परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए लोगों को जागरूक करती रही। छात्र-छात्राओं ने "हर बच्चा स्कूल जाए" और "स्वच्छता अपनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं" जैसे नारों के माध्यम से आमजन को संदेश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने कहा कि "स्कूल चलो अभियान" का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है, वहीं संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस रैली में सभी चारों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों के प्रति एक सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

## रामरतन इंटर कॉलेज में नवनियुक्त प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह का भव्य स्वागत समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** 1 अप्रैल 2026। राम. रतन इंटर कॉलेज, बिलारी में नवनियुक्त प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के



तत्वावधान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। नव कार्यभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में कॉलेज परिसर में हुआ यह कार्यक्रम शिक्षकों, शिक्षा क्षेत्र के गणमान्यजनों और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति से अत्यंत सफल रहा। समारोह में प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह (सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बिलारी), प्रधानाचार्य रघुपति देव (पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगालिया जट्ट), बिजेंद्र चौहान (पीसीएस इंटर कॉलेज व जिला उपाध्यक्ष), गनपत सिंह (जीसीए इंटर कॉलेज ग्वालखेड़ा), राजीव कुमार शर्मा (आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सोडारा), कु. सुनीता राठौर (शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज, बिलारी), आशीष सिंह जादौन (ग्रामा. ेदय विद्यालय अमरपुर काशी) सहित अनेक शिक्षाविदों एवं शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ, भगवा गमछा, स्मृति चिन्ह एवं श्रीमद्भागवत गीता भेंटकर नवनियुक्त प्रधानाचार्य का सम्मान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि रामरतन इंटर कॉलेज बिलारी क्षेत्र का एक प्राचीन व प्रतिष्ठित संस्थान रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में विद्यालय पुन: अपनी गौरवशाली परंपरा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पिछले 37 वर्षों से शिक्षकों के सेवा-सुरक्षा, सम्मान और गुरु-शिष्य परंपरा के पुनर्स्थापन के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक उत्थान हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## मुख स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित, वरिष्ठ चिकित्सकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**बिलारी।** राष्ट्रीय लोक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत "मुख स्वास्थ्य की सदा करें देखभाल" विषय पर एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सचिन एवं डॉ. शाहनवाज आलम ने क्षेत्र के लोगों को दांत और मुख की स्वच्छता के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। चिकित्सकों ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली, अनियमित खान-पान और मीठे पदार्थों के अत्यधिक सेवन के कारण दांतों और मसूड़ों से संबंधित समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर ध्यान न देने पर यह मामूली समस्याएं गंभीर रोगों का कारण बन सकती हैं। उन्होंने लोगों को दिन में दो बार ब्रश करने, शर्करा युक्त खाद्य पदार्थों का सीमित सेवन करने तथा नियमित अंत. राल पर दंत परीक्षण कराने की सलाह दी। डॉ. शाहनवाज आलम ने बच्चों में दंत देखभाल की विशेष आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि छोटी उम्र में सही आदतों का विकास भविष्य में दंत रोगों से बचाव सुनिश्चित करता है। अंत में डॉ. आलम ने कहा, "स्वस्थ शरीर के लिए मुख का स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है, इसलिए हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में मुख स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## बेकरी संचालक हत्याकांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार, फरार तीन आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम

**मुरादाबाद।** थाना नागफनी क्षेत्र में बेकरी संचालक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी बुधवार को की गई। जानकारी के अनुसार, 28 फरवरी को वादी मजाहिर हुसैन उर्फ डेनियल निवासी जिगर कॉलोनी, थाना सिविल लाइंस ने अपने बहनोई मोहम्मद असद की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि अभियुक्तों ने साजिश रचकर बंगला गांव चौराहे के पास गोली मारकर असद की हत्या कर दी। इस मामले में थाना नागफनी में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों आलमगीर और मोहम्मद फैजान को 28 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। वहीं विवेचना के दौरान एक अन्य आरोपी आसिफ पुत्र जरीफ निवासी विशनपुर भीमाठेर, थाना सिविल लाइंस का नाम प्रकाश में आया, जिसकी इस हत्याकांड में सक्रिय भूमिका सामने आई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना नागफनी पुलिस ने बुधवार को आसिफ को गिरफ्तार कर लिया।

## टीएमयू में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित का सार्थक संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित ने कहा, न्यायपालिका केवल न्याय प्रदान करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों की संरक्षक और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरक शक्ति भी है। भारतीय न्यायपालिका ने देश में लो. कतंत्र को सुदृढ़ करने और समावेशी विकास को गति देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया, वे संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करते हुए नैतिक नेतृत्व अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देश में कमजोर अर्थव्यवस्था, व्यापक गरीबी, निम्न साक्षरता दर, औद्योगिकीकरण का अभाव, कमजोर स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा में महिलाओं की कम भागीदारी, जातिगत असमानता, बेरोजगारी, खाद्यान्न संकट, वंचित वर्गों की न्याय तक सीमित पहुंच सरीखी गंभीर समस्याएं प्रमुख थीं। इन परिस्थितियों के बावजूद संविधान और न्यायपालिका ने देश को समानता, न्याय और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। न्यायमूर्ति श्री ललित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से फ्रॉम कोर्टरूम टू नेशन बिल्डिंग: लीडरशिप लेसन फ्रॉम द ज्यूडिशरी पर लीडरशिप टाक सीरीज के सेशन- 18 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य





अतिथि न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित, टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके टाक सीरीज का ऑडी में शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि सीधे प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां यूनिवर्सिटी के आला अफसरों ने बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। अंत में वीसी ने मुख्य अतिथि को पोर्ट्रेट देकर सम्मानित किया। टाक सीरीज के बाद टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने प्रशास. निक भवन में चीफ गेस्ट न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित को बुके और स्मृति चिन्ह देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। ईडी श्री अक्षत जैन ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश को यूनिवर्सिटी की बड़ी उपलब्धियां बताईं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री ललित ने संविधान के अनुच्छेद 31ए, 31बी एवं 31सी का उल्लेख करते हुए बताया कि इन प्रावधानों ने भूमि सुधार और जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करने में सहायता की। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की ओर से शुरू किए गए आर्थिक सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन नीतियों ने संपत्ति के सृजन के साथ-साथ उसके संतुलित वितरण का मार्ग प्रशस्त किया। राष्ट्रीयकरण से उदारीकरण तक की आर्थिक यात्रा ने देश को आज विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित किया है। न्यायपालिका ने अनुच्छेद 21 की व्यापक व्याख्या करते हुए इसे गरिमापूर्ण जीवन, स्वच्छ पर्यावरण तथा पशु संरक्षण से भी जोड़ा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में श्रीमती मेनका गांधी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने हेतु न्यायालय के निर्देशों के बाद सार्वजनिक परिवहन को सीएनजी में परिवर्तित किए जाने का उदाहरण भी दिया। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण जैसी संवैधानिक व्यवस्थाओं को सामा. जिक न्याय की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया। न्यायमूर्ति श्री ललित ने तीन तलाक कानून पर बेहद संक्षिप्त एवम् सारगर्भित बोलते हुए कहा, न्यायपालिका की ओर से तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित करने से मुस्लिम महिलाओं को न्याय, सम्मान और समान अधिकार प्राप्त हुए, जिससे उनकी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और अधिक सशक्त हुई।

उल्लेखनीय है, तीन तलाक को असंवैधानिक पारित करने वाली पांच सदस्यीय बेंच में न्यायमूर्ति श्री यूयू ललित भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर तक नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया जाना लो. कतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिससे प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित हुआ है। शिक्षा क्षेत्र में निजी संस्थानों की भागीदारी से शिक्षा के अवसरों का विस्तार हुआ है, जिससे स्टुडेंट्स को बेहतर संसाधन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। टाक सीरीज-18 में प्रो. एमपी सिंह, प्रो. नवनीत कुमार, प्रो. सुशील सिंह, डॉ. अमित कंसल के संग-संग लॉ, एलाइड हैल्थसाइंसेज कॉलेज आदि के स्टुडेंट्स भी मौजूद रहे। टाक सीरीज में स्टुडेंट्स ने न्यायमूर्ति श्री उदय उमेश ललित से सवाल भी पूछे। संचालन डॉ. नेहा आनन्द ने किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा पिता जी का नाम त्रुटिवश अब्दुल माजिद (ABDULMAZID) दर्ज है जोकि गलत है जबकि मेरे पिता का नाम आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में अब्दुल मजीद (ABDUL MAJEED) दर्ज है जोकि सही व वास्तविक नाम है। भविष्य में मेरे पिता जी को अब्दुल मजीद (ABDUL MAJEED) के नाम से जाना व पहचाना जाए।
मोहम्मद अहमद पुत्र श्री अब्दुल मजीद निवासी शाह बुलाकी बैंकट हॉल के पीछे, ज्यारत शाह बुलाकी साहब, चक्कर की मिलक मुरादाबाद।

**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-08 महोदय-जनपद मुरादाबाद।**
वि0 सि0 अपील सं0: 138/2025
**तारीख पेशी:** 22.04.2026
**फिदा हुसैन बनाम अब्दुल्ला आदि**
फिदा हुसैन आयु 64 वर्ष पुत्र हसीब अहमद निवासी ग्राम भैंसिया थाना कटघर, मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. यामीन पुत्र हबीब अहमद, 2. यासीन पुत्र हबीब अहमद, 3. नन्हें पुत्र हबीब अहमद निवासीगण ग्राम भैंसिया थाना कटघर, मुरादाबाद।
चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 04 के 22 दिवस को 10. 00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रुपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 04 के 01 दिवस को निकाली गई।
**वरिष्ठ सहायक**
**अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नम्बर-08**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## टिमिट के विद्यार्थियों को नौकरी के बम्पर ऑफर्स



मोहम्मद समीर अहमद रेयान अहमद खान श्रुति भदानी शुभा रस्तोगी वंशिका जैन

**मुरादाबाद।** टिमिट के छात्र-छात्राओं ने प्लेसमेंट के नये किर्तिमान स्थापित किये हैं। कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट जारी है इसी के चलते कम्पनी "एचटी मीडिया लिमिटेड" ने टिमिट में बीबीए फाइनल ईयर के विद्यार्थी को रिक्रूटमेंट स्पेशलिस्ट की पोस्ट पर गुडगाँव में ज्वाइनिंग प्रदान की है। कंपनी की टीम का विद्यार्थी से साक्षात्कार हुआ। कम्पनी के एचआर ने कम्पनी के बारे में प्रेजेन्टेशन व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी दी इसके पश्चात इच्छुक विद्यार्थियों को सात-सात के ग्रुप बनाकर ग्रुप डिस्कशन कराये गये तथा विभिन्न चरणों के द्वारा परखा और इन्टरव्यू कराये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से टिमिट के मोहम्मद समीर अहमद, रेयान अहमद खान, श्रुति भदानी, शुभा रस्तोगी और वंशिका जैन को जॉइनिंग प्रदान की है यह टिमिट के बीबीए की गुणवत्ता का साक्षात प्रमाण है। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा इंडस्ट्रीज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहतरीन मैनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार करता आया है। हमने अपने मैनेजमेंट कोर्स में उद्योग-उन्मुख एकीकृत पाठ्यक्रम उन पेशेवरों द्वारा राय लेकर डिजाइन किए हैं जो उद्योग का हिस्सा हैं और जानते हैं कि छात्रों को क्या पढ़ाया जाना चाहिए।

ये पाठ्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि छात्र पेशेवर दुनिया में छाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर श्री अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाये दी व कहा कि बदलते परिदृश्य में छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड रहा है व हर छात्र-छात्रा पूरी तैयारी व मनोबल के साथ प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए।

## हाजी हशमत रजा का किया भव्य स्वागत



**कुन्दरकी।** क्षेत्र में चेयरमैन पद के प्रत्याशी हाजी हशमत रजा का समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उन्हें नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने हाजी हशमत रजा के पक्ष में नारेबाजी भी की। प्रत्याशी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह प्यार और विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीतने पर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देंगे।

## भव्य शोभायात्रा में सजी आकर्षक झांकियां, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**मुरादाबाद।** हनुमान मूर्ति माता मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में हर



वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा का आयोजन धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे मार्ग पर भक्ति व उत्साह का माहौल देखने को मिला।शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक और मनमोहक झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं। यात्रा की शुरुआत भगवान गणेश की सुंदर झांकी से हुई, जिसके बाद हनुमान जी, रामदरबार, रावण युद्ध, राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती और नीम करौली बाबा सहित अनेक धार्मिक झांकियां शामिल रहीं। इन झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और लोग भक्ति भाव से सराबोर नजर आए।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक रितेश गुप्ता ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ नारियल फोड़कर किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं।शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस और प्रशासन की टीम पूरे मार्ग पर तैनात रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना और समाज में भाईचारे का संदेश फैलाना है। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए एक-दूसरे को बधाई दी।

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** -177/2024
**तारीख पेशी:** 06.04.2026
**श्रीमती अनीता बनाम प्रशान्त**
श्रीमती अनीता देवी पत्नि यशपाल सिंह निवासी एस.एन.डी. स्कूल के पास लंकाबाद, गोविन्द नगर थाना कटघर शहर व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. प्रशांत पुत्र यशपाल सिंह, 2. श्रीमती आरती पत्नी प्रशांत निवासी गण एस.एन.डी. स्कूल के पास लंकाबाद, गोविन्द नगर थाना कटघर शहर व जिला मुरादाबाद।
चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि **बेदखली हेतु** अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 04 के 06 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रुपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 03 के 31 दिवस को निकाली गई।
**प्रबंधक /वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**
हमने अपनी पुत्री व भतीजी समरीन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में समरीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद हम बाबू खां, मुनव्वर खां व असमत जहां से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**बांबू खां व मुनव्वर खां पुत्रगण छोटे खान व श्रीमति असमत जहां पत्नी बाबू खां निवासीगण कासदी टोला थाना मुगलपुरा तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0621241 का द्वितीय प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **डेविड कुमार कश्यप पुत्र भीष्म सिंह निवासी ग्राम बहापुर नाजरपुर पट्टी पोस्ट सुरजन नगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0831927 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2015 अनुर्क्रमांक 0577781 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **छीपू कुमार पुत्र होराम सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट तालमपुर शेरपुर पट्टी ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**
एक किता मूल बयनामा बही संख्या-1, जिल्द 2861 पृष्ठ 313/336, क्रमांक 2538, दिनांक 26.03.2011 को रजि० हुआ था जिसका मौजा मौहल्ला बाजार मध्य चन्द्रवाटिका वार्ड नं 12 कस्बा बिलारी तह बिलारी जिला मुरादाबाद जो कि प्रदीप लाल पुत्र स्व: उमाशंकर लाल ने मौहम्मद अकरम पुत्र अख्तर हुसैन के हक में निष्पादित किया था जो कि वास्तव में कही खो गया है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। उक्त के सम्बन्ध में प्रकाशन से सात दिन के अन्दर सम्पर्क स्थापित करे, उसके उपरान्त उक्त के सबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।
**PRADEEP KUMAR GUPTA**
**(Advocate)**
**Mobile No- 9837781229**

## अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, परिवहन विभाग ने ओवर लोड उपजाऊ मिट्टी से भरे दो डंपर पकड़े

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में 'परमिशन' (अनुमति) की आड़ में हो रहे अवैध खनन की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया। प्रशासन ने तत्काल परिवहन विभाग को सूचित करते हुए बिना नंबर के ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसने के आदेश दिए। इसके बाद बुधवार को परिवहन विभाग की टीम ने क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर एक ओवरलोड मिट्टी से भरा डंपर सहित दो डंपर पकड़े। जानकारी के अनुसार, लंबे समय से क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा सरगर्मी से चल रहा था। कथित तौर पर कुछ लोगों द्वारा खनन की अनुमति दिखाकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। मामला मीडिया में उजागर होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान लिया और परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिए कि बिना नंबर, ओवरलोड तथा नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। परिवहन विभाग की टीम ने बुधवार को प्रमुख मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक ओवरलोड मिटटी से भरा डंपर पकड लिया और जो निर्धारित वजन से कहीं अधिक मिट्टी लादकर ढुलाई कर रहे थे। साथ ही एक खाली डंपर पकड़



लिया तो इसका परमिट नही थी। बताया कि ओवरलोडिंग के अलावा उपजाऊ खेतों से मिटटी ढोने के मामलें में मिटटी से भरा डंपर और बिना परमिट सड़क पर दौड़ रहे दूसरे डंपर को पकड़ा है। उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अवैध खनन की जानकारी होने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं एआरटीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि चौकिंग अभियान के दौरान एक डंपर को बिना परमिट और एक डंपर को मिटटी से ओवर लोड होने पर कार्रवाई की गई। मिटटी के खनन की रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई, इसमें खनन विभाग द्वारा कार्रवाई होना अनिवार्य है। साथ ही बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। अवैध खनन और परिवहन नियमों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस सख्ती का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम लगेगी। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में नही है कि क्षेत्र मे बिना परमिशन के मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है । संज्ञान में आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## वाल्मीकि समाज ने स्वामी चन्द्रपाल अनार्य को दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के सर्वोच्च निर्देशक स्वामी चन्द्रपाल अनार्य जी धर्म गुरु का 22 मार्च 2026 को ब्रह्मलीन हो गया। उनके निधन से समाज में शोक की लहर है। दिवंगत नेता ने देशभर में वाल्मीकि समाज के उत्थान, शिक्षा जागरूकता और सामाजिक हित के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होने बताया कि उनकी अस्थियों को अमृतसर, कुरुक्षेत्र ले जाकर विधिवत पूजन के बाद वाल्मीकि आश्रम, कनखल, हरिद्वार में विसर्जित किया सभा में राष्ट्रीय केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाषा चौधरी, नगर अध्यक्ष ओमकार भारती, जिला अध्यक्ष आशुतोष वाल्मीकि, जिला सचिव अमर सम्राट, जिला उपाध्यक्ष रजनीश वाल्मीकि, तहसील अध्यक्ष अंकित भील, नगर उपाध्यक्ष अक्षय वाल्मीकि, सहयोगी कुनाल वाल्मीकि, आकाश, अजय वाल्मीकि, विपिन वाल्मीकि, सुरेन्द्र वाल्मीकि, आदित्य वाल्मीकि, मानव देव सिंह सनी वाल्मीकि, सागर वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## कांवडियों पर कथित टिप्पणी को लेकर सपा विधायक के खिलाफ शिकायत

**चन्दौसी।** बहजोई निवासी आशीष गुप्ता पुत्र रामप्रकाश वार्ष्णेय ने सपा विधायक इकबाल महमूद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। यह प्रकरण थाना बहजोई में परिवार संख्या 6963/2025 के अंतर्गत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 21 जुलाई 2025 को सुबह करीब 9:30 बजे उन्होंने अखबार के माध्यम से एक बयान पढ़ा, जिसमें कथित रूप से सपा विधायक द्वारा कांवड़ यात्रा पर जाने वालों के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। आशीष गुप्ता का कहना है कि जनप्रतिनिधियों को सभी धर्मों और आस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। इस प्रकार के बयान समाज में गलत संदेश देते हैं और लोगों की भावनाओं को आहत कर सकते हैं।

## नगर पंचायत में नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

### उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने दिलाई।पद और गोपनीयता की शपथ जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

**कुन्दरकी।** नगर पंचायत में नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने सभी नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधायक रामवीर सिंह, अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार तथा चौयरपर्सन जीनत मेहंदी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के दौरान उपजिलाधिकारी ने सदस्यों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्पक्षता से निर्वहन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। विधायक रामवीर सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में मौजूद चौयरपर्सन जीनत मेहंदी ने सभी नामित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए नगर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। अंत में सभी ने नगर हित में समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शौर्य का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रही विद्यार्थी वर्ग की एनुअल स्पोर्ट्स मीट ''शौर्य-2026'' में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की टीम 9 स्वर्ण, 5 रजत, 6 कांस्य के साथ 20 पदक जीत कर ओवर ऑल चौंपियन बन गई है। वहीं स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम 8 स्वर्ण, 3 रजत, 6 कांस्य सहित कुल 17 पदक जीतकर प्रथम रनर अप एवं यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की टीम 7 स्वर्ण, 4 रजत, 1 कांस्य सहित 12 पदक लेकर द्विितीय रनर अप रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल, कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कुलाधिपति श्री कोठीवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यह भी कहा कि खिलाड़ी जीते या हारे दोनों ही परिस्थितियों में खेल से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वहीं कुलपति प्रो. पाण्डेय ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में जीतने के लिए हार से सीखना बहुत जरूरी है, तभी जीत सुनिश्चित होगी। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि सभी शिक्षक और विद्यार्थी अकेडेमिक कॅरियर को भी शिखर तक ले जाएं, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि



विद्यार्थियों की शैक्षिक और कॅरियर की उन्नति के लिए वे प्रतिबद्ध है और उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रतिकुलपति- एकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन व खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि स्टाफ और विद्यार्थी वर्ग की स्पोर्ट्स मीट ''शौर्य-2026'' बेहद रोमांचकारी रही। स्पोर्ट्स मीट के दौरान क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, चेस, कैरम, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लांग जंप, हाई जंप, रेस, कबड्डी, खो-खो आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। डॉ. त्रिवेदी ने जानकारी दी कि स्कूल ऑफ साइंसेज की टीम 6 स्वर्ण, 8 रजत, 6 कांस्य के साथ 20 पदक जीत कर चौथे स्थान पर, फार्मेसी संकाय की टीम 4 स्वर्ण, 3 कांस्य के साथ 7 पदक लेकर पांचवें स्थान पर, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस की टीम 3 स्वर्ण, 9 रजत, 7 कांस्य पदक के साथ 19 पदक हासिल कर छठें स्थान पर, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की संयुक्त टीम 8 रजत, 5 कांस्य सहित 13 पदक लेकर सातवें स्थान पर, जबकि स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम 3 कांस्य पदक हासिल कर आठवें स्थान पर रही। स्पोर्ट्स मीट के समापन समारोह के अवसर पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. आर.के. यादव समेत सभी निदेशकों, चीफ प्रॉक्टर डॉ. हरप्रीत सिंह एवं कैंपस इंजीनियर श्री सी.एस. नागिला ने सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

खेल निदेशक डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई इस स्पोर्ट्स मीट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जाने माने खिलाड़ी बदरुद्दीन, डिस्ट्रिक्ट बास्केटबाल एसोसिएशन मुरादाबाद के श्री फिरोज खान सहित सभी अंपायरों को भी प्रतीक-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. देश दीपक, श्री कपिल गिल, श्री शशांक कुमार, श्री अभिषेक श्रीवास्तव समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बुकिंग के बाद भी गैस न मिलने पर आक्रोशित गैस उपभोक्ताओं ने हाईवे मार्ग पर लगाया जाम, एजेंसी संचालक के विरुद्ध नारेबाजी

**ठाकुरद्वारा।** ऑनलाइन व्यवस्था के दौर में भी यदि उपभोक्ताओं को 15-20 दिन तक गैस सिलेंडर के लिए भटकना पड़े, तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। नगर में रंजीत इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली से नाराज उपभोक्ताओं का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा। आक्रोशित महिलाओं और अन्य उपभोक्ताओं ने ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद मार्ग स्थित तिकोनिया पर गैस सिलेंडर रखकर चक्का जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के बाद उपभोक्ताओं को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान उपनिरीक्षक रजत चौधरी, बलराम दीक्षित और ओमपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के बावजूद रंजीत इंडेन गैस एजेंसी द्वारा 15 से 20 दिन बीत जाने के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं दी जा रही, जबकि गोदाम में पर्याप्त गैस उपलब्ध है। आरोप यह भी है कि एजेंसी कर्मियों द्वारा टालमटोल की जा रही है और कुछ मामलों में अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। अब्दुल्लापुर लेदा निवासी रेखा देवी ने बताया कि वह पिछले 10 दिनों से गैस के लिए एजेंसी के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन हर बार उन्हें अगले दिन आने को कहकर लौटा दिया जाता है। सरकड़ा करीम की सावित्री देवी ने कहा कि केवाईसी और बुकिंग पूरी करने के बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। वहीं सहसपुरी की सुमन देवी का आरोप है कि उन्हें बिना सिलेंडर मिले ही डिलीवरी का मैसेज भेज दिया गया, जबकि उनके पास कोई ओटीपी तक नहीं आया। माधोवाला निवासी विवेक चौहान ने भी इसी तरह की शिकायत करते हुए बताया कि उनके मोबाइल पर दो बार डिलीवरी का संदेश आया, लेकिन वास्तविकता में उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। जब उन्होंने एजेंसी पर जानकारी ली तो कर्मचारियों द्वारा संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्रता की गई। हंगामे की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह और नायब तहसीलदार आदित्य कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एजेंसी संचालक व कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल एजेंसी खोलने और उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रारंभ में कर्मचारियों ने आनाकानी की, लेकिन सख्ती के बाद करीब आधे घंटे बाद एजेंसी खोली गई। हालांकि, इसके बाद भी उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल सकी। एजेंसी पर सर्वर डाउन होने की बात कहकर गैस वितरण नहीं किया जा सका, जिससे उपभोक्ताओं को निराश होकर खाली हाथ लौटना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है कि समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने प्रशासन से गैस वितरण व्यवस्था में सुधार कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पूर्ति निरीक्षकजयवीर सिंह ने बताया कि इंडियन गैस एजेंसी का सर्वर डाउन होने के कारण गैस उपभोक्ता को दिक्कत का सामना करना पड़ा । उपभोक्ताओं को बिना गैस सिलेंडर के निराश होकर लौटना पड़ा ।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## डिलारी में कलयुगी पति ने पत्नी को पीट-पीटकर अधमरा किया, घर से निकाला

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कुआं खेड़ा माफी में घरेलू कलह के चलते एक महिला पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। यहाँ एक पति ने अपनी ही पत्नी को बेरहमी से पीटकर न केवल लहुलुहान कर दिया, बल्कि उसे घर से बाहर निकाल दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।शादी के बाद से ही था विवाद जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शहजाद और उसकी पत्नी अफसाना के बीच निकाह के बाद से ही अनबन चल रही थी। आए दिन होने वाले छोटे-मोटे झगड़ों ने मंगलवार शाम को उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि शहजाद ने आपा खोते हुए अफसाना को गालियां दीं और लाठी-डंडों व लात-घूसों से उसकी जमकर पिटाई की। महिला की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल उसे शहजाद के चंगुल से बचाया।मायके वालों ने दी तहरीर, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई घटना की सूचना मिलते ही अफसाना के मायके वाले कुआं खेड़ा माफी पहुंचे और घायल अवस्था में उसे लेकर थाना डिलारी पहुंचे। पीड़िता ने पति शहजाद के खिलाफ नामजद तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल महिला को तुरंत डॉक्टरी परीक्षण और उपचार के लिए अस्पताल भेजा। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## एक नजर



### जयंतीपुर में मंगल कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** जयंतीपुर संकट मोचन श्री बालाजी महाराज समिति द्वारा मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा जयंतीपुर से शुरू होकर सीतापुरी और डबल फाटक होते हुए वापस दरबार में समापन हुई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने बालाजी महाराज के जयकारे लगाए और भजन गीत गाए। यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा, ताकि किसी भी तरह की समस्या न हो। मंगल कलश यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को ठंडे जल और शरबत का वितरण किया गया, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिली। समिति ने बालाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति को प्रकट किया। कार्यक्रम में भूकंप सिंह, भीकम सिंह एडवोकेट, कृपाल सिंह रमेश गुप्ता कलावती, पूनम,सोनम, प्रियंका गुप्ता,पुष्पा, ममता, पूनम शर्मा,अर्चना, धनवती,ववली, संगीता शर्मा,आँचल सक्सेना,कंचन, प्रेमा, भागवती, राधा, सुनीता राघव,अंजू,उमा,प्रिंस माली, युवराज, अभिषेक आदि ने भाग लिया।

### श्रीबाला जी प्रचार समिति ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा



**मुरादाबाद।** श्रीबाला जी प्रचार समिति रजि. की ओर से चंद्रनगर में भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा लेखराज शिव मंदिर चंद्रनगर से शुरू होकर पुराना एलआईसी ऑफिस लोकोशेड, फूब्बारा चौक, ताज बैंकट हाल, रेलवे हरथला कॉलोनी होते हुए वापस लेखराज मंदिर चंद्रनगर पर सम्पन्न हुई।शोभायात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी राजीव गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर और नारियल फोड़कर किया। शोभायात्रा में प्रभु श्री गणेश जी महाराज की झांकी, माता की झांकी, प्रभु श्री राम दरबार की झांकी, ढोल नंगाडों के साथ निकाली गई।इस अवसर पर श्रीबाला जी प्रचार समिति अध्यक्ष राजकुमार दत्ता, भव्य कलश शोभायात्रा संयोजक पंडित नरेश चंद्र शर्मा, अनीता शर्मा, सिंटू शर्मा, बंटी शर्मा, अनिल कुमार, विजेंद्र कुमार, पायल शर्मा, सोनू शर्मा, शिवम, उपासना आदि भारी संख्या में बाबा के भक्तगण शामिल रहे।

### राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में किया गया वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण



**कुंदरकी।** राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकुला में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजित किया गया। वार्षिक परीक्षाफल में कक्षा 9जी की पिंकी ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय को टॉप किया।द्वितीय स्थान रूबीना तथा तृतीय स्थान इरम रानी ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश ने कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। वर्ष भर पूर्ण अनुशासन में रहने वाले विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष भर सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। बिना मेहनत के हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। अत: जीवन में कामयाब होने के लिए मेहनत करना तथा लक्ष्य को निर्धारित करना जरूरी है। कक्षाध्यापिका प्रीति ने विद्यार्थियों की सफलता के लिए बहुत- बहुत शुभकामनाएं दी। तथा हमेशा आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

### साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**कुंदरकी।** मिशन शक्ति अभियान फेज अख्र 5.0 के अंतर्गत चल रहे मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंदरकी में



छात्राओंको उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन-1090 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181 पुलिस आपातकालीन सेवा -112 स्वास्थ्य सेवा- 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 चाइल्ड लाइन 1098 साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई गुड टच व बेड टच के बारे में भी बताया गयाव पंपलेट वितरण किये गए।

### महमूदपुर माफी में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कुन्दरकी।** नगर पंचायत महमूदपुर माफी में उत्तर प्रदेश सरकार एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा नामित तीनों सभासदोंख्रसुखबीर चौधरी, यशपाल सागर और राकेश सैनी



का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिलारी के उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने तीनों सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुरेश सैनी, गन्ना समिति बिलारी के अध्यक्ष चौधरी विजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि मंगल सेन सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं दीं।इसके अलावा मंडल अध्यक्ष रवि पासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिओम सैनी, मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, दयाराम मौर्य, सभासद कमल प्रजापति, मो. साकिब और अशोक सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल हुए। समारोह के अंत में सभी ने नगर विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

**कार्यालय सचिव पंचायत ग्राम (शरीफनगर) विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, (मुरादाबाद)**
ग्रा. प./निविदा /2026-27 दिनांक 31.03.2026
**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण का सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत शरीफनगर में लगने वाले हाट बाजार दिन बुधवार व शनिवार की नीलामी दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 2.00 बजे स्थान पंचायत घर पर की जाएगी। जो 12 माह के लिये होगी। इच्छुक ठेकेदार उक्त नीलामी में भाग लेने हेतू आमंत्रित है। नियम व शर्ते ग्राम पंचायत शरीफनगर द्वारा निर्धारित की जायेगी। जमानत धनराशि 1,00000 (एक लाख रूपये) अग्रिम बोली दाताओं से बोली से पूर्व जमा की जायेगी।
**ग्राम प्रधान/ग्राम सचिव ग्राम पंचायत शरीफनगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

# लखनऊ ने दिल्ली को 142 का टारगेट दिया

### अब्दुल समद ने 36, मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए, नटराजन-एनगिडी ने 3-3 विकेट लिए

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल के पांचवें मैच में लखनऊ सुपररजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में डीसी ने बालिंग चुनी। होम टीम एलएसजी 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए। दिल्ली के लिए लुंगी एनगिडी और थंगारसु नटराज ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। लखनऊ से पहली बार ओपनिंग करने उतरे ऋषभ पंत 7 रन बनाकर रन आउट हो गए। 19वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 2 गेंद पर 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर एनरिक नार्त्या और चौथी गेंद पर मोहसिन खान को कैच करा दिया। इसी के साथ लखनऊ 141 रन पर सिमट गई। शाहबाज अहमद 15 रन बनाकर नाटआउट रह गए।



थंगारसु नटराजन ने 18वें ओवर में 2 विकेट लिए। ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने अब्दुल समद को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। समद ने 36 रन बनाए। आखिरी गेंद पर उन्होंने मोहम्मद शमी को भी कैच करा दिया। नटराजन ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। 16 ओवर के बाद लखनऊ ने 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बना लिए। कुलदीप ने 2 विकेट लेकर अपना स्पेल खत्म किया। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में 6 रन दिए। 14वें ओवर लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल कुलदीप यादव ने गुड लेंथ पर फेंकी। मुकुल चौधरी डिफेंड करने गए, लेकिन कुलदीप को ही कैच दे बैठे। मुकुल ने डेब्यू मैच में 14 रन बनाए। कुलदीप ने मिचेल मार्श को भी पवेलियन भेजा था। 10वें ओवर में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल कुलदीप यादव ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। मिचेल मार्श लान्ग आफ पर कैच हो गए। उन्होंने 35 रन बनाए।

### 21 भाषाओं में खेल वर्णमाला का एक साथ लोकार्पण

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक अभूतपूर्व आयोजन में एक ही स्थान पर, एक ही समय पर, एक ही विषय पर, एक साथ 21 भाषाओं में किसी पुस्तक का विमोचन सम्पन्न हुआ। स्पोर्ट्स ए वे ऑफ लाइफ संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान एवं हिमाचल के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने की। इस अवसर पर विख्यात हॉकी खिलाघी, ओलम्पियन एवं अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचन्द, संस्था के उपाध्यक्ष डॉ- मिलिन्द पाण्डेय सहित भारत के विभिन्न प्रान्तों के माननीय सांसदगण उपस्थित हुए और उन्होंने एक साथ 21 भाषाओं में तैयार खेल वर्णमाला का एक साथ अपने कर कमलों से लोकार्पण किया। संस्था के अध्यक्ष एवं विख्यात खेल शोधकर्ता डॉ- कनिष्क पाण्डेय की यह संकल्पना भारत में खेल संस्कृति विकसित करने के लिए पिछले एक दशक से लगातार जारी शोध एवं प्रयोगों का परिणाम है।

## मर्फी, डॉगेट 2026-27 के लिए ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में सबसे आगे

**मेलबर्न, वार्ता।** भारतीय धरती पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ, ऑस्ट्रेलिया ने 2026-27 के लिए 21-सदस्ईय सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी को शामिल किया है और मैथ्यू कुहनेमैन को बरकरार रखा गया है। चयनकर्ताओं ने स्पिन विभाग को मजबूत करने पर जोर दिया है, क्योंकि 38 वर्षीय नाथन लियोन पिछले साल घरेलू एशेज के दौरान हुई हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबरकर वापसी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट को अपना पहला पूर्ण कॉन्ट्रैक्ट मिला,

जबकि सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड ने पिछले गर्मियों में मिली अपनी अपग्रेडेड डील को बरकरार रखा। घरेलू गर्मियों में शानदार प्रदर्शन के बाद माइकल नेसर भी इस लिस्ट में वापस आ गए हैं। पिछले चक्र से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में उस्मान ख्वाजा (रिटायर्ड), सैम कोन्स्टास, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन और मैट शॉर्ट शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया पुरुषों के कॉन्ट्रैक्ट 2026-27: जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिस, ब्रेंडन डॉगेट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग. लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, बो वेबस्टर, एडम जम्पा। आगे का शेड्यूल काफी व्यस्त है। ऑस्ट्रेलिया अगले साल 15 टेस्ट मैच खेलने वाला है: दो घरेलू मैच बांग्लादेश के खिलाफ, तीन दक्षिण अफ्रीका में, चार घरेलू मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ, और भारत का पांच टेस्ट मैचों का दौरा, साथ ही एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ का एक विशेष मैच। इसके बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हो सकता है, और फिर 2027 के मध्य में पांच टेस्ट मैचों का एशेज दौरा होगा। पुरुषों के राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट का उद्देश्य समय के साथ किए गए प्रदर्शनों को पुरस्कृत करने और आने वाले शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए संतुलन बनाना है। अगले 12 महीनों में अलग-अलग तरह के हालात और चुनौतियों के बीच टेस्ट मैचों का एक व्यस्त शेड्यूल है - इसमें दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के साथ-साथ 'टॉप एंड' और गर्मियों में होने वाले घरेलू टेस्ट मैच शामिल हैं। इस बात की झलक कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में भी दिखती है, जिसमें इस साइकल के लिए टेस्ट और मल्टी-फॉर्मेट खिलाड़ियों को ज्यादा अहमियत दी गई है। आने वाली सीरीज के शेड्यूल को देखते हुए, हम जानते हैं कि हमें कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर के खिलाड़ियों की भी जरूरत पड़ती रहेगी और हम उनका इस्तेमाल करते रहेंगे।

**खेल विशेष**

### विश्वनाथ सुरेश और सचिन एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटार/वार्ता।** भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने (50 किग्रा) भार वर्ग और सचिन 60 किग्रा भार वर्ग के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए बुधवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां हुए मुकाबले में विश्वनाथ सुरेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के बेकजात एर्गेशोव पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा, जो इस वर्ग के मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इस बीच, सचिन ने मंगोलिया के बुयांदलाई बायारखू पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत दर्ज की और अब अपने क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चेंग-वेई ली का सामना करेंगे। महिला वर्ग में भारत की प्रिया (महिलाओं का 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिलाओं का 54किग्रा) और दीपक (पुरुषों का 70किग्रा) ने भी अपने-अपने पहले दौर के मुकाबले जीते, जबकि जादुमणि सिंह (पुरुषों का 55किग्रा) टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना मैच हार गए थे। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपने-अपने शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दे दिया गया था। आदित्य प्रताप सिंह गुरुवार को पुरुषों के 65किग्रा वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव का सामना करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया, साथ ही ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की टीम का हिस्सा हैं और वे बाद में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

### जुलाई में तीन टी-20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

**हरारे, वार्ता।** जुलाई में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे, भारत की मेबानी करेगा, जिसकी घोषणा बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने की। यह दौरा जुलाई 2024 के बाद भारत का पहला जिम्बाब्वे दौरा होगा, जब उन्होंने पांच टी-20 मैच वहां खेले थे। यह घोषणा जिम्बाब्वे के भारत दौरे के घोषणा के बाद आई है, जहां वे जनवरी 2027 में तीन वनडे खेलेंगे। यह 2002 के बाद भारत में उनकी पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारत और जिम्बाब्वे की हालिया भिड़ंत टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण में हुई थी, जहां भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी। सीरीज का कार्यक्रम पहला टी-20 - 23 जुलाई, दूसरा टी-20 - 25 जुलाई, तीसरा टी-20 - 26 जुलाई सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे। जेडसी के मैनेजिग डायरेक्टर गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज, जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए बड़ा मौका है।

# श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना



**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 4 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# KKR को घरेलू मैदान से फायदे की उम्मीद

### ईडन गार्डन्स में मुकाबला आज, एसआरएच को अपनी जबर्दस्त बल्लेबाजी पर भरोसा

**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में होने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के गुरुवार को होने वाले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जहां अपने घरेलू मैदान से परिचित होने का फायदा मिलने की उम्मीद है वहीं सनराइजर्स हैदराबाद एसआरएच को अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी की ताकत पर भरोसा है।

अब सवाल यह उठता है कि क्या हैदराबाद की जबरदस्त बल्लेबाजी कोलकाता के स्पिन-प्रधान गेंदबाजी पर भारी पड़ पाएगी, या कोलकाता का संतुलन और घरेलू फायदा एक बार फिर अपना असर दिखाएगा। पिच की बात की जाए तो ईडन गार्डन्स में, एक ऐसा मैदान जहां रनों की बौछार और अचानक विकेट गिरने, दोनों तरह के नजारे देखे गए हैं, पिच शायद ही कभी एक मूक दर्शक की तरह रहती है। हां, यह रन बनाने का मौका देती है, लेकिन यह सब्र का इनाम भी देती है और बेसब्र होने पर सजा भी देती है। रात में, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है, जिससे बल्लेबाजो को शॉट खेलने का प्रोत्साहन मिलता है, हालांकि स्पिनरों को भी पिच से इतनी मदद मिलती है कि बीच के ओवरों में बल्लेबाजो की तकनीक के साथ-साथ उनके सब्र की भी परीक्षा होती है। कोलकाता की बात करें तो, उनकी टीम नियंत्रित आक्रामकता का एक बेहतरीन उदाहरण है। अजिक्य रहाणे पारी की शुरुआत में स्थिरता लाते हैं। वह एक ऐसे बल्लेबाज जो रनों के साथ-साथ क्रीज पर टिकने को भी उतना ही महत्व देते हैं। जबकि फिन एलन और अंगकृष रघुवंशी अपनी युवा ऊर्जा से टीम में तेजी लाते हैं। कैमरन ग्रीन एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को मजबूती देते हैं, और रिकू सिंह एक ऐसे फिनिशर हैं जो कुछ ही गेंदों में मैच का रुख बदल सकते हैं। कोलकाता की ताकत जितनी उनकी बल्लेबाजी में है, उतनी ही उनकी गेंदबाजी में भी है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी अपनी गेंदबाजी में बारीक बदलावों के दम पर बल्लेबाजों को परेशान करती है, इस जोड़ी को वैभव अरोड़ा और कार्तिक त्यागी का साथ मिलता है, जिनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी की शुरुआत में कसी हुई गेंदबाजी करेंगे और अंत के ओवरों में मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद की टीम से अधिक विस्फोटक प्रदर्शन की उम्मीद है। पारी की शुरुआत करने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा कुछ ही ओवरों में एक सधी हुई शुरुआत को एक जोरदार और रोमांचक प्रदर्शन में बदल सकते हैं, जबकि ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन मध्यक्रम को ताकत और आक्रामकता दोनों देते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी और अनिकेत वर्मा इस आक्रामकता को पारी के अंत तक बनाए रखते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि टीम की रनों की रफ्तार कभी धीमी न पड़े।हैदराबाद टीम की कप्तानी हर्षल पटेल कर रहे हैं, जो डेथ ओवर्स में वेरिएशन लाते हैं। डेविड पेन और जयदेव उनादकट नई गेंद से सीम मूवमेंट देते हैं, जबकि ईशान मलिगा और हर्ष दुबे पेस और स्पिन के विकल्प जोड़ते हैं। यह अटैक काबिल है।

# बेथलीन माकरी ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता कांस्य पदक

**जगदलपुर, वार्ता।** जनवरी 2026 में रेस-वॉक शुरू करने वाली शिलांग की युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने स्वयं पर यकीन रखते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कांस्य पदक जीता। पिछले साल 29 दिसम्बर 2025 को शिलांग के साई के स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में बेथलीन ग्रेस माकरी के कोच ने अचानक इस युवा एथलीट में एक रेस-वॉक एथलीट बनने की काबिलियत देखी। हालांकि बेथलीन खुद इस स्पर्धा के बारे में लगभग कुछ भी नहीं जानती थी और इसकी तकनीकी बारीकियों की तो बात ही छोड़ दें।



पिछले साल तक, मेघालय की यह युवा एथलीट एक मिडिल और लॉन्ग-डिस्टेंस रनर के तौर पर मुकाबला कर रही थीं। लेकिन 2026 की शुरुआत में, उसे अपना खेल बदलने के लिए कहा गया जिसने उसकी शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह की ताकत की परीक्षा ली। खासी ट्राइब से आने वाली बेथलीन के लिए यह बदलाव बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। उनके लिए शुरुआती कुछ सप्ताह बहुत कठिन थे, जब वह रेस-वॉक की अनजान तकनीक के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश कर रही थीं और शरीर में तेज दर्द से जूझ रही थीं। इसके चलते कई रातें बिना नींद के बीतीं और मन में आत्म-संदेह भी पैदा होने लगा। हालांकि, उनके कोच और परिवार के सहयोग ने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बेटी होने के नाते, बेथलीन ने इस चुनौती को स्वीकार किया और खेल की तकनीकी बारीकियों को सीखने में खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। इसके बाद उन्होंने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले एडिशन में भाग लेने के लिए जगदलपुर का रुख किया। उन्होंने साई मीडिया से कहा कि पहले दो हफ्ते वाकई बहुत मुश्किल थे, खासकर मेरे शरीर के लिए। रेस-वॉक की तकनीकी बारीकियां मध्यम या लंबी दूरी की दौड़ से बिल्कुल अलग होती हैं, इसलिए मुझे इसे समझने में समय लगा। इसके बाद कई रातों तक नींद नहीं आई।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराया

**वेलिग्टन, वार्ता।** कप्तान अमेलिया केर (नाबाद 179) की शतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को दो गेंदें शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। 347 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड शुरुआत अच्छी नहीं हुई उसने 21 के स्कोर पर सुजी बेट्स (आठ) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आई अमेलिया केर ने जॉर्जिया प्लिमर के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। 16वें ओवर में कायला रेनेके ने जॉर्जिया प्लिमर (23) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने मैडी ग्रीन (13) और ब्रूक हेलिडे (14) के विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। ऐसे संकट के समय इसाबेला गेज ने अमेलिया केर के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे।

दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान अमेलिया केर ने अपना शतक पूरा किया। वहीं इसाबेला ने अर्धशतक बनाया। 38वें ओवर में एम क्लास ने इसाबेला गेज को आउट कर साझेदारी का अंत किया। इसाबेला गेज ने 48 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 68 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (11), जेस केर (14) और रोजमेरी मेयर (दो) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड ने 49-2 ओवरों में आठ विकेट पर 350 रन बनाकर मुकाबला दो विकेट से अपने नाम कर लिया। अमेलिया केर ने 139 गेंदों में 23 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 179 रनों की मैच विजई पारी खेली। एम क्लास और कायला रेनेके को दो-दो विकेट मिले। सुने लूस ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 आवरों में छह विकेट पर 346 रनों का स्कोर बनाया। तेजमिन ब्रिट्स (नौ) का विकेट जल्द गिरने के बाद कप्तान लॉरा वुलफार्ट और अन्नेका बोश की जोड़ी ने पारी को संभाला तथा दूसरे विकेट लिए 132 रन जोड़ कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 28वें ओवर में ब्री इलिग ने लॉरा वुलफार्ट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वुलफार्ट ने 74 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए 69 रन बनाए। 37वें ओवर में केली नाइट ने अन्नेका बोश को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। अन्नेका बोश ने 90 गेंद में 12 चौके लगाते हुए 91 रनों की पारी खेली। सुने लूस (40), सिनालो जाफ्टा (37) और नडीन डी क्लर्क (18) रन बनाकर आउट हुई।

# जुलाई में तीन टी-20 मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत

**हरारे, वार्ता।** जुलाई में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे, भारत की मेबानी करेगा, जिसकी घोषणा बुधवार को जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) ने की। यह दौरा जुलाई 2024 के बाद भारत का पहला जिम्बाब्वे दौरा होगा,

जब उन्होंने पांच टी-20 मैच वहां खेले थे। यह घोषणा जिम्बाब्वे के भारत दौरे के घोषणा के बाद आई है, जहां वे जनवरी 2027 में तीन वनडे खेलेंगे। यह 2002 के बाद भारत में उनकी पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। भारत और जिम्बाब्वे की हालिया भिड़ंत टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण में हुई थी, जहां भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी। सीरीज का कार्यक्रम पहला टी-20 - 23 जुलाई, दूसरा टी-20 - 25 जुलाई, तीसरा टी-20 - 26 जुलाई सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से खेले जाएंगे। जेडसी के मैनेजिग डायरेक्टर गिवमोर मकोनी ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज, जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए बड़ा मौका है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच हमेशा काफी उत्साह पैदा करते हैं और यह हमारे खिलाड़ियों के लिए विश्व चैंपियन टीम के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर खुद को परखने का शानदार अवसर है। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में हमारे अच्छे प्रदर्शन के बाद यह सीरी हमें आगे बढ़ने और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में मजबूत टीम बनने का मौघ देती है।

### गांवों में स्पोर्ट्स क्लब बनाने, खिलाड़ियों को गोद लेने को बढ़ावा देने का प्रयास

**रायपुर, वार्ता।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को कहा कि खेलों की संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए, खेल मंत्रालय ग्रामीण इलाकों में गांव के स्पोर्ट्स क्लब खोलने को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। आज यहां 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' में पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती खडसे ने कहा कि खेल मंत्रालय का लक्ष्य हर गांव में स्पोर्ट्स क्लब बनाना है, ष्ताकि जमीनी स्तर पर खेलों का विकास हो सके। खेल मंत्रालय प्रत्येक गांव में स्पोर्ट्स क्लब शुरू करने की कोशिश कर रहा है और केंद्र सरकार इसमें आर्थिक मदद देगी। उन्होंने कहा कि देश में खेलों की संस्कृति की अभी भी कमी है। उन्होंने कहा कि मैदान तो हैं, खासकर स्कूलों और कॉलेजों में गांवों में भी जगह की कोई कमी नहीं है, लेकिन बहुत कम लोग खेलते हैं।

# इटली की टीम तीसरी बार विश्वकप के लिए नहीं कर पाई क्वालीफाई

**बर्लिन, वार्ता।** चार बार की चैंपियन इटली, बोस्निया और हर्जेगोविना से रोमांचक प्लेऑफ मैच में हारने के बाद लगातार तीसरी बार फीफा विश्वकप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही। यह मैच पेनल्टी शूटआउट से तय हुआ।

जेनिका में मंगलवार को खेला गया मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद मैच 1-1 से बराबरी पर छूटा। इसके बाद बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्वकप में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद इटली के डिफेंडर लियोनार्डो स्पिनजोला ने कहा कि हमें अब भी यकीन नहीं हो रहा है। यह सबके लिए बहुत दुख की बात है। इटली की टीम के मुख्य कोच गेनारो गटुसो ने मैच के



बाद माफी मांगते हुए कहा कि टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। जेनिका में मैच की शुरुआत में इटली का पलड़ा भारी लग रहा था, जब मोइज कीन ने बोस्निया के गोलकीपर निकोला वासिलज की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए 15वें मिनट में मेहमान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन हाफटाइम से ठीक पहले मैच का रुख अचानक बदल गया। जब इटली के सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बास्टोनी को 'लास्ट-मैन फाउल' (गोल रोकने की आखिरी कोशिश में किया गया फाउल) के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया, जिससे मेहमान टीम को लंबे समय तक बचाव की मुद्रा में खेलना पड़ा।

10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बाद, इटली की टीम पीछे हट गई और अपनी बढ़त बचाने की कोशिश करने लगी। लेकिन बोस्निया ने लगातार दबाव बनाए रखा और आखरिकार 79वें मिनट में उसे सफलता मिल ही गई, जब हारिस तबाकोविच ने गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अतिरिक्त समय में भी कोई भी टीम निर्णायक गोल नहीं कर पाई, जिससे मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। इसी शूटआउट ने आखिरकार इटली का भविष्य तय कर दिया। सैंड्रो टोनाली इटली के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जो पेनल्टी स्पॉट से गोल करने में सफल रहे।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की बड़ी कार्रवाई 2 दरोगा और 1 सिपाही को किया निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस विभाग ने कर्तव्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई 31 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार, थाना पाकबड़ा के हकीमपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कुमार के खिलाफ क्षेत्राधिकारी हाईवे की रिपोर्ट में गंभीर आरोप सामने आए। जांच में उनके द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अकर्मण्यता बरतने की बात सामने आई, जिसके चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।इसी क्रम में थाना मझोला के लाइनपार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवम वशिष्ठ के खिलाफ भी प्रभारी निरीक्षक मझोला की आख्या में गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए गए। आरोपों की पुष्टि होने पर उनके विरुद्ध भी निलंबन की कार्रवाई की गई। वहीं, तीसरे मामले में थाना मझोला के लाइनपार चौकी पर तैनात आरक्षी गुरद.ीप कुमार को भी कर्तव्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता के चलते निलंबित किया गया।

इनके खिलाफ भी प्रभारी निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई।तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम 17 (1) (।) के तहत कार्रवाई की गई है।इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि पुलिस विभाग में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## जनपद में नया शैक्षिक सत्र शुरू, डीआईओएस ने स्कूलों को दिए गए सख्त निर्देश

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सहित मुरादाबाद जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग का नया शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल से औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो



गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे ने सभी माध्यमिक विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए पठन-पाठन की गुणवत्ता, अनुशासन और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा है।डीआईओएस ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचें और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए शिक्षकों की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद के सभी स्कूलों में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अभिभावकों और छात्रों में नए सत्र को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। स्कूल प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से पूरी की जाए।इसके साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। डीआईओएस ने कहा कि छात्रों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, जिससे वह पढ़ाई में पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर सकें।अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नए शैक्षिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## टीचर प्रीमियर लीग: रॉयल स्ट्राइकर की शानदार जीत, हिलाल बने मैन ऑफ द मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** क्रीड़ा भारती जनपद सम्भल द्वारा आयोजित टीचर प्रीमियर लीग के छठे संस्करण का छठा मैच बुधवार को पं. हनुमान सिंह ग्राउंड पर मास्टर ब्लास्टर और रॉयल स्ट्राइकर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रॉयल स्ट्राइकर ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मास्टर ब्लास्टर की टीम ने 173 रन बनाए। टीम की ओर से विशेष ने 48, अश्विनी ने 30 और रवि ने 20 रनों का योगदान दिया। रॉयल स्ट्राइकर की ओर से हिलाल ने 2 विकेट, जबकि पुष्पेन्द्र, मोनिस, शाहरुख और अश्विनी ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल स्ट्राइकर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16.4 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। टीम की ओर से मोहम्मद रफत ने 64 और हिलाल ने 83 रनों की बेहतरीन पारी खेली। हिलाल को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इम्पैक्ट प्लेयर का पुरस्कार शाहरुख, बेस्ट बॉलर अश्विनी शर्मा और बेस्ट बल्लेबाज मोहम्मद रफत को दिया गया। मैच में अंपायरिंग कुश रावत व माथुर ने की, जबकि स्कोरिंग अभिषेक राठौर द्वारा की गई। इस दौरान क्रीड़ा भारती जनपद सम्भल के जिलाध्यक्ष अनिल कपूर, महामंत्री डॉ. गौरव मिश्रा, कोषाध्यक्ष अशोक पाठक, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल, मंत्री संजीव सिंह, अनुज कुमार, पुनीत शर्मा, अमित कुमार, खुशाल, हेमंत, अमित शर्मा, राजीव व विजय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता की जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के एक प्रति.निधिमंडल ने सीनियर अधिवक्ता के परिवार के सदस्य की जमीन की बाउंड्री वॉल को ध्वस्त करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग उठाई है। प्रतिनिधि मंडल द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पेश किए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि थाना मझोला अंतर्गत विकास नगर निवासी चौधरी सुरेश सिंह एडवोकेट के परिवार की सदस्य अनीता ने एक प्लाट थाना मझोला अंतर्गत लाकडी फाजलपुर निवासी कुंवर पाल से वर्ष 2022 में खरीदा था। जिसकी 5 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल करा दी गई थी, आरोप है कि पूर्व पार्षद कपिल द्वारा बाउंड्री वाल का विरोध किया गया और कहा गया कि जब तक उसे 1लाख रुपए नहीं दिए जाएंगे तब तक बाउंड्री वॉल नहीं होने दी जाएगी। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि पूर्व पार्षद कपिल व उसके साथियों ने बाउंड्री वॉल तोड़ दी और निर्माण कार्य पुन: कराने पर गत 31 मार्च को पूर्व पार्षद कपिल ने अपने साथियों के साथ जेसीबी चला कर बाउंड्री वाल को ध्वस्त कर दिया। जिससे उनका लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इतना ही नहीं मारपीट एवं गाली गलौच करते हुए मोबाइल आदि भी छीन लिए और बाउंड्री वॉल दोबारा करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। एसएसपी से दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई गई है।

## बिलारी समाचार

### रोग अभियान को लेकर बिलारी अस्पताल में बैठक, सभी स्टाफ को सौंपी गई जिम्मेदारियां



**बिलारी।** सरकारी अस्पताल में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अस्पताल के समस्त स्टाफ को अभियान के तहत उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता और समय पर कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में साफ-सफाई, दवा वितरण, और मरीजों की नियमित जांच पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही लोगों को मच्छरजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रमणों से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मौजूद आर.पी. वर्मा (चीफ फार्मासिस्ट) ने दवाओं की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर चर्चा की, जबकि चंचल सिंह (बीपीएम) ने अभियान के सफल संचालन के लिए टीमवर्क पर जोर दिया। इसके अलावा बैठक में आजाद, मनीष कुमार, सुशील, विकेश एवं सानू कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाने का संकल्प लिया। अंत में चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि यह अभियान जनस्वास्थ्य से जुड़ा है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी से मिलकर कार्य करने और क्षेत्र को संचारी रोगों से मुक्त बनाने की अपील की।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बिलारी अस्पताल में चला 'फावड़ा अभियान', चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल ने संभाली कमान

**बिलारी।** सरकारी अस्पताल में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर विशेष "फावड़ा अभियान" चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व चिकित्सा अधीक्षक



डॉ. राजपाल ने किया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभियान के तहत अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। डॉ. राजपाल स्वयं फावड़ा लेकर मैदान में उतरे और कर्मचारियों के साथ मिलकर गंदगी व जलभराव को खत्म करने का कार्य किया। इस दौरान नालियों की सफाई, कचरे का निस्तारण और जलजमाव वाले स्थानों को समतल करने का काम किया गया, ताकि मच्छरों के पनपने की संभावना को समाप्त किया जा सके। डॉ. राजपाल ने बताया कि संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया मुख्य रूप से गंदगी और रुके हुए पानी के कारण फैलते हैं। इसलिए साफ-सफाई बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल अस्पताल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी अभियान को लेकर उत्साहित नजर आए और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। कर्मचारियों ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास साफ-सफाई रखें तथा कहीं भी पानी जमा न होने दें। अस्पताल प्रशासन की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि ऐसे अभियान से न केवल बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ती।

### ग्राम मनकुला में टायर जलाने वाले प्लांट से बढ़ते प्रदूषण को लेकर की शिकायत




**बिलारी।** ग्राम मनकुला में टायर जलाकर तेल निकालने वाले प्लांट से फैल रहे वायु एवं जल प्रदूषण के विरुद्ध ग्रामीणों ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उपजिलाधिकारी बिलारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन भारतीय किसान यूनियन (युवा) के प्रवक्ता शुभम राठी के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी न्यायिक अंजनी कुमार मिश्रा को सौंपा गया। भारी संख्या में आये ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया गया कि ग्राम मनकुला में एक प्लांट संचा.लित किया जा रहा है, जिसमें पुराने टायरों को जलाकर उनसे तेल निकालने का कार्य हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह फैक्ट्री नॉन-इंडस्ट्रियल क्षेत्र में स्थापित है और इसके संचालन से अत्यधिक काला धुआँ, जहरीले कण और बदबूदार गैसें वातावरण में फैल रही हैं, जिससे आसपास के 10-15 गाँव-जैसे मनकुला, नरखेड़ा, चौधरपूर, रसूलपुर, गुलड़िया, अहरोला, मलूपुर आदिख्रगंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्लांट से निकलने वाला धुआँ लोगों की आँखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत, तथा फेफड़ों से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि इस प्रकार का प्रदूषण आगे चलकर कैंसर, टीबी और अन्य गंभीर रोगों को जन्म दे सकता है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि फैक्ट्री की शीघ्र जाँच कराई जाए और यदि यह नियमों के विरुद्ध संचालित पाई जाती है, तो इसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण से राहत मिल सके और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

ज्ञापन में प्रवक्ता शुभम राठी के साथ किसान नेता चौधरी भयराज सिंह, आशु बाल्यान,संजय चौधरी, राजवीर सिंह, संजीव चौधरी, अमरपाल सिंह, अभिषेक, अमित कुमार, स्वाति चौधरी सहित कई ग्रामवासियों के हस्ताक्षर और अंगूठे शामिल थे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करेगा और प्रदूषण के इस गंभीर मुद्दे का समाधान निकालेगा।

### ताइक्वांडो अकादमी में निखर रही प्रतिभाएं, कोच संदीप कुमार के निर्देशन में बच्चे कर रहे शानदार प्रदर्शन

**बिलारी।** शाहबाद रोड स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में संचालित बिलारी ताइक्वांडो अकादमी इन दिनों क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने का प्रमुख केंद्र बनती जा रही है। इस अकादमी का संचालन कोच श्री संदीप कुमार द्वारा किया जा रहा है, जो पिछले लगभग 10 वर्षों से ताइक्वांडो का अभ्यास एवं प्रशिक्षण दे रहे हैं। अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों में मीशिता जैन अनापूदा



चौधरी, शोयी भोर दिया, अहाना वी., अनिकेत, अहाना सिंह, प्रभुजोत, आरोही, स्नेहा, प्रथम, आकाश माथुर, सम्राट, रोी.हत, गर्व, अभिनव, अधिराम एवं यश आर्य सहित कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर अपनी तकनीक को मजबूत बना रहे हैं। कोच संदीप कुमार बच्चों को न केवल ताइक्वांडो की तकनीकी बारीकियां सिखा रहे हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास का भी पाठ पढ़ा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में बच्चे विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में अग्रसर हैं। स्थानीय अभिभावकों ने बताया कि अकादमी के माध्यम से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ आत्मरक्षा की भावना भी विकसित हो रही है, जो वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है। कुल मिलाकर, बिलारी ताइक्वांडो अकादमी बिलारी क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को उभारने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सराहनीय कार्य कर रही है।

## स्कूल चलो अभियान: शिक्षा का दीप जलाएंगे, हर बच्चे को पढ़ाएंगे

**कांठ।** नए शैक्षिक सत्र 2026-2027 की विधिवत शुरुआत पर "स्कूल चलो अभियान" के तहत महानिदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश के द्वारा दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसका प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलेगा जिसमें 31 जुलाई 2026 को 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चो का स्कूल में प्रवेश कराना है । कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित नहीं होना चाहिए द्य जिसके लिये प्रदेश स्तर जनपद स्तर




ब्लॉक स्तर और स्कूल स्तर पर " स्कूल चलो अभियान " की जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी जिससे अभिभावकों और समाज को स्कूल चलो अभियान के प्रति जागरूक किया जा सके उक्त आदेश के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर ब्लॉक छजलेट के द्वारा भी गांव में जन जागरूकता रैली निक.ाली गई जिसमें विद्यालय के अध्यापकों , आंगनवाड़ी कार्यकर्ती एव स्कूल के बच्चो ने प्रतिभाग किया । बच्चो के द्वारा "शिक्षा का दीप जलाएगे हर बच्चे को पढ़ायेंगे" "कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार" हम बच्चो का नारा है शिक्षा अधिकार हमारा है" आदि नारों के साथ गांव वालो को जागरूक किया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं छजलेट के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि रैली के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है प्रयास है कि कोई भी बच्चा स्कूल और शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे । रैली को एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली को सफल बनाने में सुर्यलता , पूजा कुमारी , पारुल मेहरोत्रा , ममता रानी , रूपवती आंगनवाड़ी का सहयोग रहा।

## एमबीडी स्कूल में क्लास टॉपर को किया सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** एमबीडी स्कूल में अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा परिधि चौधरी को आज सम्मानित किया गया बतादे की माता भगवती



देवी हायर सेकेंडरी स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया जिसमें अच्छे अंकों से पास होने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्तियारपुर नवादा निवासी परिधि चौधरी पुत्री एडवोकेट नितिन कुमार बिश्नोई भी इसी स्कूल में कक्षा 5 की छात्रा है उसने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसलिए स्कूल प्रबंधन ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## वन टाइम पॉलीथीन पर नहीं लगी रोक नाले हुए चौक, सड़कों पर पसरी गंदगी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सरकार ने प्रदूषण से बचाने के लिए एक बार इस्तेमाल होने वाली पॉलिथीन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश जारी किए थे जिसे लेकर संबंधित विभाग द्वारा कुछ दुकानदारों एवं खोका ठेले वालों के चालान भी काटे गए मगर प्रशासन इस पर पूरी तरह रोक लगाने में नाकाम बना रहा। आज गढ़ी गांव का



हाल देखा तो लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर होना पड़ा पंचायत सचिव के उचित स्थान पर कूड़ा डालने के अनुरोध के बावजूद भी लोगों ने वन टाइम यूज पॉलिथीन को घरों से निकाल कर नालों में डाल दिया नाला चौक हुआ तो गंदगी सड़कों पर आ गई लोग यहां भी नहीं रुके उन्होंने घर का कचरा भी सड़क किनारे डालना शुरू कर दिया जिससे कचरा बढ़ते बढ़ते सड़क तक पहुंच गया लोगों के शिकायत करने पर ग्राम पंचायत द्वारा सफाई भी कराई गई मगर हालात नहीं सुधर सके उसके बाद फिर लोगों ने वही पुरानी आदत पर काम करते हुए नाले को चौक कर दिया और सड़कों पर गंदगी फैला दी मोहल्ले के लोगों ने आज फिर पॉलिथीन युक्त कचरा हटवा कर सफाई कराए जाने की मांग उठाई है।

## मुकदमे में वांछित चल रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मुकदमे में वांछित चल रही महिला को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है थाना क्षेत्र के गांव नगला निवासी सुरेंद्र पुत्र महिपाल सिंह ने मार्च में महिला सहित तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमें



कहा था कि उसके भाई सचिन की बुद्धि कमजोर है उसको इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से पुष्पांजलि पुत्री वेद प्रकाश गुप्ता हाल निवासी छपना थाना रेहरा जनपद अमरोहा ने जाल में फंसा लिया और उसी से मिले-जुले अन्य सदस्य देवेंद्र गुर्जर ग्राम पुरसल थाना नगली जिला अमरोहा और राजू सिंह ने एक साथ मिलकर उसके पिता को बार-बार फोन करना शुरू कर दिया। तथा सचिन से शादी करने के लिए दवाब बनाने लगे और शादी न करने पर महिपाल सिंह से 10 लाख रुपए की मांग करने लगे पैसे ना देने पर जेल भिजवाने की धमकी दी जाने लगी इस कारण उसके पिता ने 24 फरवरी को जहर खा लिया जिन्हें कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया और 1 मार्च को उनकी मृत्यु हो गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पुष्पांजलि देवेंद्र राजू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली जिसमें आज पुलिस ने पुष्पांजलि को गिरफ्तार कर चालान किया है।

# नगर निगम की बड़ी कामयाबी: 160 करोड़ की रिकॉर्ड वसूली, 1227 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम ने बीते वित्तीय वर्ष में राजस्व और अतिक्रमण हटाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि निगम ने इस वर्ष करीब 160 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली की, जो अब तक की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने बताया कि आने वाले वित्तीय वर्ष के लिए निगम ने 200 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य तय किया है, जिसे बेहतर रणनीति और सख्त कार्यप्रणाली के जरिए हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।नगर आयुक्त ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत भूमाफियाओं से करीब 1227 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन और संपत्तियां मुक्त कराई गईं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ की गई, जिससे सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित किया जा सका। इस अभियान से शहर में अवैध कब्जों पर लगाम लगाने में बड़ी सफलता मिली है।



उन्होंने आगे बताया कि नगर निगम अब शहर की सुरक्षा व्यवस्था को भी तकनीकी रूप से मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए नगर निगम और पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से 'ऑपरेशन जटायू' अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।इसके तहत शहर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया जाएगा, साथ ही ड्रोन से लैस वाहनों की तैनाती की जाएगी, जो लगातार निगरानी रखेंगे। इसके अलावा करीब 100 स्थानों पर पैनिक बटन मशीनें लगाई जा रही हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं तुरंत मदद प्राप्त कर सकें।खासतौर पर गर्ल्स स्कूल और कॉलेजों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि निगम का लक्ष्य केवल राजस्व बढ़ाना ही नहीं, बल्कि शहर को सुरक्षित, व्यवस्थित और आधुनिक बनाना भी है। आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी।

## जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने के मामले में किया मुकदमा दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने महिला की जमीन पर जबरन कब्जा करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। मुरादाबाद निवासी डॉक्टर संजीव का कहना है कि उन्होंने अपनी पत्नी स्वीटी के नाम पचोकरा खानपुर गांव में कुछ भूमि खरीदी थी वह तभी से उस जमीन पर दाखिल और काबिज है भूमि पर चार दिवारी में पिलर लगे हैं और उक्त भूमि पर दीपू पुत्र करतार निवासी ग्राम शुक्ला बटाईदार के रूप में कृषि कार्य कर रहा है आरोप है कि यशवीर पुत्र नन्हे निवासी ग्राम पचोकरा खानपुर उसको परेशान करने के लिए अनायास उसकी भूमि में पानी चला कर फसल को बर्बाद कर देता है और बाउंड्री वॉल में लगे पिलर को भी तोड़ देता है मना करने पर मारपीट पर आमादा होता है और बटाईदार से गाली गलौज करता है पीड़ित का कहना था कि 30 मार्च को यशवीर सिंह उसका पुत्र अनु व रिश्तेदार देवेंद्र ने कुछ लोगों के साथ मिलकर उसके खेत के पीलर उखाड़ दिए जानकारी मिलने पर बटाईदार दीपू व भाई अमित मौके पर पहुंचे तो उन लोगों ने लाठी डंडे लेकर गाली गलौज करते हुए कहा कि चले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे और जमीन पर ट्रैक्टर चला कर उस पर कब्जा कर लिया खेत पर लगे पिलर भी तोड़ दिए पीड़ित ने थाना छजलैट में तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## एसडीएम ने दिलाई नामित सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ

**कांठ( शाह टाइम्स )** शासन द्वारा नगर पंचायत कांठ और उमरी कला में नामित छ: सभासदों को आज तहसील सभागार में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई स समारोह में बुधवार को नामित सभासद गौरव बिश्नोई, मोहित चौहान, प्रीति एवं उमरी कला के भी सभासदों को शपथ दिलाई स इस अवसर पर काफी भाजपाई मौजूद थे।

# चन्दौसी में रजिस्ट्री का लक्ष्य अधूरा, 75 प्रतिशत राजस्व ही हुआ प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उपनिबंधक कार्यालय में जहां एक दिन पूर्व मंगलवार को बैनामा कराने वालों की भीड़ देखने को मिली। इसके बावजूद जनपद संभल में अग्रणी माने जाने वाला चन्दौसी रजिस्ट्री कार्यालय वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपने




निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं कर सका। 31 मार्च दोपहर 01 बजे तक कार्यालय केवल लगभग 75 प्रतिशत राजस्व लक्ष्य ही हासिल कर पाया। बताया जाता है कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यालय लगातार सक्रिय रहा और प्रत्येक रविवार को भी कार्य जारी रखा गया। मार्च माह के अंतिम सप्ताह में विक्रय पत्रों के निष्पादन में तेजी आई, लेकिन इसके बावजूद कुल लक्ष्य का केवल तीन-चौथाई हिस्सा ही प्राप्त हो सका। उपनिबंधक कार्यालय में तैनात मनीष सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चन्दौसी रजिस्ट्री कार्यालय को 99 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें 31 मार्च तक करीब 75 प्रतिशत की पूर्ति होने की संभावना है। बैनामों में कमी के पीछे रियल एस्टेट बाजार में चल रही मंदी को प्रमुख कारण बताया गया। अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान समय में लोग संपत्ति खरीदने की बजाय अपने धन को सुरक्षित रखने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं, जिससे प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त प्रभावित हुई है। अंत.रराष्ट्रीय परिस्थितियों के असर पर पूछे जाने पर रजिस्ट्रार ने कहा कि फिलहाल अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव का कोई सीधा प्रभाव नजर नहीं आ रहा है, लेकिन यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर पड़ सकता है। साथ ही, आगामी अप्रैल माह से सर्किल रेट में बदलाव की संभावना से भी इंकार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अभी डाटा कलेक्शन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, इसलिए फिलहाल पुराने सर्किल रेट पर ही दस्तावेजों का पंजीकरण किया जाएगा। सोमवार को भी उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा कराने वालों की भीड़ रही, जिससे अंतिम दिनों में राजस्व बढ़ाने के प्रयास तेज नजर आए।

## रजिस्टर्ड इकरारनामे का मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जारी हो गई पहली किस्त

**कांठ ( शाह टाइम्स )** अपात्र लोगों को अधिकारियों की मिली भगत के चलते लाभ प्राप्त हो रहा है नगर में इसका एक उदाहरण देखने को मिला हैस थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने नगर में 154 गज के प्लाट का जिसके ऊपर टीन सेट पड़ी हुई थी 4 सितंबर 2024 को घ300000 देकर रजिस्टर्ड इकरारनामा कराया था स अधिकारियों की मिली भगत के चलते इकरारनामे के उपरांत विवादित आराजी पर प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत आवास बनाने हेतु पहली किस्त 100000 भूमि मालिक के खाते में भेज दी गई है। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल एवं मंडल आयुक्त मुरादाबाद को दिए गए शिकायती पत्र में भेजी गई पहली किस्त की जांच उपरांत उचित कार्यवाही की मांग की है।क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गुर्जर निवासी अनीता रानी पत्नी नरेश कुमार ने गत 4 सितंबर 2024 को एक भूमि की आराजी का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद फुरकान से कराया था। निर्धारित समय 11 माह में भूमि मालिक ने आराजी का बैनामा नहीं कराया। इस संबंध में पीड़ित महिला ने विपक्षी के विरुद्ध सिविल जज मुरादाबाद के न्यायालय में बाद दायर कर दिया।

इसके बावजूद विवादित आराजी पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोहम्मद इरफान के खाते में आवास निर्माण हेतु प्रथम किस्त घ100000 भेज दी गई। पीड़ित महिला ने संबंध दस्तावेजों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुख्यमंत्री पोर्टल, मंडल आयुक्त मुरादाबाद एवं संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही की मांग की है।

# निमंत्रण पत्र फाइल व्हाट्सएप पर भेज कर निकाले 87 हजार पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** निमंत्रण पत्र फाइल भेज कर पुलिस वाली के भाई के खाते से 87 हजार निकाल लिए महिला पुलिस की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना छजलैट के गांव भेंडी फरीदपुर मझरा सीता.पुर निवासी सुरभि 2019 बैच की सिपाही है जो इस समय जनपद सुल्तानपुर में तैनात है महिला सिपाही का कहना था कि उसके भाई कोशिंदर पुत्र सुभाष सिंह जिसका खाता समदपुर बुनियादपुर स्थित बैंक में है उसमें 87 हजार की धनराशि थी 19 मार्च को उसकी बहन की शादी थी उसी दिन उसके भाई के व्हाट्सएप नंबर पर एक निमंत्रण पत्र की फाइल आई जिसको उसके भाई ने खोलकर देख लिया। बहन की शादी होने के कारण बाद में फोन का इस्तेमाल नहीं किया। फाइल 24 घंटे बाद स्वयं डिलीट हो गई लेकिन 20 मार्च को बहन की विदाई के बाद दोपहर में गूगल पे से चेक किया तो भाई के खाते से 87 हजार की धनराशि गायब थी।

जिसकी जानकारी महिला सिपाही ने 1930 नंबर पर भी दी बताया गया कि संबंधित व्हाट्सएप नंबर चेक किया तो उस पर अर्जुन पुत्र ओमपाल निवासी मधपुरी थाना कांठ का पता चला पुलिस ने मामला दर्ज कर तहकीकात शुरू की है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 2 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# युद्ध से बाहर जाता अमेरिका

मध्य-पूर्व में चल रहे ईरान के साथ संघर्ष में अमेरिका बाहर निकलने के संकेत दे रहा है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की बातों पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह अपनी बातों पर ज्यादा नहीं टिकते और युद्ध पर दिए गए उनके बयान बेहद हास्यास्पद स्थिति पैदा करते हैं। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को गंभीरता से लेना बंद कर दिया है, क्योंकि वह कभी जंग से बाहर निकलने की बात करते हैं तो दूसरे पल वह कह डालते हैं कि अमेरिकी सेना कभी भी ईरान के खर्गदीप पर धावा बोल सकती है। खबर आ रही है कि ट्रम्प भारतीय समय के अनुसार गुरुवार की सुबह 6:30 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। दुनिया की नजर इस बात पर लगी है कि ट्रम्प अपने संबोधन में किस तरह की घोषणा करते हैं, इसके पीछे खबर भी आ रही है कि ट्रम्प कभी भी युद्ध से हट सकते हैं। इस तरह की बातों पर ट्रम्प के सहयोगी इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की तरफ से कोई प्रतिक्रिया देखने में नहीं आई है और न ही युद्ध में किसी तरह की तब्दीली देखने में आ रही है। हालात नित नए प्रयोग करते दिखाई दे रहे हैं। अब तक हर अच्छे बुरे काम में अमेरिका का साथ देने वाले नाटो देश अमेरिका से बराबर दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। पहले स्पेन और अब इटली ने भी अमेरिका के वायु यानों की आवा. जाही अपने यहां से बंद कर दी है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री भी सार्वजनिक रूप से घोषणा कर चुके हैं कि वह ईरान युद्ध में कोई हिस्सा लेने नहीं जा रहे हैं, क्योंकि उनके देश के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही उनके ऊपर कितना भी दबाव पड़े, वह इस संघर्ष में नहीं कूदेंगे। निश्चित रूप से ये तमाम बातें अमेरिका के लिए किसी झटके से कम नहीं हैं। यह अलग बात है कि जैसेकि आदत है कि ट्रम्प साफ कह रहे हैं कि हमें किसी की जरूरत नहीं है और इंग्लैंड के पास तो अपनी नैवी भी नहीं है। जाहिर है इस तरह की बातें एक खीज से ज्यादा कुछ नहीं हैं। हकीकत यह है कि ट्रम्प ईरान पर हमले के फैसले को लेकर दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैं। शायद यही कारण है कि वह अब इस युद्ध से निकलने के लिए सोच रहे हैं। वैसे भी जिस तरह अमेरिका में ही उनका विरोध हो रहा है, वह भी उनके सामने बड़ी चुनौती पेश कर रहा है। हम तो यही चाहेंगे कि कुछ भी हो यह युद्ध किसी भी तरह बंद होना चाहिए, क्योंकि इस युद्ध का असर संघर्ष में लिप्त देशों पर ही नहीं बल्कि दुनिया पर पड़ रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि ट्रम्प को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति की तरफ लौटेंगे, क्योंकि उनका फैसला ही इस समय शांति का रास्ता हो सकता है।

## प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी



फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा, कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे, इसके लिए प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी, फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसके तहत कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को इस रजिस्ट्री से जोड़ा जाएगा, जिससे किसानों को एक ही पहचान के आधार पर विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

**-योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# हिन्दू पहचान बनाम क्षेत्रीय विकास से मुकाबला, किसकी होगी जीत





**शाहिद नकवी**

पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल 2026 को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।ग्राउंड जीरो पर टीएमसी और बीजेपी कैडरों में हो-हल्ला शुरू हो गया है।बीजेपी यहां हिंदू पहचान और आदिवासी सम्मान के मिश्रण के साथ मैदान में है,जबकि टीएमसी क्षेत्रीय विकास और बंगाल की बेटी के नारे पर टिकी है। चुनावी आंकड़ों से इतर देखा जाए तो यह चुनाव ममता बनर्जी के लिए बिल्कुल आसान नहीं है।

उनको एक साथ कई मोर्चों पर भिड़ना पड़ रहा है। भाजपा की आक्रामक चुनावी रणनीति, पीएम मोदी की छवि, उनके सबसे भरोसेमंद मुस्लिम वोट बैंक में बिखराव की आशंका, जनता उनको फिर क्यों मौका दे ए समझाने के लिए नए दावे, नए वादे और नए नारे गढ़ने पड़ रहे हैं।इसी लिए ममता बनर्जी ने इस बार अपनी चुनावी रणनीति एमएमवाई यानी मुस्लिम, महिला और युवा को ध्यान में रख कर बनाया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में 34 साल लंबे चले वामपंथी शासन को सत्ता से बेदखल किया था। साल 2011 में जब उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला तो न केवल उनके विरोधियों, बल्कि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने भी उनके शासन चलाने की क्षमता को लेकर शंका जाहिर की थी। उनकी राजनीतिक परिपक्वता को लेकर भी संशय जताया गया, लेकिन बीते पंद्रह सालों में इन शंकाओं और सवालों का जवाब खुद बंगाल की राजनीति ने ही दे दिया।ममता बनर्जी एक नहीं लगातार तीन बार राज्य की मुख्यमंत्री चुनी गईं और अब जब पश्चिम बंगाल एक बार फिर विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा है, ममता बनर्जी चौथी बार तृणमूल कांग्रेस का चेहरा बनकर चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। ऐसे में ममता अगर अपनी पार्टी को फिर से जीत दिलाती हैं, तो वह पश्चिम बंगाल की पहली ऐसी मुख्यमंत्री बन सकती हैं, जिन्होंने लगातार चार बार विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास बनाया हो, लेकिन क्या इतिहास रचना उनके लिए इतना आसान होगा? 2026 का यह चुनाव कई मायनों में ममता बनर्जी के लिए अब तक की सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा भी साबित हो सकता है।ऐसे में सवाल उठता है कि इस चुनाव में उनके सामने कौन-कौन सी राजनी. तिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी हैं और क्या वह इनसे पार पा पाएंगी? साल 2021 में पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव जहां आठ चरणों में करवाया गया था, वहीं इस बार चुनाव आयोग चुनाव केवल दो चरणों में करा रहा है। ममता बनर्जी सरकार ने 2026 चुनाव से पहले जनता को लुभाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार योजना, युवाओं के लिए भत्ता योजना, बुजुर्गों के लिए घर तक चिकित्सा सेवाएं, और किसानों के लिए विशेष बजट शामिल हैं। ममता की तत्परता, चुनाव की तारीखों की घोषणा से ठीक पहले तक हुई घोषणाएं यह दर्शाती है कि ममता बनर्जी इस बार के मुकाबले को आसान नहीं मानतीं और वह लोगों की नाराजगी को दूर करने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

असल में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मदद करने वाली श्लक्ष्मी भंडार स्कीमश में चुनाव से पहले भी वृद्धि की गई थी। उन्होंने इस बार मुसलमानों के साथ बहुसंख्यकों को भी साधने की कोशिश की है,तभी मुअज्जिनों के साथ पुरोहितों के मानदेय में बढ़ोतरी का फैसला किया।इन योजनाओं का मकसद सीधे तौर पर आम जनता को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देना है। इस लिए राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि ममता बनर्जी के लिए 2011 का चुनाव जहां वामपंथी शासन को हटाने का चुनाव था, वहीं 2026 का चुनाव बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को आने से रोकने की लड़ाई है। तभी उन्होंने भाजपा से पहले ही ध्रुवीकरण की कोशिश शुरू कर दी है,वह अपने भाषणों में कहती हैं कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह जीवनशैली, खान-पान और मौलिक अधिकारों में भी हस्तक्षेप कर सकती है। फिर भी कागजों पर ए चुनाव जितना सहज लगता है वह ग्राउंड जीरो पर उतना ही मुश्किल है। क्यों कि इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प है। तृणमूल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, और एआईएमआईएम-जनता उन्नयन पार्टी गठबंधन के बीच त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बन रही है। वह इस लड़ाई के बीच आने वाली चुनौतियों की ओर भी इशारा करती हैं।जाहिर है कि ममता बनर्जी के सामने सबसे बड़ी चुनौती एंटी-इनकम्बेंसी यानी सत्ता विरोधी लहर है।यही नहीं कघनून-व्यवस्था, बेरोजगारी और विकास से जुड़े सवाल हैं, जिनका जवाब उन्हें देना पड़ेगा। एक और चुनौती एफआईआर की भी दिख रही है। यह ममता बनर्जी के लिए नकारात्मक और सकारात्मक, दोनों तरह से असर डाल सकता है। ममता ने इसके खिलाफ सड़क से लेकर संसद और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी है, जिससे उनकी एक मजबूत नेता की छवि बनती है और उनके समर्थकों को एकजुट होने का संदेश भी जाता है, लेकिन इसके उलट बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटने की आशंका अपने आप में ममता के लिए एक बड़ी चुनौती है। यह आम चर्चा है कि वोटर लिस्ट में बदलाव साल 2026 के चुनावों का सबसे ज्यादा विवादित पहलू बन गया है। इसके पीछे एतिहासिक तथ्य ए है कि आजादी के बाद यह पहला मौका है जब पश्चिम बंगाल में कुल वोटरों की संख्या पिछले चुनावों के मुकाबले कम हुई है। राज्य में एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख 66 हजार वोटरों के नाम हटा दिए गए हैं। साल 2021 के विधानसभा चुनावों में, राज्य में सात करोड़ 30 लाख 40 हजार रजिस्टर्ड वोटर थे और कोविड के दौर में भी 82.3 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। यह भारत में वोटिंग के सबसे ऊंचे आंकड़ों में से एक है। ऐसे में इस साल भी लोग इतना ही बढ़-चढ़कर वोटिंग प्रक्रिया में हिस्सा लेंगे, यह देखने वाली बात होगी। वहीं बीते सालों में भ्रष्टाचार के अलग-अलग आरोप भी ममता बनर्जी के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी तृणमूल कांग्रेस के विरोध में पीडीएस स्कैम,कैटल स्कैम, टीचर रिक्रूटमेंट स्कैम, मंत्रियों, नौकरशाहों की गिरफ्तारी आदि मुद्दों की गूंज सुनाई दी थी।ममता के दावे या यूं कहें कि बड़बोलापन भी उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है, क्योंकि ममता बनर्जी ने कहा था कि वह एसआईआर के कारण वोटर लिस्ट से किसी का नाम नहीं कटने देंगी, उन्होंने ए भी कहा था कि वक्फ कानून को वह राज्य में लागू नहीं होने देंगी लेकिन यह दोनों ही वादे वह पूरा नहीं कर पाईं, तो इन दोनों ही चीजों को लेकर भी एक तबके में नाराजगी महसूस की जा सकती है। दरअसल, पश्चिम बंगाल में वकघ्फ संशोधन विधेयक का बड़े पैमाने पर विरा. ेध हुआ था। खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी स्थिति में राज्य में इसे लागू नहीं करने की बात कही थी। इस कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद जिले में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक हिंसा भी हुई थी, लेकिन राज्य में एसआईआर के शोर के बीच ही ममता बनर्जी सरकार ने चुपके से इस कानून को लागू करने का फैसला कर लिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# महिलाओं का अंधविश्वासी होना भी यौन शोषण का कारण

**बहरहाल आखिरकार उस स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु व स्वयंभू शिवावतार के पाप का घड़ा फूट ही गया। एक महिला ने पिछले दिनों उसकी पुलिस में शिकायत की कि तीन साल से भी अधिक समय तक उसने अपने इसी कुचक्र में उसे उलझाए रखा। जबकि अनेक महिलाएं या तो डर के मारे या अपनी बदनामी के भय से खामोश रहीं। इसी महिला की शिकायत पर नासिक क्राइम ब्रांच ने पिछले दिनों उसके फार्म हाउस पर छापा मारा।**



**निर्मल रानी**

महिलाओं को देवियां कहकर संबोधित करने व देवियों की पूजा करने वाले हमारे देश में आए दिन महिलाओं के यौन शोषण की नई से नई व घिनौनी से घिनौनी खबरें सामने आती रहती हैं। वैसे तो राजनीति,निजी व सरकारी सेवा क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थान आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यौन शोषण की खबरें सुनाई देती हैं परन्तु बड़े ही दुःख व शर्म की बात यह है कि महिलाओं का सबसे अधिक शोषण उनके अन्धविश्वास के चलते या उनकी धर्मान्धता के कारण होता है। देश के अनेक बड़े से बड़े स्वयंभू धर्मगुरु जो ईश्वरीय अवतार होने तक का दावा किया करते थे, महिलाओं के यौन शोषण यहां तक कि बलात्कार व हत्या जैसे मामलों में जेल की सजा काट चुके हैं और कई अब भी जेलों में हैं परन्तु आश्चर्य यह है कि उनके काले कारनामों से पर्दा हटने के बावजूद ऐसे दुराचारी स्वयंभू धर्मगुरुओं के अनुयायियों खासकर महिला अनुयायियों में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बल्कि उनके प्रति अंधआस्था रखने वाले लोग यह कहते सुने जाते हैं कि उनके गुरु जी को श्जबरन फंसायाश गया है। शायद यही वजह है कि हमारे देश में आए दिन इस तरह के नित नए मामले सामने आते रहते हैं। पिछले दिनों ऐसा ही हैरान करने वाला एक मामला महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया। यहां कैप्टन अशोक खरात उर्फ अशोक कुमार उर्फ एकनाथ खरात नाम से प्रसिद्ध एक ज्योतिषी की हैरान कर देने वाली काली करतूत उजागर हुई। इस व्यक्ति का नासिक के कनाडा कॉर्नर क्षेत्र में ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स नाम से एक कार्यालय था जो ज्योतिष के केंद्र के रूप में प्रसिद्ध था। उसके करीब ही सिन्नर में उसका एक विशाल फार्म हाउस था जिसमें उसने ईशान्एश्वर मंदिर बना रखा था। वह एक ट्रस्ट बनाकर इस व्यवस्था को स्वयं संचालित करता था। वह खुद ही ट्रस्ट का प्रमुख था। उसके पास और भी अनेक संपत्तियां थीं। खरात के नेताओं, अधिकारियों, सेलिब्रिटी और व्यापारियों से भी गहरे संबंध थे। इस 67 वर्षीय पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी जो कि स्वयं को कैप्टन बताता था उसने ज्योतिष और आध्यात्मिक शक्तियों के नाम पर अनेक महिलाओं को अपने जाल में फंसाया हुआ था। वह स्वयं को रसूखदार व शक्तिशाली ज्योतिषी व आध्यात्मिक गुरु बताता था। यहां तक कि भगवान शिव का अवतार होने का दावा भी किया करता था। यह व्यक्ति संपन्न ऊंचे रसूख वाली उच्च पदों पर आसीन महिलाओं व उच्च पदों पर विराजमान लोगों की पत्नियों को उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक, वैवाहिक या फिर भविष्य व कैरियर संबंधी समस्याओं का समाधान बताने के बहाने से अपने कार्यालय या अपने फार्म हाउस पर बुलाया करता था। इसके बाद वह उन महिलाओं की कुंडली देखता था। फिर किसी महिला को उसके श्पति की मौत का खतरा बताता तो किसी को कोई और परिवा. रिक संकट बता देता। किसी को उसका भविष्य खराब होने की भविष्यवाणी कर देता तो किसी को गंभीर बीमारी का भय बता देता और इसी की आड़ में वह पूजा-पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठान करने की बातें किया करता था। यह स्वयंभू ज्योतिषी अपने कार्यालय या फार्म हाउस के एक प्राइवेट केबिन में शुद्धिकरण या रीतियों के नाम पर अपना शिकार बनाने वाली महिलाओं को किसी पेय के माध्यम से ऐसा नशीला पदार्थ पिलाता जिससे वे बेहोश हो जातीं या फिर सम्मोहित हो जातीं। उसके बाद वह अपने कार्यालय में ही उन महिलाओं का यौन शोषण किया करता था और वहां गुप्त रूप से लगे सी सी टी वी कैमरों से उनकी वीडियो रिकॉर्ड करता। बाद में इसी वीडियो के माध्यम से शिकार की गई महिलाओं को डराता धमकाता। वह यह धमकी भी देता कि यदि उन्होंने किसी से इस श्घटना श का जिक्र किया तो उनके पति की जान जा सकती है और उसका पूरा परिवार बर्बाद हो सकता है। वह उन महिलाओं को वीडियो वायरल करने की धमकी भी देता। और इसी के बहाने वह न केवल इन महिलाओं का बार-बार शारीरिक शोषण करता बल्कि उनसे पैसे भी ऐंठता रहता था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लंका से लेकर मन तक, हर अंधकार पर विजय के प्रतीक





**प्रो. आर.के. जैन**

चैत्र पूर्णिमा की दिव्य चांदनी जैसे ही धरा पर बिखरती है, चारों ओर जय बजरंगबली का गगनभेदी जयघोष गूंज उठता है। मंदिरों की घंटियां, शंखनाद और भक्ति-स्वर यह अनुभूति कराते हैं कि पवनपुत्र का पावन जन्मोत्सव आ पहुंचा है। हनुमान जन्मोत्सव केवल पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और निस्वार्थ समर्पण के उस अमर आदर्श का उत्सव है, जिसने युगों से असंख्य लोगों को हर संकट से जूझने की प्रेरणा दी है। कलियुग के भय, अंधकार और अस्थिरता के बीच हनुमान जी का अवतरण यह विश्वास जगाता है कि सच्ची श्रद्धा, राम-नाम और अडिग साहस से कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। यही कारण है कि इस दिन भक्त उनके चरणों में शीश नवाकर अपने जीवन में शक्ति, निर्भयता और अटूट आस्था का वरदान मांगते हैं।

जब धर्म और शक्ति को नए प्रकाश की आवश्यकता थी, तब चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को माता अंजना और पिता केसरी के घर हनुमान जी का अवतरण हुआ। मान्यता है कि माता अंजना की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने अपने अंश से तेजस्वी पुत्र का वरदान दिया। उसी समय पवन देव ने अपना दिव्य तेज अंजना के गर्भ में स्थापित किया, इसलिए वे पवनपुत्र कहलाए। बाल्यकाल में उनकी अलौकिक शक्ति तब प्रकट हुई, जब उन्होंने सूर्य को लाल फल समझकर निगल लिया। तीनों लोकों में हाहाकार मच गया और इंद्र के वज्र प्रहार से उनका जबड़ा घायल हो गया। तभी से वे हनुमान कहलाए। यह कथा केवल चमत्कार नहीं, बल्कि इस सत्य का प्रमाण है कि तप, ईश्वर-कृपा और समर्पण साधारण जीवन को असाधारण बना देते हैं।

रामायण में हनुमान जी का व्यक्तित्व जितना विराट है, उतना ही प्रेरक भी। जब माता सीता की खोज असंभव लग रही थी, तब उन्होंने समुद्र लांघकर लंका पहुंचने का अद्वितीय साहस दिखाया। अशोक वाटिका में प्रभु राम का संदेश देकर उन्होंने निराशा में आशा जगा दी। रावण की सभा में वे निर्भीक होकर धर्म के पक्ष में खड़े रहे और अत्याचार बढ़ने पर लंका को अग्नि में जला दिया। लक्ष्मण के मूर्छित होने पर वे हिमालय पहुंचे और संजीवनी न पहचान पाने पर पूरा पर्वत उठा लाए। उनके हर पराक्रम में बल के साथ बुद्धि, निष्ठा, साहस और रामभक्ति की अमिट छाप दिखाई देती है। वे सिद्ध करते हैं कि सच्चा भक्त असंभव को भी संभव बना देता है। जहां अपार शक्ति अक्सर अहंकार को जन्म देती है, वहीं हनुमान जी उसका सबसे उज्ज्वल अपवाद हैं। वे केवल बल के प्रतीक नहीं, बल्कि विनम्रता, संयम और सेवा के सर्वोच्च आदर्श भी हैं। लंका दहन जैसे महान पराक्रम के बाद भी उन्हें अपने सामर्थ्य का कभी अभिमान नहीं हुआ। उन्होंने स्वयं को सदैव राम का दास माना। आज का युग सफलता और शक्ति को ही सबसे बड़ा मानता है, पर हनुमान जी सिखाते हैं कि भक्ति, अनुशासन और विनम्रता के बिना हर सामर्थ्य अधूरा है। वे बताते हैं कि अहंकार पतन की ओर ले जाता है, जबकि सेवा और समर्पण मनुष्य को महान बनाते हैं। इसी कारण हनुमान जी केवल देवता नहीं, बल्कि जीवन की ऐसी प्रेरणा हैं, जो युवाओं को साहस, विद्यार्थियों को एकाग्रता और समाज को सच्चे चरित्र का मार्ग दिखाती है। जब जीवन संकट, भय, निराशा और असफलता से घिर जाता है, तब हनुमान जी की भक्ति भीतर नई शक्ति जगा देती है। हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड केवल पाठ नहीं, आत्मबल जगाने वाले दिव्य मंत्र हैं। संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा केवल चौपाई नहीं, करोड़ों भक्तों का अनुभव है। मान्यता है कि इनके पाठ से भय, ग्रह-पीड़ा और नकारात्मकता दूर होती है। हनुमान जी का स्मरण मन को स्थिर, विचारों को सकारात्मक और कठिन समय में आत्मविश्वास से भर देता है। इसी कारण कलियुग में उन्हें शीघ्र कृपा करने वाले और संकट हरने वाले देवता माना गया है। उनके नाम का स्मरण मात्र ही हृदय में साहस और अटूट विश्वास जगा देता है। हनुमान जन्मोत्सव का आगमन होते ही पूरा भारत भक्ति और उल्लास में डूब जाता है। मंदिरों में विशेष पूजा, हवन, सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन की गूंज फैल जाती है। अयोध्या, वाराणसी, दिल्ली और मेहंदीपुर बालाजी मंदिर जैसे तीर्थों में लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़ते हैं। भक्त व्रत रखते हैं, सिंदूर चढ़ाते हैं और लड्डू-बूरा का भोग अर्पित करते हैं। अनेक स्थानों पर भव्य शोभायात्राएं निकलती हैं, जिनमें हनुमान जी की विशाल प्रतिमाएं, गदा और राम-नाम की पताकाएं वातावरण को दिव्य बना देती हैं। युवा जय राम और जय बजरंगबली के जयघोष के साथ उत्साह से शामिल होते हैं। यह पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक आस्था का विराट रूप बन जाता है। आज के अशांत और प्रतिस्पर्धी समय में हनुमान जी की शिक्षाएं पहले से अधिक आवश्यक हो गई हैं। भागदौड़, तनाव और असफलताओं के बीच मनुष्य स्वयं को कमजोर और अकेला महसूस करता है। ऐसे में हनुमान जी धैर्य, साहस और विश्वास का मार्ग दिखाते हैं। वे सिखाते हैं कि कठिनाइयों से डरना नहीं, उनका सामना करना ही सच्चा पराक्रम है। विद्यार्थी उनसे एकाग्रता और परिश्रम सीखते हैं, युवा आत्मविश्वास और नैतिक बल पाते हैं, जबकि समाज उनसे निष्ठा और कर्तव्य का पाठ लेता है। हनुमान जन्मोत्सव के सत्संग और प्रवचन यह समझाते हैं कि जीवन की सबसे बड़ी विजय दूसरों पर नहीं, बल्कि अपने भीतर के भय, क्रोध, लोभ और अहंकार पर होती है। जब मनुष्य अपने भीतर की शक्ति को पहचान लेता है, तभी जीवन का सच्चा अर्थ प्रकट होता है। हनुमान जन्मोत्सव यही संदेश देता है कि वास्तविक बल शरीर में नहीं, आत्मा में होता है। यह पर्व केवल हनुमान जी के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा और धर्म के अमर आदर्श का स्मरण है। मंगल मूरति मारुति नंदन का जाप करते ही मन में राम-प्रेम, साहस और विश्वास जाग उठता है। इस पावन अवसर पर भय, नकारात्मकता और अहंकार को त्यागकर सेवा और समर्पण अपनाएं। संकटमोचन के चरणों में श्रद्धा अर्पित करें, क्योंकि जब तक जय राम की ध्वनि गूंजेगी, तब तक जय बजरंगबली का प्रकाश भी अमर रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



लेबनान। बेरूत में हवाई अड्डे के पास इजरायली हवाई हमले के बाद सड़क पर एक इमारत से धुआं उठता दिखाई दिया।

## बेरूत में आवासीय इमारत पर हुए हमले में पांच लोगों की मौत

बेरूत। बेरूत के जनाह इलाके में एक आवासीय इमारत पर हुए इजरायली हवाई हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और करीब 10 अन्य घायल हो गए है। घटनास्थल पर मौजूद एक बचावकर्मी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि कम से कम पांच लोगों के शव एम्बुलेंस से ले जाए जा चुके हैं। करीब दस घायलों को भी अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें से ज्यादातर को छर्रे लगने से चोटें आई हैं, अभी उनकी चोटों की गंभीरता का अंदाजा लगाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि जिस सड़क पर इजरायली सेना ने तीन बार हमला किया, वहां कम से कम आठ पूरी तरह से जली हुई कारें और टूटी हुई खिड़कियां मिलीं। बेरूत के जनाह जिले में आज हुए सिलसिलेवार हुए तीन हमलों से हड़कंप मच गया।

# ईरान-इजरायल जंग में शामिल हो सकता है यूएई

## होर्मुज को जबरन खोलने में अमेरिका की मदद करेगा, यूएन में सिक्योरिटी फोर्स के लिए प्रस्ताव

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) यूएस-ईरान जंग में सीधे तौर पर शामिल होने की तैयारी कर रहा है। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक प्रस्ताव लाने की कोशिश कर रहा है।

इस प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को जबरन खोलने के लिए सभी तरीकों का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी जा रही है। इसके तहत हार्मुज सिक्योरिटी फोर्स बनाई जाएगी, जो जहाजों की सुरक्षा तय करेगी। होर्मुज एक महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। ईरान ने इसे बंद कर रखा है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। यूएई पहला खाड़ी देश बन सकता है जो इस जंग में सीधे हिस्सा लेगा। हाल में ईरान ने यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमले तेज किए हैं। अब तक करीब 2500 हमले हुए हैं, जिनमें एयरपोर्ट, रिहायशी इमारत और आयल फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा है। यूएई अमेरिका, यूरोप और एशिया से



■ होर्मुज एक महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है, जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है

अपील कर रहा है कि वे गठबंधन बनाकर स्ट्रेट को सुरक्षित करें। ईरान अपनी जान बचाने के लिए लड़ रहा है, इसलिए वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने को तैयार है। यूएई का मानना है कि अगर यूएनैब से प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाए तो वर्तमान में झिझक रहे एशियाई और यूरोपीय देश भी हार्मुज को खुलवाने में मदद करने के लिए आगे आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रूस और चीन इस प्रस्ताव को वीटो (रोक) कर सकते हैं। रिपोर्ट में खाड़ी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भले ही प्रस्ताव पास न हो, यूएई फिर भी सैन्य प्रयासों में समर्थन देने के लिए तैयार है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से यूएई की तेल आपूर्ति, शिपिंग और खाद्य आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह इसे अपनी अर्थव्यवस्था की लाइफलाइन मानता है। यूएई माइंस हटाने, लाजिस्टिक सपोर्ट देने और अमेरिकी नेतृत्व वाले ऑपरेशन में सक्रिय भूमिका निभाने पर विचार कर रहा है। उसके पास जेबेल अली पोर्ट, एयरबेस और आधुनिक फाइटर जेट जैसे संसाधन मौजूद हैं। यूएई ने अमेरिका से यह सुझाव भी दिया है कि वह हार्मुज में स्थित द्वीपों, खासकर अबू मूसा द्वीप पर कब्जा कर ले। ईरान पिछले लगभग पांच दशकों से इस द्वीप पर कब्जा किए हुए है, लेकिन यूएई इसे अपना बताता है। फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पास 3 द्वीप हैं जिन्हें लेकर विवाद है। ये तीनों द्वीप रणनीतिक रूप से बेहद अहम माने जाते हैं। इन्हें लेकर ईरान और यूएई के बीच विवाद है।

## ईरानी नागरिकों के यूएई में प्रवेश पर प्रतिबंध

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अब केवल उन्हीं ईरानी नागरिकों के प्रवेश करने की अनुमति है जिनके पास यूएई गोल्डन वीजा है। एमिरेट्स एयरलाइंस ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि ईरानी नागरिकों के प्रवेश और पारगमन पर प्रतिबंध है। एमिरेट्स और एतिहाद के साथ-साथ कम लागत वाली एयरलाइन फ्लाई दुबई ने भी अपनी वेबसाइटों पर यह घोषणाएं की हैं। फ्लाईदुबई ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध गोल्डन वीजा वाले ईरानी नागरिकों पर लागू नहीं होता है। अपने पासपोर्ट और वीजा अनुभाग में, एयरलाइन ने उल्लेख किया कि नागरिकता पर प्रतिबंध। ईरानी नागरिकों को प्रवेश या पारगमन की अनुमति नहीं है। अपवाद स्वरूप वहीं ईरानी नागरिक प्रवेश और पारगमन कर सकते हैं, जिनके पास गोल्डन वीजा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लास वेगास में एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका में लास वेगास के उत्तर में एक एफ-35 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। अमरीकी वायु सेना की एक प्रवक्ता ने रिया नवोस्ती को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि मंगलवार को नेलिस एएफबी का एक एफ-35 विमान लास वेगास के उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना नेवादा के इंडियन स्प्रिंग्स से लगभग 25 मील उत्तर-पूर्व में, नेवादा टेस्ट एंड ट्रेनिग रेंज के नियंत्रित हवाई क्षेत्र और प्रतिबंधित संघीय संपत्ति के भीतर हुई।

### रूसी वायु रक्षा ने मार्च में 11211 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणाली ने मार्च में अपने क्षेत्र के ऊपर कम से कम 11211 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूस के रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों पर आधारित गणनाओं के अनुसार दी गई है। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा ड्रोन दो और नौ मार्च को मार गिराए गए जिनमें क्रमशः 679 और 754 यूनिट है। हमलों का सबसे बड़ा हिस्सा रूस के यूरोपीय हिस्से को निशाना बना रहा था। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने फरवरी में कम से कम 5989 यूक्रेनी ड्रोन को रोका था।

### रूस में विमान दुर्घटना में चालक दल समेत 29 की मौत

**मॉस्को।** रूस के एएन-26 विमान दुर्घटना में चालक दल के छह सदस्यों और 23 यात्रियों की मौत हो गई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया था कि सैन्य परिवहन विमान एएन-26 क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था, जब उससे संपर्क टूट गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि खोज और बचाव दल ने एएन-26 के दुर्घटनाग्रस्त होने के स्थान का पता लगा लिया है। घटनास्थल से मिली रिपोर्टों के अनुसार, चालक दल के छह सदस्यों और सवार 23 यात्रियों की मृत्यु हो गई है।

# अराघची ने किया यूएस से बातचीत से इन्कार

## ईरानी विदेश मंत्री ने कहाः तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भरोसे का स्तर शून्य है। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में अराघची ने साफ किया कि तेहरान को अमेरिकी कामों में कोई ईमानदारी नजर नहीं आती।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है। अराघची ने बताया कि पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं। उन्होंने याद दिलाया कि वर्षों पहले एक समझौता हुआ था, लेकिन अमेरिका बिना किसी ठोस वजह के उससे पीछे हट गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले साल और इस साल भी अमेरिका के साथ बातचीत हुई, लेकिन उसका नतीजा केवल अमेरिकी हमले के रूप में सामने आया। मौजूदा तनाव के बीच विदेश मंत्री ने सैन्य तैयारियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि ईरानी सेना किसी भी संभावित अमेरिकी जमीनी हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जमीनी हमला करना उसकी एक बड़ी गलती होगी। अराघची ने कहा कि हम उनका इंतजार कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि वे ऐसी हिम्मत करेंगे। वहां उनका सामना करने के लिए बहुत बड़ी ताकत तैयार बैठी है। ईरानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि अमेरिकी सेना को पहले ही काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के रडार, विमान और ईंधन ले जाने वाले टैंकरों को नुकसान पहुंचा है। अराघची के अनुसार, ईरान अपनी रक्षा करना अच्छी तरह जानता है। जमीनी जंग में वह और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान ने युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन उसने पूरी ताकत से अपना बचाव किया है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलमार्ग के बारे में उन्होंने स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि यह रास्ता फिलहाल केवल उन लोगों के लिए बंद है जो ईरान के साथ युद्ध कर रहे हैं। अराघची ने तर्क दिया कि यह जलमार्ग ईरान और ओमान की समुद्री सीमा में आता है। इसलिए इसका प्रबंधन करना इन दोनों देशों के लिए सामान्य बात है। उन्होंने कहा युद्ध के समय यह सामान्य है कि दुश्मन को व्यापार के लिए अपने समुद्री रास्तों का इस्तेमाल न करने दिया जाए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मित्र देशों के जहाजों को सुरक्षित रास्ता मिल रहा है। कुछ अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने सुरक्षा और ऊंचे बीमा की वजह से इस रास्ते से दूरी बनाई है, लेकिन तेहरान अपने दोस्तों का ख्याल रख रहा है। अराघची ने दोहराया कि युद्ध के बाद इस जलमार्ग की स्थिति क्या होगी, इसका फैसला ईरान और ओमान ही करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में यह फिर से शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए एक सुरक्षित रास्ता बन सकता है। फिलहाल, ईरान को अमेरिका पर भरोसा करने या भविष्य की बातचीत से किसी अच्छे नतीजे की कोई उम्मीद नहीं है।



■ अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत का अनुभव कभी अच्छा नहीं रहा है
■ पुराने समझौतों की नाकामी और हालिया दुश्मनी की वजह से कूटनीतिक रास्ते बंद हैं

### हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार जमशेद इशाकी की मौत

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मेजर जनरल जमशिद इशाकी अमेरिका-इजरायल हमले में मारे गए है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर अहमद वाहिदी ने मंगलवार को आईआरईबी ब्रॉडकास्टर द्वारा प्रकाशित एक बयान में कहा कि जमशेद इशाकी एक आपराधिक अमेरिकी-इजरायली हमले के परिणामस्वरूप अपने परिवार के कई सदस्यों के साथ मारे गए। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए थे। अमेरिका और इजरायल ने शुरू में दावा किया था कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए उनका हमला आवश्यक था लेकिन जल्द ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं।

### अर्जेंटीना ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय सरकार ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। बयान में यह याद दिलाया गया कि देश ने 1990 के दशक में दो आतंकवादी हमलों का सामना किया था। पहला हमला इजरायली दूतावास पर और दूसरा ब्यूनस आयर्स में एक यहूदी सांस्कृतिक केंद्र पर हुआ था। इन हमलों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे और सैकड़ों अन्य घायल हुए थे।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान ने फिर शुरू की बातचीत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने एक बार फिर वार्ता शुरू की है। चीन दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर रहा है और संघर्षविराम कराने की कोशिश में जुटा है। एक महीने से जारी संघर्ष को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चीन की मध्यस्थता की जानकारी रखने वाले एक तीसरे व्यक्ति ने बताया कि इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य मौजूदा संघर्ष को खत्म करना है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों देशों के प्रतिनिधि उत्तरी चीन के उरुमकी शहर में बैठक कर रहे हैं।

अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि उन्हें मीडिया से बातचीत की अनुमति नहीं दी। हालांकि, चीन की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस घटनाक्रम की नतो पुष्टि की है और न ही इससे इन्कार किया है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान में हमलों की संख्या में भारी इजाफा हुआ। इसके कारण दोनों देशों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान आतंकियों को पनाह देता है, खासकर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को। यह संगठन अफगान तालिबान से जुड़ा माना जाता है, जिसने 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता संभाली थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान इन आरोपों से इन्कार करता है। कई महीनों से दोनों देशों के बीच जारी गहमागहमी के बाद फरवरी से दोनों देशों के बीच लड़ाई तेज हुई है, जो दशकों में सबसे गंभीर मानी जा रही है। इस दौरान दोनों देशों की ओर से कई बार सीमा पार हमले और हवाई हमले हुए हैं। अफगानिस्तान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने काबुल में हवाई हमले किए, जिसमें सैकड़ों आम लोग मारे गए। हालांकि, पाकिस्तान ने इस दावे को खारिज किया। दूसरी ओर, पिछले महीने पाकिस्तान ने इसे 'खुला युद्ध' जैसा बताया। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है, क्योंकि इस क्षेत्र में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे आतंकी संगठन सक्रिय हैं। हाल ही में सऊदी अरब, तुर्की और कतर की मध्यस्थता से ईद-उल-फितर से पहले एक अस्थायी युद्ध विराम हुआ था। लेकिन वह टूट गया। फिर से लड़ाई शुरू हुई।

■ दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की कोशिशों में जुटा चीन

## यूरोप के दस देशों ने लेबनान में संघर्ष रोकने का आह्वान किया

**लंदन।** दस देशों के विदेश मंत्रियों के साथ-साथ यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने लेबनान में युद्धविराम का आह्वान किया और देश की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति समर्थन व्यक्त किया। एक संयुक्त बयान में यह आह्वान किया गया, जिस पर बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, फ्रांस, ग्रीस, इटली, माल्टा, नीदरलैंड, पुर्तगाल और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी इस बयान में कहा गया कि हम सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और शत्रुता की समाप्ति के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 (2006) पर लौटने का आह्वान करते हैं। हम इजरायल से लेबनानी क्षेत्र पर जमीनी अभियान सहित संघर्ष के और अधिक विस्तार से बचने का आह्वान करते हैं। हम दृढ़ता से पुष्टि करते हैं कि लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए। इन दस देशों ने संघर्ष के कारण 10 लाख से अधिक लोगों के जबरन विस्थापन पर भी चिंता व्यक्त की और नागरिकों, मानवीय कर्मियों, शांति सैनिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा का आह्वान किया। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव दो मार्च को शुरू हुआ, जब क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हिजबुल्लाह ने इजरायली क्षेत्र पर रॉकेट हमले फिर से शुरू कर दिए थे।

## अमेरिका के ह्यूस्टन में धूमधान से मनाया गया बिहार दिवस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन स्थित इंडिया हाउस में बिहार दिवस 2026 का आयोजन किया गया। भारतीय वाणिज्य दूतावास की महत्वपूर्ण भागीदारी में बिहार के लोगों ने स्थापना दिवस में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और इसे धूमधाम से मनाया। बिहार फाउंडेशन (टेक्सास चैप्टर), बीएएनए, बीएएएनए और एएमबीयूजे की ओर से आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य आपसी जुड़ाव, बिहार की पहचान को बढ़ावा देना और नए अवसरों को प्रोत्साहित करना था।

# बगदाद में बीच सड़क से अमेरिकी पत्रकार का अपहरण

## जबरन गाड़ी में खींचकर ले गए अज्ञात हमलावर, अमेरिकी दूतावास ने इराक न जाने की दी थी सलाह

**बगदाद।** अमेरिका की फ्रीलांस पत्रकार शैली किटल्सन का इराक की राजधानी बगदाद में अपहरण कर लिया गया। अज्ञात हमलावरों ने शैली को अल-सादून स्ट्रीट पर स्थित बगदाद होटल के पास से अगवा किया। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें अपराधी, पत्रकार को जबरन गाड़ी में खींचकर ले जाते नजर आ रहे हैं। इराक के गृह मंत्रालय ने भी घटना की पुष्टि की है, हालांकि उसने पत्रकार की पहचान सार्वजनिक नहीं की। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि एक विदेशी पत्रकार का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया, जिसके बाद सुरक्षा बलों को तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा गया। कुछ समय से वह न्यूज वेबसाइट अल-मानिटर के लिए रिपोर्टिंग कर रही थी। इसी वेबसाइट के मुताबिक अमेरिकी सरकार ने पत्रकार को सुरक्षा वजहों से इराक की यात्रा न करने की सलाह भी दी थी। शैली किटल्सन युद्ध क्षेत्रों में रिपोर्टिंग के लिए जानी जाती हैं और उन्हें 2017 में प्रेमियो कारावेला अवार्ड मिल चुका है। वह मुख्य रूप से मिडिल ईस्ट, खासकर इराक और सीरिया से जुड़ी रिपोर्टिंग करती रही हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर अपहरणकर्ताओं का पीछा किया। इस दौरान अपहरण में इस्तेमाल हो रही एक गाड़ी पलट गई, जिससे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और कुछ वाहन भी जब्त किए गए। हालांकि पत्रकार को ले जा रही दूसरी गाड़ी मौके से फरार हो गई और वह बगदाद के दक्षिण की ओर निकल गई। दो इराकी सुरक्षा अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि अपहरण की शिकार पत्रकार एक अमेरिकी महिला हैं। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हथियारबंद लोग उनकी गाड़ी रोककर उन्हें जबरन बाहर निकालते दिख रहे हैं। सउदी अरब के चौनल अल-अरबिया ने इस कथित अपहरण का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फलहाल यह साफ नहीं है कि यह घटना मिडिल ईस्ट में चल रही जंग से जुड़ी है या नहीं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों द्वारा पहले भी विदेशी नागरिकों और अमेरिकी हितों को निशाना बनाया जाता रहा है।



# पश्चिम एशिया की स्थिति पर सरकार की नजर

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया क्षेत्र की बदलती स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है और देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं तथा लोगों को घबराहट में खरीदारी से बचना चाहिए।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग तथा विदेश मंत्रालयों के अधिकारियों ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर ईंधन की उपलब्धता, समुद्री संचालन, क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को प्रदान की जा रही सहायता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे उपायों पर जानकारी साझा की।

■ ईंधन सहित बीज और उर्वरक की देश में पर्याप्त मात्रा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस संदर्भ में मीडिया को जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ 2026 के लिए देश में पर्याप्त बीज उपलब्ध हैं और किसी भी चरण में कृषि इनपुट और रसायनों की कोई कमी नहीं। उन्होंने कहा कि इन चीजों की उपलब्धता को और बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि जिंसों की कीमतें स्थिर हैं और उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है सरकार ने वैश्विक विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम किया है।







